CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

बरेली, सोमवार 29 दिसम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 30 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 8 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



धर्मांतरण रैकेट नेस्तनाबूद करने को एआई का इस्तेमाल हो: योगी पेज 2



दो दिन में मैच खत्म हो जाने पर क्रिकेट जगत सदमे में खेल टाइम्स



यही है विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां सम्पादकीय



इजरायल के खिलाफ एकजुट हुए 21 मुस्लिम देश पेज 12



नई दिल्ली: ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन और ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव विमेंस एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने कुलदीप सेंगर की जमानत के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया।

# ऑपरेशन सिंदूर देश के गर्व का प्रतीक बना: पीएम

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में 2025 की उपलब्धियां गिनाईं

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहा: अब हम नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने को तैयार
- 2025 भारत के लिए गर्व भरे मील के पत्थरों का साल था



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 129वें एपिसोड 2025 में देश की उपलब्धियों पर चर्चा की। 2025 के आखिरी एपिसोड में नए साल 2026 की चुनौतियों, संभावनाओं, डेवलपमेंट पर भी चर्चा की। पीएम ने कहा कि 2025 भारत के लिए गर्व भरे मील के पत्थरों का साल था। चाहे राष्ट्रीय सुरक्षा हो, खेल हो, वैज्ञानिक इनोवेशन हो या दुनिया के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म हों, भारत का असर हर जगह दिखाई दे रहा था।

इस साल ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया। दुनिया ने साफ देखा आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। इसके अलावा पीएम मोदी ने खेल, वंदेमातरम, अंतरिक्ष, महाकुंभ, राम मंदिर और 77वें गणतंत्र दिवस पर अपनी बात रखी। इससे पहले 30 नवम्बर को मन की बात का 128वां एपिसोड टेलीकास्ट किया गया था। पीएम ने इसमें भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम का जिक्र किया था। पीएम ने कहा आईसीएमआर ने हाल ही में रिपोर्ट में बताया कि निमोनिया और यूटीआई जैसी बीमारियों में दवाई कमजोर साबित हो रही हैं। इसकी वजह बिना सोचे दवा का सेवन हैं। आज कल लोग एंटी बायोटिक दवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। लोग सोचते हैं कि एक गोली ले लो बीमारी दूर हो जाएगी। मैं अपील करता हूं कि अपने मन से दवाओं का सेवन करने से बचें। इनका इस्तेमाल डाक्टर की सलाह से ही करें। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के बारामूला में जो ऊंचे-ऊंचे टीले हैं वे प्राकृतिक नहीं इंसानों के बनाए हुए हैं। ये आर्कियोलॉजिस्ट के अध्ययन में पता चला है। उन्होंने कहा कि फ्रांस के म्यूजियम में एक पुराना, धुंधला सा चित्र मिला। जिसमें बारामूला के उस चित्र में तीन बौद्ध स्तूप नजर आ रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमालय तक सड़क, सुरंगें और एयरस्ट्रिप बना रहा भारत: अमेरिकी मीडिया

**बीजिंग/ नई दिल्ली।** भारत हिमालयी इलाके में चीन से होने वाली किसी भी संभावित झड़प से निपटने के लिए सड़कें, सुरंगें और हवाई पट्टियां बनाने पर करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 में चीन के साथ गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद इस कदम की शुरुआत हुई थी। उस झड़प ने 2200 मील लंबी बॉर्डर पर भारत की सामान पहुंचाने की व्यवस्था (लॉजिस्टिक्स) की बड़ी कमियों को उजागर किया था।

### मणिकम टैगोर ने अलकायदा से की आरएसएस की तुलना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की तरफ से पीएम नरेंद्र की तस्वीर साझा करना और आरएसएस संगठन की तारीफ को लेकर देशभर में चर्चा तेज है। ऐसे में जब कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने आरएसएस पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया और संघ की तुलना अलकायदा से की, तब भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने उनके बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब वोट बैंक की राजनीति में इतनी उलझ गई है कि वह देशभक्ति और राष्ट्रीय संस्थाओं का अपमान कर रही है। पूनावाला ने आगे कहा कि कांग्रेस ने पहले हिंदू, सनातन धर्म, सेना और भारत का अपमान किया।

### हुमायूं कबीर का बेटा मारपीट के आरोप में गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद।** टीएमसी से निकाले गए विधायक नेता हुमायूं कबीर के बेटे को मुर्शिदाबाद पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। गोलाम नबी आजाद (रॉबिन) पर पिता हुमायूं कबीर के निजी सुरक्षा अधिकारी (पीसीओ) कांस्टेबल जुम्मा खान से मारपीट का आरोप है। रविवार को जुम्मा खान ने मुर्शिदाबाद के शक्तिनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि घर जाने के लिए छुट्टी मांगने पर गोलाम नबी ने उनके साथ मारपीट की। घटना हुमायूं कबीर कार्यालय में ग्राउंड फ्लोर पर हुई। घटना के वक्त कई सारे लोग मौजूद थे। वहीं, बेटे की गिरफ्तारी पर हुमायूं कबीर ने कहा कि टीएमसी के इशारे पर हमें निशाना बनाया जा रहा है।

## शीतलहर ने लोगों को घरों में कैद रहने को किया मजबूर

# समूचा उत्तर भारत कोहरे की चपेट में

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अधिकांश राज्यों में शीतलहर और कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी
- कश्मीर में पारा 0 डिग्री, राजस्थान के सीकर में 2.1 डिग्री, अमृतसर-जालंधर में विजिबिलिटी जीरो
- 13 फ्लाइट रद्द, डीजीसीए ने 10 फरवरी तक को फॉग विंडो किया घोषित

**नई दिल्ली।** समूचा उत्तर भारत इस समय कोहरे की चपेट में है। शीतलहर ने लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर दिया है। दिल्ली से बिहार तक कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में इस समय घना कोहरा छाया हुआ है, जिस कारण विजिबिलिटी काफी कम हो गई है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि अगले दो दिनों तक भी यही स्थिति देखने को मिलेगी।

विभाग का कहना है कि उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में शीतलहर और कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी यूपी और राजस्थान में 30 दिसम्बर तक शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। विभाग का कहना है कि एक जनवरी के बाद कोहरे से राहत मिलने की संभावना है। रविवार को राजस्थान के सीकर जिले के फतेहपुर में तापमान 2.1 डिग्री, करौली में 2.4 डिग्री, सीकर में 3.5 डिग्री, पाली में 3.6 डिग्री और दौसा में 3.9 डिग्री दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हिसार में तापमान 2.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पंजाब के फरीदकोट में तापमान 3.4 डिग्री, पटियाला में 4.6 डिग्री और अमृतसर- लुधियाना में 4.4 डिग्री पारा रिकॉर्ड किया गया। उत्तराखंड के 6 जिलों में रविवार को कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, देहरादून और पौड़ी के निचले इलाके शामिल हैं। हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में सुबह से ही कोहरा छाया हुआ है। ऊंचाई वाले जिलों इलाकों में नए साल पर बर्फबारी की संभावना है। दरअसल, उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जेट स्ट्रीम का असर है। ये जमीन से 12. 6 किलोमीटर की ऊंचाई पर चलने वाली हवाएं हैं। इस बार इनकी रफ्तार 262 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच गई है। मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश में अगले 5 दिन तक तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। 23 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट है, इसका असर ट्रेनों और फ्लाइट्स पर नजर आ रहा है। रविवार को 13 फ्लाइट रद्द की गई हैं। डीजीसीए ने 10 दिसम्बर से 10 फरवरी तक को फॉग विंडो घोषित किया है। इस दौरान कम दृश्यता के कारण उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है। आसमान में ठंडी और गर्म हवा की नदी जैसी बहने वाली हवाएं ही जेट स्ट्रीम हैं। जेट स्ट्रीम आमतौर पर उत्तर (ध्रुवीय इलाकों) की ठंडी हवा और दक्षिण (गरम इलाकों) की गर्म हवा के बीच चलती हैं। जब जेट स्ट्रीम झुक जाती है या फिर नीचे की ओर आ जाती है, तो यह उत्तर की बहुत ठंडी हवा को भारत तक खींच लाती है। नतीजा, अचानक ठंड बढ़ जाती है। अगर जेट स्ट्रीम की रफ्तार कम हो जाए या एक जगह रुक जाए, तो ठंडी हवा वहीं फंस जाती है। इससे कई दिन तक ठंड बनी रहती और शीतलहर का असर बढ़ जाता है।

# अरावली हिल्स खनन मामला: सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**तीन जजों की बेंच करेगी आज सुनवाई, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में माना जा रहा सकारात्मक कदम**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अरावली हिल्स में खनन से संबंधित मामले पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच ने इस मामले पर स्वत: संज्ञान लिया है। यह सुनवाई नवम्बर 2025 के उस फैसले के बाद हो रही है, जिसमें कोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय की समिति की सिफारिश पर अरावली हिल्स की नई परिभाषा स्वीकार की थी, जिसमें स्थानीय स्तर से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली भूमि को ही अरावली हिल माना जाएगा। साथ ही, पूर्व वन संरक्षण अधिकारी आरपी बलवान की याचिका भी इस मामले से जुड़ी है, जिसमें उन्होंने इस परिभाषा को चुनौती दी है। यह कदम पर्यावरणीय चिंताओं और राजस्थान सहित कई राज्यों में हो रहे प्रदर्शनों के बीच उठाया गया है। विवाद की जड़ अरावली पर्वतमाला की परिभाषा में है, जो दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैली हुई है। यह दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है, जो थार मरुस्थल के फैलाव को रोकती है, भूजल रिचार्ज करती है और जैव विविधता को बनाए रखती है। लंबे समय से यहां अवैध खनन और पर्यावरण क्षति की समस्या रही है। नवम्बर 20, 2025 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की बेंच ने केंद्र की समिति की रिपोर्ट स्वीकार करते हुए कहा कि 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियां अरावली का हिस्सा नहीं मानी जाएंगी। पर्यावरणविदों का मानना है कि इससे 90 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र संरक्षण से बाहर हो सकता है और खनन बढ़ सकता है।

# कड़ाके की ठंड में भी सेना एक्शन में

- जम्मू-कश्मीर: बर्फीले और दुर्गम पहाड़ों में गश्त बढ़ाई
- 30-35 पाक आतंकियों की तलाश, अभियान और तेज किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कड़ाके की ठंड और 40 दिन की चिल्लई कलां के बावजूद सुरक्षाबलों ने किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकियों के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक बर्फ से ढके ऊंचे और दुर्गम पहाड़ी इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है। खुफिया आकलन के अनुसार जम्मू क्षेत्र में 30 से 35 पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं। लगातार सर्चिंग और स्थानीय समर्थन कमजोर पड़ने के कारण ये आतंकी आबादी से दूर मध्य और ऊपरी पहाड़ी इलाकों में छिपने की कोशिश कर रहे हैं। सेना ने अस्थायी बेस, निगरानी पोस्ट और गश्ती ग्रिड बनाकर ऊंची पहाड़ियों, जंगलों और घाटियों में नियमित पेट्रोलिंग शुरू की है। पहले सर्दियों में आतंकी गतिविधियों में कमी आती थी, लेकिन अब सेना ने प्रो. एक्टिव विंटर स्ट्रैटजी अपनाई है। ये अभियान जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, एसओजी, सिविल प्रशासन, वन विभाग और ग्राम रक्षा दल (वीडीजी) के साथ तालमेल में चल रहा है। आतंकियों की निगरानी के लिए ड्रोन, थर्मल इमेजर, ग्राउंड सेंसर और रडार का इस्तेमाल किया जा रहा है। स्पेशल विंटर वॉरफेयर यूनिट्स भी तैनात की गई हैं। सुरक्षा बलों का लक्ष्य आतंकियों को खत्म करना और उन्हें दूर-दराज, मुश्किल पहाड़ी इलाकों में भी नहीं छिपने देना है।



नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद सोनिया गांधी इंदिरा भवन में पार्टी के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह के दौरान उपस्थित रहे।

### भारत में नहीं घुसे उस्मान हादी के हत्यारे: बीएसएफ

**शिलॉन्ग।** मेघालय की सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार को बांग्लादेश पुलिस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने शरीफ उस्मान हादी के हत्यारे के भारत में घुसने का दावा किया था। मेघालय में बीएसएफ प्रमुख इंस्पेक्टर जनरल ओपी उपाध्याय ने कहा कि ये दावे निराधार और गुमराह करने वाले हैं। बता दें कि ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक अधिकारी ने दावा किया था कि हादी हत्याकांड के दो मुख्य संदिग्ध स्थानीय साथियों की मदद से हलुआघाट सीमा के रास्ते मेघालय में घुस गए हैं। इंस्पेक्टर जनरल ओपी उपाध्याय ने कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे पता चले कि कोई व्यक्ति हलुआघाट सेक्टर से अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करके मेघालय में आया है। बीएसएफ ने न तो ऐसी कोई घटना देखी है और न ही ऐसी कोई रिपोर्ट मिली है। जो दावे किए जा रहे हैं, वे निराधार और गुमराह करने वाले हैं। मेघालय की सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार को बांग्लादेश पुलिस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने शरीफ उस्मान हादी के हत्यारे के भारत में घुसने का दावा किया था।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर में यात्रा की

कारवाड़, वार्ता



- आईएनएस में यात्रा करने वाली दूसरी प्रेसिडेंट, डा. एपीजे अब्दुल कलाम पहले राष्ट्रपति थे, उन्होंने सबमरीन में की थी यात्रा
- राष्ट्रपति नौसेना की वर्दी पहनकर पहुंचीं थीं पनडुब्बी में

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने रविवार को कर्नाटक के कारवाड़ नेवल बेस पर पनडुब्बी (सबमरीन) में यात्रा की। कलवरी क्लास की सबमरीन आईएन में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी राष्ट्रपति के साथ थे।

राष्ट्रपति मुर्मू की कलवरी क्लास सबमरीन में यह पहली और किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। डा. एपीजे अब्दुल कलाम पहले राष्ट्रपति थे, जिन्होंने सबमरीन में यात्रा की थी। कलाम ने फरवरी 2006 में पनडुब्बी यात्रा की थी। राष्ट्रपति नौसेना की वर्दी पहनकर पनडुब्बी में पहुंचीं। पी. 75 स्कॉर्पीन प्रोजेक्ट की छठी और अंतिम पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर को जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था। द्रौपदी मुर्मू भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति भी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने 29 अक्टूबर को अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से राफेल में उड़ान भरी थी। उनके विमान की पायलट स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह थीं। उससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने 7 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन से सुखोई 30 एमकेआई फाइटर जेट में उड़ान भरी थी। मुर्मू सुखोई में उड़ान भरने वाली देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। उनसे पहले पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा सिंह पाटिल ने भी सुखोई में उड़ान भरी थी। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम सबमरीन में यात्रा करने वाले पहले भारतीय राष्ट्राध्यक्ष बने। डा. कलाम 13 फरवरी 2006 को ईस्टर्न नेवल कमांड के तहत विशाखापट्टनम में सबमरीन में कुछ घंटों के लिए बंगाल की खाड़ी में रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल ने गुजरात के थोल पक्षी अभयारण्य का किया भ्रमण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुजरात के अहमदाबाद जिले के मेहसाणा स्थित थोल पक्षी अभयारण्य का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अभयारण्य क्षेत्र में पक्षी अवलोकन किया और वहां मौजूद प्रवासी एवं स्थानीय पक्षियों की समृद्ध जैव विविधता को नजदीक से देखा। रविवार को भ्रमण के दौरान स्थानीय पक्षीविज्ञानी द्वारा राज्यपाल को विभिन्न पक्षी प्रजातियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने साइबेरिया, रूस, मंगोलिया, कजाकिस्तान और चीन से आने वाले दुर्लभ प्रवासी पक्षियों-बार-हेडेड गीज, ग्रेलेग गीज, डालमेटियन पेलिकन, कॉमन क्रेन, ब्राह्मणी डक तथा रफ एंड रीव-को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

### इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर परीक्षण संहिता जारी किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 2025 समारोह में 'इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर परीक्षण संहिता' जारी किया। बीआईएस द्वारा विकसित यह भारतीय मानक इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर के परीक्षण के लिए एक व्यापक ढांचा तैयार करता है, जिसका लक्ष्य समान और मानक. ीकृत प्रक्रियाओं के माध्यम से उनकी सुरक्षा, विश्वसनीयता और प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने कहा कि यह नई परीक्षण संहिता ऐसे समय में मूल्यांकन में निरंतरता लाने में मदद करेगी, जब इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर भारत के कृषि मशीनीकरण परिदृश्य का एक प्रमुख घटक बनकर उभर रहे हैं। आईएस 19262:2025 इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर के लिए सामान्य शब्दावली, सामान्य दिशा-निर्देश और विस्तृत परीक्षण प्रक्रियाओं को परिभाषित करता है।

# कांग्रेस के खत्म होने का उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने कहा कि कांग्रेस की सोच जोड़ती है और भाजपा की तोड़ती है

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कांग्रेस का आधार जोड़ने वाली विचारधारा है और जो इसके खत्म होने का सपना देखते हैं उनकी मुराद कभी पूरी नहीं होगी और उन्हें समझ लेना चाहिए कि कांग्रेस की सोच जोड़ती है और भाजपा की तोड़ती है।

खड़गे ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज स्थापना दिवस पर एक बात साफ कहना चाहता हूं, जो कहते हैं 'कांग्रेस खत्म हो गई है' मैं उन्हें बताना चाहता हूं, हमारे पास सत्ता कम हो सकती है, लेकिन हमारी रीढ़ अभी भी सीधी है। हमने समझौता नहीं किया, न संविधान से, न धर्मनिरपेक्षता से और न गरीब के हक से। हम सत्ता में न हों, लेकिन सौदेबाजी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगा और न कभी मंदिर मस्जिद से नफरत फैलाई।कांग्रेस जोड़ती है जबकि भाजपा तोड़ती है। कांग्रेस ने धर्म को आस्था ही रखा पर कुछ लोगों ने धर्म को राजनीति बना दिया। आज भजपा के पास सत्ता है, लेकिन उनके पास सच्चाई नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा तोड़ने का काम करती है और इसीलिए कभी आंकड़े छुपाए जाते हैं, कभी जनगणना रोकी जाती है, कभी संविधान बदलने की बातें होती हैं और जो लोग आज इतिहास पर भाषण दे रहे हैं, उनके पूर्वज इतिहास से भाग रहे थे। कांग्रेस विचारधारा है और विचारधाराएं कभी मरती नहीं हैं। खड़गे ने एक और पोस्ट में कहा कि 2025 महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी था, संविधान को स्वीकार किए जाने का 75 वर्ष था, वंदे मातरम की 150वीं जयंती है, जबकि 2026 का वर्ष दादाभाई नौरोजी की 200वीं जयंती, सरोजिनी नायडू के कांग्रेस अध्यक्ष बनने का शताब्दी वर्ष, 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' गीत की भी शताब्दी है। यह गीत दिसम्बर 1925 में कानपुर कांग्रेस अधिवेशन में पहली बार गाया गया था।

## अरावली मामले पर कांग्रेस ने पूछा सवाल, नई परिभाषा को बताया विनाशकारी



**नई दिल्ली।** अरावली पर्वतमाला को पुन: परिभाषित किए जाने को लेकर जारी विवाद के बीच कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से रविवार को सवाल पूछे और दावा किया कि इस कदम से अरावली सहित कई छोटी पहाड़ियां और अन्य भू आकृतियां नष्ट हो जाएंगी। यादव को रविवार को लिखे पत्र में रमेश ने कहा कि अरावली पहाड़ियों की पुन: परिभाषा को लेकर व्यापक चिंताएं होना स्वाभाविक है, क्योंकि इसके तहत इन्हें 100 मीटर या उससे अधिक की ऊंचाई वाले भू-आकृतियों तक सीमित कर दिया गया है। रमेश ने कहा क्या यह सच नहीं है कि इस नई परिभाषा से कई छोटी पहाड़ियां और अन्य भू-आकृतियां नष्ट हो जाएंगी और चार राज्यों में फैली पूरी अरावली पहाड़ियों एवं पर्वतमालाओं का भौगोलिक और पारिस्थितिक स्वरूप समाप्त हो जाएगा।

# संविधान संवाद से जनता को जागरूक करेगी कांग्रेस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ संविधान संवाद कार्यक्रम के तहत जनपदों में 30 रैलियां आयोजित होंगी: पाण्डेय

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान पर बढ़ते खतरे के खिलाफ कांग्रेस प्रदेशभर में व्यापक जनजागरण अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि अगले 100 दिनों में 'संविधान संवाद' कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश के प्रमुख जनपदों में 30 रैलियां आयोजित कर जनता को जागरूक किया जाएगा।

रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, नेहरू भवन में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अविनाश पाण्डेय ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बदहाली से आमजन त्रस्त है, जबकि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजा. ेर कर रही है। उन्होंने मनरेगा में किए जा रहे बदलावों को ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों पर सीधा प्रहार बताया। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीणों का अधिकार है, जिसकी आत्मा ग्राम सभा है। कामों के चयन, प्राथमिकता और निगरानी जैसे अधिकारों को केंद्रीय पोर्टल व मंत्रालयों के अधीन कर देने से ग्राम सभा औपचारिक संस्था बनकर रह गई है।

# मतदाता सूची के आंकड़ों पर अखिलेश ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: दो करोड़ 89 हजार का अलग आंकड़ा सामने आना जनता को भ्रमित करता है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सामने आए आंकड़ों ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता संख्या में आए उतार-चढ़ाव पर गंभीर सवाल उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से यह दावा किया गया था कि एसआईआर प्रक्रिया में प्रदेश में लगभग 4 करोड़ वोटर कम हुए हैं, लेकिन बाद में दो करोड़ 89 हजार का अलग आंकड़ा सामने आना जनता को भ्रमित करता है। यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए सवाल किया कि अगर वास्तव में चार करोड़ वोटरों की संख्या घटी थी, तो फिर कुछ ही समय में आंकड़े कैसे बदल गए। महज दो हफ्तों के भीतर एक करोड़ 11 लाख वोटरों की संख्या का अचानक बढ़ जाना स्वाभाविक नहीं लगता। यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि ये वोट वास्तव में जुड़े हैं या फिर कागजी तौर पर जोड़े गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इतने बड़े पैमाने पर नए मतदाता पंजीकरण हुए हैं, तो इसका असर जमीनी स्तर पर क्यों नहीं दिखा। न कहीं लंबी कतारें दिखीं और न ही किसी व्यापक अभियान की जानकारी सामने आई। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इतने बड़े पंजीकरण से जुड़े कोई सीसीटीवी फुटेज या आधिकारिक रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएंगे।

## वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन 2025 के समापन सत्र में बोल सीएम योगी

# धर्मांतरण रैकेट खत्म करने को एआई का इस्तेमाल हो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार और साइबर अपराध पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री का पुलिस अफसरों को निर्देश

**लखनऊ।** सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार और साइबर अपराध जैसी गतिविधियों पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पुलिस को ऐसे अपराधों पर नकेल कसने और विदेशी फंड से प्रायोजित धर्मांतरण के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आटिफिशयल इंटेलीजेंस (एआई) का भी इस्तेमाल करने के निर्देश दिए।

'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन 2025 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विशेष रूप से सोशल मीडिया और साइबर क्राइम पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द प्रभावित करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने को कहा। उन्होंने पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल की ओर से प्रदेश में बढ़ने वाली आतंकी गतिविधियों और नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए सीमा सुरक्षा एवं आतंकवाद निरोधक तंत्र को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही गो-तस्करी और धर्मांतरण के लिए चलाए जा रहे संगठित गिरोह पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार, डीपफेक, डार्कवेब, साइबर अपराध एवं आतंकी नेटवर्क जैसी चुनौतियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस एवं इंटेलिजेंस तंत्र को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले किसी भी आपत्तिजनक कंटेंट पर तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जाति या धर्म के नाम पर समाज को विभाजित करने, पुलिस पर दबाव बनाने अथवा अराजकता फैलाने वाले तत्वों के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। ऐसे पोस्ट, फेक अकाउंट एवं संगठित दुष्प्रचार अभियानों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व महापुरुषों के नाम का दुरुपयोग कर नए-नए संगठन बनाकर अरा. जकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस को ऐसे संगठनों की पृष्ठभूमि की गहन जांच कर उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा कानून के दायरे में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने धार्मिक कन्वर्जन को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि बलरामपुर जैसी घटनाएं संकेत हैं कि ऐसे प्रयास संगठित रूप से किए जा रहे हैं।

## कानून का राज उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून का राज उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। इसी ने प्रदेश से असुरक्षा का भाव खत्म किया, विश्वास का वातावरण बनाया और यूपी को निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बनाया है। रविवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित 'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन-2025 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज देशभर में यूपी मॉडल की चर्चा है और यह बदलाव पुलिस की पेशेवर, निष्पक्ष और संवेदनशील कार्यप्रणाली का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने पुलिस मंथन जैसे अभिनव प्रयास के लिए डीजीपी और उनकी पूरी टीम को बधाई दी।



**सेंसेक्स** 85567.48
**निफ्टी** 26172.40



**सोना रु.** 139000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 234000
प्रति किलो



# अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर रहेगी निवेशकों की नजर

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर रहेगी। अगले सप्ताह सोमवार को औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी किए जाएंगे।

इसके बाद 2 जनवरी को औद्योगिक क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़े जारी होंगे और सप्ताह के दौरान ही वाहनों की बिक्री के आंकड़े भी आएंगे। बीते सप्ताह गुरुवार को क्रिसमस के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 112.09 अंक (0.13 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त रही और यह शुक्रवार को 85,041.45 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी सप्ताह के दौरान 75.90 अंक यानी 0.29 प्रतिशत चढ़कर 26,042.30 अंक पर पहुंच गया। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.48 प्रतिशत गिर गया। स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 1.75 प्रतिशत की तेजी रही। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर बढ़त में और अन्य 13 के गिरावट में रहे। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 5.47 प्रतिशत मजबूत हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.59 फीसदी, टाइटन में 1.56, बीईएल में 1.44, एनटीपीसी में 1.30, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.14 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में एक प्रतिशत की तेजी रही। इंफोसिस का शेयर 0.97 प्रतिशत, आईटीसी का 0.80, पावरग्रिड का 0.74, एचडीएफसी बैंक का 0.65, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.51, भारती एयरटेल का 0.45 और टाटा स्टील का 0.30 प्रतिशत चढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक, हिदुस्तान यूनीलिवर और टेक महिंद्रा में भी 0.02 प्रतिशत की तेजी रही। एशियन पेंट्स में सबसे ज्यादा 1.88 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 1.54 फीसदी, इंडिगो का 1.50, सनफार्मा का 1.48, भारतीय स्टेट बैंक का 1.40 और बजाज फिनसर्व का 1.22 प्रतिशत टूटा।

## वार्षिकी 2025- आम आदमी की पहुंच से दूर हुआ सोना, निवेशकों की चांदी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर जारी भू-राजनैतिक और व्यापार तनावों के बीच पिछले एक साल में सोने-चांदी में जबरदस्त तेजी रही और एक तरफ जहां दोनों कीमती धातु आम लोगों की पहुंच से दूर हो गईं, वहीं निवेशकों को खूब फायदा हुआ।

एमसीएक्स इंडिया के आंकड़ों के अनुसार अहमदाबाद में सोने की कीमत 31 दिसम्बर 2024 को 75,913 रुपये प्रति दस ग्राम थी, जो 26 दिसम्बर 2025 को बढ़कर 1,37,591 रुपये पर पहुंच गई। इस प्रकार इसकी कीमत 81 प्रतिशत से अधिक बढ़ी। इस दौरान चांद भी 85,851 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,28,948 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इसकी कीमत एक साल में 167 प्रतिशत बढ़ी। विशेषज्ञों का मानना है कि सोने की कीमत में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण वैश्विक है। एक तरफ रूस युक्रेन युद्ध और दूसरी तरफ पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली पीली धातु की मांग बढ़ी है। इसके अलावा, व्यापार तनाव भी इसकी एक वजह है। निवेशक ही नहीं, विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक भी सोना खरीद रहे हैं। एक तरफ जहां मूल्य में सोने की खपत बढ़ी है, वहीं वास्तविक खपत में कमी आई है। इसका मुख्य कारण इसकी आसमान छूती कीमतें हैं जिससे यह आम लोगों की पहुंच से दूर चला गया है। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) ने सोने चांदी में तेजी के लिए वैश्विक कारकों के साथ देश में वैवाहिक और त्योहारी मांग को भी जिम्मेदार ठहराया है। उसका कहना है कि बढ़ती कीमतों के बीच देश में इसकी निवेश मांग भी बनी हुई है।

# चावल, खाद्य तेलों में साप्ताहिक तेजी दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। वहीं गेहूं और चीनी के भाव लगभग स्थिर रहे। खाद्य तेलों में तेजी रही, जबकि दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत दो रुपये की मामूली बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं 2,857 रुपये प्रति क्विंटल पर कमोबेश अपरिवर्तित रहा। आटा छह रुपये महंगा हुआ और 3,311 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में तेजी देखी गई। वनस्पति की कीमत 142 रुपये और सरसों तेल की 121 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 74 रुपये और मूंगफली तेल में 47 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक बढ़त रही। सोया तेल 41 रुपये और पाम ऑयल 38 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान चना दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल की कीमत 66 रुपये और उड़द दाल की 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल में 30 रुपये और मूंग दाल में 29 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी के भाव में कोई साप्ताहिक बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7766.52 रुपये, मसूर काली 8127.93 रुपये, मूंग दाल 10106.60 रुपये, उड़द दाल 10369.04 रुपये, तुअर दाल 10540.84 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.44 रुपये और चावल 3828.79 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.30 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.70 रुपये और गुड़ 5030.04 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17769.40 रुपये, मूंगफली तेल 17734.93 रुपये, सूरजमुखी तेल 15864.06 रुपये, सोया तेल 13811.80 रुपये, पाम ऑयल 12524.07 रुपये और वनस्पति 14596.38 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# एकीकृत नियंत्रण कक्ष से जल्दी हो रहा हवाई यात्रियों की शिकायतों का समाधान



**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट के समय नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा स्थापित एकीकृत यात्री सहायता नियंत्रण कक्ष (पीएसीआर) के जरिए यात्रियों की शिकायतों का अब कम समय में समाधान हो रहा है।

दिल्ली के राजीव गांधी उड़ान भवन स्थित नागरिक उड्डयन मंत्रालय में स्थापित इस पीएसीआर में मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), नागर विमानन महा. निदेशालय (डीजीसीए) और सभी विमान सेवा कंपनियों के प्रतिनिधि एक साथ बैठते हैं। सोशल मीडिया पर मंत्रालय को टैग करते हुए, जब भी कोई शिकायत आती है, तो मंत्रालय के प्रतिनिधि संबंधित एयरलाइंस से बात करते हैं और जल्द से जल्द समाधान का निर्देश देते हैं। इंडिगो संकट के समय नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा के निर्देश पर 10 दिसम्बर को पीएसीआर की शुरुआत की गई थी।

मंत्रालय के पहले से चल रहे शिकायत निवारण तंत्र एयर सेवा पोर्टल को भी इसी में मिला दिया गया है। तब से अब तक यहां 13 हजार से अधिक शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, जिसमें 03 दिसम्बर से 09 दिसम्बर के बीच प्राप्त 3,200 से ज्यादा शिकायत भी शामिल हैं। मंत्रालय में उप-महानिदेशक प्रमोद कुमार ठाकुर ने बताया कि पीएसीआर अब स्थाई तंत्र बन गया है और यह आगे भी जारी रहेगा। यह हर दिन चौबीसों घंटे काम कर रहा है। इंडिगो ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में चार हजार से अधिक उड़ानें रद्द की थीं। इस कारण लाखों यात्री अपने गंतव्यों तक नहीं पहुंच सकें और हजारों यात्री कई-कई घंटे तक विभिन्न हवाई अड्डों पर फंसे रहे। इस कारण, दिसम्बर अचानक शिकायतों की संख्या में भी भारी इजाफा देखा गया। डीजीसीए के आंकड़ों के अनुसार नवम्बर में जहां शिड्यूल विमान सेवा कंपनियों को यात्रियों से संबंधित 1,196 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, वहीं इस महीने 03 से 26 दिसम्बर तक 13,468 शिकायतें प्राप्त हुईं और 13,061 का समाधान किया गया। इनमें 10,410 शिकायतें एयर सेवा पोर्टल के माध्यम से, 1,324 एयर सेवा ई-मेल के माध्यम से और 1,734 सोशल मीडिया के जरिए प्राप्त हुए हैं।

# आरक्षण विवाद: आगा रूहुल्लाह, वहीद-उर-रहमान पारा, इल्तिजा मुफ्ती नजरबंद

**श्रीनगर, वार्ता**

■ सामान्य श्रेणी या ओपन मेरिट के छात्रों ने आरक्षण नीति के बदलाव में हो रही देरी के विरोध में धरने का किया था ऐलान

जम्मू-कश्मीर में आरक्षण नीति को लेकर जारी विवाद के बीच प्रशासन ने रविवार को छात्रों और राजनीतिक दलों के नियोजित विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के मद्देनजर सख्त कदम उठाते हुए शहर के संवेदनशील इलाकों को सील कर दिया और आगा रूहुल्लाह, वहीद-उर-रहमान एवं इल्तिजा मुफ्ती सहित कई नेताओं को नजरबंद कर दिया। सामान्य श्रेणी या ओपन मेरिट के छात्रों ने आरक्षण नीति के बदलाव में हो रही देरी के विरोध में रविवार को श्रीनगर में धरने का ऐलान किया था।

सूत्रों के अनुसार नेशनल कांफ्रेंस के सांसद आगा रुहुल्लाह मेहदी, वरिष्ठ पीडीपी नेता वहीद-उर-रहमान पारा और महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती को सुबह नजरबंद कर दिया गया। प्रशासन ने न केवल इन नेताओं की आवाजाही पर रोक लगाई, बल्कि उनके घरों के बाहर अतिरिक्त पुलिस और अर्धसैनिक बल भी तैनात किए। मेहदी के कार्यालय ने एक कड़ा बयान जारी करते हुए कहा कि पुलिस ने आधिकारिक तौर पर सम्मानित सांसद को गिरफ्तार कर लिया है। हमें सूचना मिली है कि उन्हें नजरबंद कर दिया गया है और उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। देर रात हमें यह भी खबर मिली कि कई छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस उनके परिवारों को धमका रही है। यह सब सिर्फ इसलिए हो रहा है, क्योंकि वे एक निष्पक्ष, उचित और तर्कसंगत आरक्षण नीति की मांग कर रहे हैं। कार्यालय के अनुसार, छात्रों की सिलसिलेवार गिरफ्तारियां पूरी रात जारी रहीं और उन पर कथित दबाव बनाया गया जो विरोध के माहौल को दबाने का स्पष्ट प्रयास है।

इस बीच इल्तिजा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रशासन की कार्रवाई पर गुस्सा व्यक्त करते हुए लिखा, ष्कई अन्य लोगों की तरह मैं भी आज श्रीनगर में नजरबंद हूं। सुरक्षा एजेंसियों की अनिश्चितता और भय की मानसिकता की कोई सीमा नहीं है। यही नए कश्मीर की 'सामान्य स्थिति' है। मुझे बाहर जाने से रो. कने के लिए मेरे गेट पर महिला पुलिसकर्मियों का एक बड़ा दल तैनात है। क्या कोई मुझे बता सकता है कि यह सब किस कानून के तहत हो रहा है? सुश्री मुफ्ती ने कहा कि ये उपाय लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं और जनता की आवाज को दबाने का जानबूझकर किया गया प्रयास है। पीडीपी विधायक वहीद पारा ने एक विस्तृत बयान जारी करते हुए आरोप लगाया कि आरक्षण नीति का संकट एक 'अस्तित्वगत समस्या' बन गया है, जो युवा पीढ़ी के भविष्य की नींव को हिला रहा है। पारा को उनके श्रीनगर आवास से बाहर निकलने की इजाजत नहीं दी गई। उन्होंने एक्स पर लिखा, आरक्षण नीति हमारे युवाओं के भविष्य के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा रही है। हम पिछले एक साल से छात्रों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री से संपर्क साधने का प्रयास कर रहे हैं। हम विद्यार्थियों के साथ उनके आवास के बाहर इकध होते रहे, लेकिन इस दौरान सरकार की ओर से इस मुद्दे को सुलझाने का कोई इरादा नहीं था। इस उपेक्षा ने युवाओं की चिंता और अनिश्चितता को कई गुना बढ़ा दिया है।

इससे पूर्व, श्रीनगर के पूर्व मेयर जुनैद अजीम मट्टू ने कहा कि छात्रों के धरने में उनके शामिल होने से पहले उनके घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस और सीआरपीएफ तैनात की गई थी। उन्होंने एक्स पर कहा कि छात्रों के खिलाफ भेदभाव की नीति न्याय मांगने वाली आवा. जों को दबाकर न तो सही हो सकती है और न ही स्थाई। मैं छात्रों के साथ खड़ा हूं। नेताओं को नजरबंद किए जाने पर पुलिस की ओर से कोई बयान नहीं आया है। जम्मू-कश्मीर में सामान्य श्रेणी के छात्र आरक्षण नीति का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि 40 प्रतिशत से भी कम सीटें अनारक्षित हैं, जबकि 60 प्रतिशत से जडादा सीटें आरक्षित हैं। छात्रों के लगातार दबाव के बाद उमर अब्दुल्ला सरकार ने एक कैबिनेट उप-समिति बनाई थी। इसकी सिफारिशों को अब कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है और अंतिम मंजूरी के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पास भेजा गया है।

# इंस्पेक्टर पर पोस्टमार्टम में देरी कराने का आरोप

## मृतक छात्र के परिजनों को परेशान कर रही पुलिस, रहरा पुलिस के खिलाफ ग्रामीणों ने लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सड़क दुर्घटना में मारे गये छात्र के परिजनों को रहरा इंस्पेक्टर द्वारा परेशान करने के साथ ही पोस्टमार्टम में जानबूझकर देरी किये जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया।



रहरा थाना क्षेत्र के गांव दौरारा निवासी 18 वर्षीय छात्र प्रशांत पुत्र राजेश की शनिवार की शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। रविवार की शाम रहरा पुलिस के खिलाफ मृतक छात्र के परिजन एवं ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में छात्र की लाश को सड़क पर रखकर हसनपुर रहरा मार्ग को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि रहरा इंस्पेक्टर ने मृतक के परिजनों को परेशान किया है।उनका कहना था कि पोस्टमार्टम में जानबूझकर देरी की गई है। ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस कर्मियों से प्रदर्शनकारियों की तीखी नोकझोंक भी होने लगी। थाना आदमपुर व थाना रहरा पुलिस जाम खुलवाने के लिए मौके पर पहुंच गई। जाम लगने के कारण यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई। भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के अलावा आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता भी जाम में मौजूद थे। घंटों तक पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियो से जाम खुलवाने के लिए कोशिश करते रहे। समाचार लिखे जाने तक सड़क पर जाम लगा हुआ था



# युवक पर तीन दबंगों ने किया हमला

## पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। काम निपटाकर घर लौट रहे एक युवक पर मोहल्ले के ही तीन युवकों ने अचानक हमला कर दिया। गाली-गलौज के बाद बीच सड़क उसे दौड़ा-दौड़ाकर बेरहमी से पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छेवड़ा की है। मोहल्ला निवासी सचिन शनिवार रात किसी काम से लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में पहले से खड़े मोहल्ले के ही तिलक, कृष्णा और किशन ने उन्हें देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी और बीच सड़क पर दौड़ाकर पीटते रहे। शोर-शराबा सुनकर जब मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल सचिन ने कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर दी। सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि तिलक, कृष्णा और किशन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी कर चालान किया जाएगा।

# दस लाख व प्लाट न मिलने पर पत्नी को पीटकर निकाला

## पति समेत चार ससुरालियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दहेज की मांग को लेकर मथुरा का एक परिवार कानून के शिकंजे में आ गया है। विवाहिता की शिकायत पर पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता ने दहेज न देने पर मारपीट, बंधक बनाकर भूखा-प्यासा रखने और घर से निकालने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काली पगड़ी निवासी शताक्षी की शादी 28 नवंबर 2024 को मथुरा के वृंदावन निवासी प्रतीक गुप्ता के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने दहेज को लेकर उत्पीड़न शुरू कर दिया। शताक्षी पर मायके से 10 लाख रुपये नकद और एक प्लॉट लाने का दबाव बनाया जाने लगा। पीड़िता का कहना है कि मांग पूरी न होने पर उसे कमरे में बंद कर भूखा-प्यासा रखा गया और विरोध करने पर मारपीट की गई। 25 अगस्त को ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया, जिसके बाद वह मायके आकर रहने लगी। इसके बाद 28 सितंबर को ससुराल पक्ष अमरोहा पहुंचा और फिर से दहेज की मांग दोहराई। आरोप है कि इस दौरान भी मारपीट कर धमकी दी गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति प्रतीक गुप्ता, ससुर राजेश गुप्ता, सास सुनीता गुप्ता और देवर अनंत गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फाइनल मैच में मोनू मसूद क्लब को तीन विकेट से हराया, अंकित बने मैन ऑफ दि मैच

# सद्भावना कप पर कोटला क्लब का कब्जा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रॉयल कोटला क्रिकेट क्लब गाजियाबाद ने मोनू मसूद क्रिकेट क्लब को तीन विकेट से हराकर सद्भावना कप पर अपना कब्जा जमा लिया। अंकित को शानदार बल्लेबाजी व गेंदबाजी करने पर मैन आफ दि मैच दिया गया।

■ **विजेता व उप विजेता टीम को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

मिनी स्टेडियम में मास्टर भूरे खां एंड शीरू परवेज मैमोरियल सद्भावना कप का कड़ाके की सर्दी के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। रॉयल कोटला क्रिकेट क्लब गाजियाबाद ने टॉस जीता तथा पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। मोनू मसूद क्रिकेट क्लब की टीम कोई बड़ा स्कोर नहीं खड़ा कर सकी तथा 22.4 ओवर में मात्र 99 रन के स्कोर पर आलआउट हो गयी। मोनू मसूद की ओर से अर्जुन 18 व अक्षू बाजवा 15 रनों के अलावा दूसरे बल्लेबाज कोई खास स्कोर नहीं कर सके। जबकि रॉयल की ओर से अंकित न तीन व यश ने दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल कोटला क्रिकेट क्लब ने 23.4 ओवर में सात विकेट खोकर विजयी लक्ष्य प्राप्त कर लिया। भास्कर ने 21 व गोरव ने 18 रनों की पारी खेली। मोनू मसूद की ओर से अक्क्षू ने 2 व अरबाज ने दो विकेट हासिल किये। शानदार बल्लेबाजी व गेंदबाजी करने के लिए अंकित को मेन आफ दि मैच दिया गया। विजेता व उप विजेता टीमों को को ट्राफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नजम अली, इमरान पाशा, रिजवान पाशा, मुजम्मिल अली, बॉबी नवाब, नावेद आमिर,, सतेन्द्र सिंह, जमाल पाशा, राहुल गुप्ता, सदाकत आदि मौजूद रहे।



# बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो

## नारेबाजी कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलो व जबरन धर्मांतरण करवाये जाने के विरोध में नारेबाजी करते नायाब तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

रविवार को सनातन संस्कृति परिषद ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाये पर लगातार हमले हो रहे है। उनका जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा है। मंदिरों में तोड़ फोड़ करने के अलावा महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह घटनाएं न केवल मानवाधिकारो का घोर उल्लंघन है। बल्कि क्षेत्रीय शांति और सभ्यता के मूल्यों के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने



कहा कि पीड़ित हिंदुओं की सुरक्षा सम्मान और धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सशक्त कूटनीतिक पहल बांग्लादेश सरकार से ठोस संवाद तथा आवश्यक मानवीय सहायता की जरूरत है। उन्होंने केंद्र सरकार से बांग्लादेश के पीड़ित हिंदुओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाये जाने व दोषियों पर कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने की मांग की है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर हर मोहन दास, विपिन कुमार शर्मा, रूपचंद सिंह, बंटी, बबलू, सचिन सैनी अशोक चौहान, अतुल राजपूत, जसवंत सिंह ज्योति, दीपा सैनी, आशा सैनी, जय किरण, यश चौहान आदि मौजूद थे। इसके अलावा भारतीय किसान संघ ने भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में नारेबाजी करते हुए बांग्लादेश का पुतला फूंक दिया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार शर्मा, महिपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, जगबीर सिंह, अनिल गुप्ता आदि मौजूद थे।

# मारपीट करके तीन को किया घायल

**गजरौला**। दो पक्षों के बीच हो रहे झगड़े का बीच बचाव कर रहे लोगों के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। रविवार की सुबह नगर के मुहल्ला जलालनगर में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो रहा था। इस दौरान साकिर के पुत्र शाकिब और सादिक ने झगड़ा कर रहे लोगों से कहा कि वे उनके घर के सामने झगड़ा न करें, इस बात पर गुस्साए आरोपितों ने शाकिब, सादिक, गल्फ आदि के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी, जिससे ये तीनों घायल हो गए। झगड़े के कारण अफरातफरी का माहौल बन गया। घायल पक्ष ने आसिफ, दानिश पुत्रगण युसुफ, आशु व अमन पुत्रगण यूनुस, समीर पुत्र शराफत व सलमा पुत्री युनुस के विरूद्ध मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया और तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरू की।

# दरगाह पर आए युवक की बाइक चोरी

## शहर में बेखौफ बाइक चोर, पुलिस के लिए बने चुनौती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शहर में बाइक चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं, जबकि पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि आए दिन नई घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं।

ताजा मामला बिजनौर मार्ग स्थित दरगाह शाह विलायत का है। मेरठ जिले के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के मोहल्ला लक्खीपुरा निवासी मोहम्मद मतलूब 18 दिसंबर को दरगाह पर आए थे। उन्होंने अपनी बाइक दरगाह के पीछे वाले रास्ते पर खड़ी की और दर्शन के लिए अंदर चले गए। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक गायब मिली। आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले भी शहर में कई बाइक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक एक भी बाइक बरामद नहीं हो पाई है। हाल ही में दरगाह से सटे ईदगाह रोड पर स्थित एक बैंक्वेट हॉल से चोरी हुई बाइक भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से शहरवासियों में दहशत और पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# लोन दिलाने का झांसा देकर 15 हजार ठगे

## पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। लोन दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 15 हजार रुपये हड़प लेने का मामला सामने आया है। रुपये लेने के बाद न तो लोन दिलवाया गया और न ही रकम वापस की गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मिट्ठनपुर निवासी किसान मोहम्मद राविक के बेटे अरबाज का आरोप है कि करीब पांच माह पहले उसकी मुलाकात मेरठ निवासी अरविंद नामक युवक से हुई थी। अरविंद ने कारोबार के लिए लोन दिलाने का भरोसा दिलाया और प्रक्रिया के नाम पर 15 हजार रुपये खर्च आने की बात कही। इस पर अरबाज ने 5,450 रुपये गूगल पे के माध्यम से दिए, जबकि शेष राशि नकद दे दी। आरोप है कि रुपये लेने के बाद अरविंद टालमटोल करने लगा। कई बार संपर्क करने के बावजूद न तो लोन की कोई प्रक्रिया शुरू हुई और न ही पैसे वापस किए गए। 25 दिसंबर को जब अरबाज ने रकम वापस मांगी तो अरविंद ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर डिडौली कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बैंक क्लर्क से अभद्रता में मुकदमा दर्ज

## दूसरे व्यक्ति के खाते से रुपये न निकालने पर की थी अभद्रता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दूसरे व्यक्ति के खाते से रुपये न निकलने पर एक युवक ने यूपी ग्रामीण प्रथमा बैंक के कर्मचारी से अभद्रता कर दी। बाद में वह अपने साथियों को लेकर बैंक में घुस आया और जमकर हंगामा किया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बैंक कर्मी की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव इब्राहीमपुर स्थित यूपी ग्रामीण प्रथमा बैंक की शाखा का है। गांव मुकारी निवासी सचिन कुमार बैंक में क्लर्क के पद पर तैनात हैं। उनके अनुसार 19 दिसंबर को सुबह करीब 11 बजे गांव पछदिया निवासी विपिन कुमार बैंक पहुंचा और किसी परिचित के खाते से रुपये न निकलने की शिकायत करने लगा। क्लर्क ने उसे फील्ड ऑफिसर और शाखा प्रबंधक से संपर्क करने की सलाह दी, जिस पर विपिन अभद्रता करने लगा। उस समय किसी तरह मामला शांत करा दिया गया। आरोप है कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे विपिन अपने साथी राहुल और नरेंद्र निवासी गांव हादीपुर थाना नौगावां सादात तथा चार अज्ञात लोगों के साथ दोबारा बैंक में घुस आया। आरोपियों ने क्लर्क के साथ दुर्व्यवहार किया और बैंक परिसर में हंगामा मचाया। सूचना पर पुलिस के पहुंचते ही सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। बैंक कर्मी की तहरीर पर पुलिस ने विपिन, राहुल और नरेंद्र को नामजद करते हुए चार अज्ञात लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### ईओ ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो मंडी धनौरा**। कड़ाके की सर्दी को देखते हुए अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने नगर पालिका की कान्हा गौशाला, रैन बसेरों और अलाव स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ईओ ने कान्हा गौशाला में पशुओं के लिए चारा, भूसा, पानी और ठंड से बचाव के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गौवंश की देखभाल में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रैन बसेरों के निरीक्षण में उन्होंने कंबल, रजाई, साफ-सफाई और ठहरने वालों की सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही नगर के प्रमुख स्थानों पर जल रहे अलावों को नियमित रूप से जलाने और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त अलाव लगाने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि सर्दी के इस दौर में बेसहारा लोगों और पशुओं की सुरक्षा नगर पालिका की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी कर्मचारी मुस्तैदी से कार्य करें।

### उपले लेने गये महिला पर हमला, चार के खिलाफ तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो मंडी धनौरा/बछरायूं**। थाना बछरायूं क्षेत्र के ग्राम कादराबाद में शनिवार सुबह एक महिला के साथ रास्ते में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर चार लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम कादराबाद निवासी आशिक अली पुत्र नजीर अहमद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शनिवार सुबह करीब नौ बजे उनकी पत्नी कनिजा खातून घर से उपले लेने के लिए गई थीं। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही कामिल पुत्र भूरे, आमिर पुत्र भूरे, फरहीन पुत्री भूरे और फरजाना पत्नी भूरे ने उनकी पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान महिला के सिर में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। घायल महिला को उपचार के लिए ले जाया गया, वहीं पीड़ित ने थाना बछरायूं पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। थानाध्यक्ष बछरायूं ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# हाइवे पर चलती बस के शीशे तोड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। हाइवे पर चार कारों से आये लोगों ने प्राइवेट बस रुकवाकर शीशे तोड़ दिए और चालक को बस दिल्ली न लाने की चेतावनी देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार शनिवार की रात को करीब साढ़े दस बजे जनपद सीतापुर के गांधीनगर लहरपुर निवासी अफरोज नामक चालक अपनी स्लीपर बस को दिल्ली दिशा से लेकर आ रहा था। जब वह कासमाबाद गाँव के पास पहुंचा तो तीन स्विफ्ट और एक बोलेरो कार में सवार लोग और बस में तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी, साथ ही चालक को धमकाया कि अपनी बस को दिल्ली लेकर आया तो फिर से तोड़फोड़ की जाएगी और चालक को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद आरोपी भाग गए। अफरोज ने पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने सीतापुर जनपद निवासी जानू खान, फारुख, सबनूर के विरूद्ध केस दर्ज करके छानबीन की जा रही है।

## सिंचाई करने गया था खेत पर, बिना कार्रवाई के किया अन्तिम संस्कार

# खेत में पड़ा मिला किसान का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। खेत की सिंचाई करने गये किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बिना कानूनी कार्यवाही किये हुए लाश का अंतिम संस्कार कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र में आने वाले गांव गंगा चोली में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ शनिवार शाम गेहूं के खेत की सिंचाई करने गये 50 वर्षीय किसान रामपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। किसान का शव खेत में पानी के बीच औंधे मुंह पड़ा हुआ था। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गांव निवासी रामपाल पुत्र हेतराम शनिवार देर शाम अपने खेत में गेहूं की



फसल को पानी देने गये थे। जब काफी देर तक वह घर वापस नहीं लौटे, तो चिंतित परिजन उनकी तलाश में खेत की ओर दौड़ पड़े। वहां का नजारा देखकर सबके होश उड़ गये। रामपाल पानी से भरे खेत में बेसुध पड़े थे। परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल ले गये। जहाँ चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि होते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी शरबती, एक पुत्र और दो बेटियों का रोता-बिलखता परिवार छोड़ गए हैं। परिजनों ने बताया कि उनकी एक बेटी का विवाह हो चुका है। इस मामले में परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई या पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

### घर लौट रही ई-रिक्शा से महिला कर्मी का पर्स चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। ई-रिक्शा से घर लौटते समय एक महिला कर्मचारी का पर्स चोरी हो गया। पर्स में 2500 रूपये की नकदी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर निवासी इन्द्रपाल की पुत्री राधिका एक निजी कम्पनी में काम करती है। 26 दिसम्बर की शाम को वह डयूटी करके ई-रिक्शा से घर लौट रही थी, तभी उसका पर्स चोरी हो गया। पर्स में 2500 रूपये की नकदी, आधार कार्ड, टिफिन आदि था। राधिका की तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# कांग्रेस स्थापना दिवस पर संविधान और लोकतंत्र बचाने का संकल्प

## जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने किया पार्टी का ध्वजारोहण, महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। जिला कांग्रेस एवं शहरक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वे स्थापना दिवस पर पार्टी का ध्वजारोहण किया एवं आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।





रविवार को कांग्रेस जनों ने कांग्रेस के इतिहास पर अपने-अपने वक्तव्य रखें। पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर शपथ ली। उन्होंने कहा कांग्रेस जन भारत में लोकतंत्र एवं संविधान बचाने के लिए संकल्पित है। शपथ लेते हैं कि मनरेगा को बचाने के लिए देश के मजदूरों के हक और सम्मान को बचाने के लिए संघर्ष करेंगे। मनरेगा को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाकर आंदोलन करेंगे। जिला अध्यक्ष ओमक.ार कटारिया ने कहा ' कांग्रेस पार्टी ने देश को आजादी दिलाई कभी जातियों और सभी धर्म को लोगों ने एक साथ इकट्ठा होकर कांग्रेस पार्टी के झंडे के नीचे आजादी की लड़ाई लड़ी ।और देश को आजाद कराया देश की आजादी में कांग्रेस पार्टी का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एक राजनीतिक दल की नहीं है बल्कि एक विचार है। एक आईडियोलॉजी है। कांग्रेस ने इस देश के लिए बहुत कुछ किया है।कांग्रेस के नेताओं ने इस देश की अखंडता एकता के लिए अपने प्राणों का न्योछावर तक किए कांग्रेस के नेताओं ने देश की आजादी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्थापना दिवस समारोह में जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह, हाजी खुर्शीद अनवर, राजकुमार अरुण, शाहिद सिद्दीकी खेड़ी, मेराजुल जफर एडवोकेट, अली इमाम रिजवी, मयंक कुमार गुर्जर, इंतजार, मेहंदी नकवी, हरिओम पुष्कर, इकबाल अंसारी मौजूद थे।

उधर शहर कांग्रेस द्वारा अध्यक्ष इन्द्रेश कुमार शर्मा ने बताया कि आज कांग्रेस स्थापना दिवस के मौके पर, हम सब एक बार फिर संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और मजबूत भारत के संकल्प को दो. हराते हैं। हमें गर्व है कि कांग्रेस कमेटी, अमरोहा के साथ मिलकर कांग्रेस की विचारधारा, संघर्ष और जनसेवा की इस ऐतिहासिक परंपरा को आगे बढ़ाने का हिस्सा है। कांग्रेस सिर्फ एक पार्टी नहीं, बल्कि हर उस आवाज का नाम है जो हक, इंसाफ और बराबरी के लिए उठती है। इस मोके पर शोएब अहमद, चौधरी नरेंद्र सिंह, अब्दुल सत्तार सैफी, नबीन अग्गरवाल, यासिर अंसारी खुशतर मिर्जा, परवेज आरिफ टीटू, जावेद अली अब्बासी, सईद खा सुधीर भल्ला, नीरज शर्मा नितिन रस्तोगी, मनोज शर्मा, बाल कृष्ण त्रिवेदी, संजय गौर, राजेंद्र छावड़ा, फरमान अंसारी, शाहिद उस्मानी, अरकम कुरैशी, हबीब अहमद, मोहद आलम खा, शकील मलिक, संजू रस्तोगी, आसिफ सिद्दीकी, डॉ जावेद सैफी मौजूद रहे।

# सर्दी अपने चरम पर, कोहरे ने थाम दी वाहनों की गति

## कोहरे की चादर में लिपटा जनजीवन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आज सर्दी अपने पुरे शबाब पर रही। मौसम ने इस सीजन का अब तक का सबसे ठंडा दिन दर्ज कराया। सुबह से ही आसमान में धूप नहीं निकली, जिससे ठंड और ज्यादा असरदार हो गई। चारों ओर घना कोहरा छाया रहा, जिसने दृश्यता को बेहद सीमित कर दिया। सड़कों पर चलते वाहन रेंगते नजर आए और कई जगहों पर लोग बेहद सतर्क होकर आवागमन करते दिखाई दिए। कोहरे और ठंड के संयुक्त असर से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

दिन भर ठंडी हवाओं के चलने से ठिठुरन बनी रही। बाजारों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर आम दिनों की तुलना में भीड़ कम रही। लोग आवश्यक काम होने पर ही घरों से बाहर निकले और गर्म कपड़ों, मफलर, टोपी व दस्तानों का सहारा लेते नजर आए। बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी बरतते देखा गया, वहीं सुबह के समय टहलने वाले लोग भी बहुत कम संख्या में दिखाई दिए। शीतलहर जैसे हालात के कारण तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को अलाव और हीटर का सहारा लेना पड़ा। ठंड के कारण चाय की दुकानों और अलाव के आसपास लोगों की भीड़ लगी रही, जहां लोग कुछ पल सुकून पाने की को. शिश करते दिखे।मौसम के इस बदले मिजाज ने यह साफ संकेत दे दिया है कि सर्दी अब अपने चरम पर पहुंच चुकी है। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में भी ठंड और कोहरे का असर बना रह सकता है, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की जरूरत है।

# पुलिस ने 480 वाहनों का काटा चालान

## जिले में चलाया विशेष चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिले में सड़क सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने तथा यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में विशेष चेकिंग अभियान शनिवार सुबह से शुरू होकर देर रात तक जारी रहा।

एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में प्रभारी यातायात अनुज मलिक व जिले के सभी थाना प्रभारियों ने पुलिस टीमों के साथ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान जिले के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं हाईवे पर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने समेत अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत सख्त कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की गई। इस दौरान लापरवाही बरतने वाले तीन वाहनों को सीज किया गया, जबकि 480 वाहनों का चालान काटा गया।अभियान के अंतर्गत लगभग 6.85 लाख रुपये का जुर्माना आरोपित किया गया। साथ ही कोहरे के दृष्टिगत वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप भी लगवाए गए। एसपी ने बताया कि यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए चलाया गया।

## सितम्बर का पत्र अनसुना, दिसम्बर में मौत के बाद जागा सिस्टम

# फाइलों में दबा सच, ऑपरेशन टेबल पर टूटी सांसें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की कार्यशैली पर अगर कोई टाइमटेबल बने, तो उसमें एक ही अलार्म सेट दिखेगा मौत हो जाए तो कार्रवाई करो। गांव नवाबपुरा भूड़ स्थित माधव नर्सिंग होम को लेकर चिकित्सा अधीक्षक का 15 सितंबर का चेतावनी भरा पत्र शायद सीएमओ साहब की मेज पर पहुंचा ही नहीं, या पहुंचकर भी उस फाइल के नीचे दबा दिया गया, जिसे तब तक खोला ही नहीं जाता जब तक किसी की सांस न थम जाए।

ऐसा लगता है मानो सीएमओ कार्यालय में नियम नहीं, बल्कि यह परंपरा चल रही हो कि पहले अनहोनी हो, फिर सिस्टम जागे। तीन महीने तक सीएमओ साहब की कुर्सी पर सब कुछ नॉर्मल रहा नर्सिंग होम चलता रहा, ऑपरेशन होते रहे और खतरे बढ़ते रहे। लेकिन 26 दिसंबर को जब एक प्रसूता की मौत हुई, तब अचानक वही फाइलें दौड़ने लगीं, जिन पर सितंबर से धूल जम रही थी। सवाल यही है क्या चेतावनी की कोई कीमत नहीं थी, या फिर सीएमओ साहब को कार्रवाई के लिए मौत का प्रमाण चाहिए था? मृतका प्रियंका के परिजन भी इस बात को कह रहे थे जब ऑपरेशन थिएटर सील था तो ऑपरेशन कैसे हो रहे थे. अस्पताल पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग क्यों सोता रहा. चिकित्सा अधीक्षक का चेतावनी भरा पत्र न तो कार्रवाई की मेज तक पहुंचा और न ही संवेदनशीलता की चौखट तक। वह फाइलों के ऐसे अंधेरे तहखाने में डाल दिया गया, जहां न आदेश गूंजते हैं और न जिम्मेदारी की आवाज आती है। मानो स्वास्थ्य विभाग का यह अलिखित नियम हो जब तक जान न जाए, तब तक कार्रवाई क्यों? 26 दिसंबर को प्रसूता की मौत हुई तो अचानक सीएमओ कार्यालय में हरकत तेज हो गई। जो रजिस्ट्रेशन सितंबर से 'सुरक्षित' था, वह चंद घंटों में निरस्त कर दिया गया। अब सवाल यह उठता है कि क्या सीएमओ साहब को पत्र नहीं दिखा या फिर मौत की मोहर लगने का इंतजार था? सूत्र बताते हैं कि पत्र में नर्सिंग होम की कार्यप्रणाली, मानकों की अनदेखी और संभावित खतरे का स्पष्ट उल्लेख था। इसके बावजूद कार्रवाई न होना यह साबित करता है कि सिस्टम को चेतावनी नहीं, लाश चाहिए होती है। मामला उजागर होते ही नर्सिंग होम सील हुआ, रजिस्ट्रेशन निरस्त हुआ और जांच के आदेश जारी हुए। लेकिन मृतका के परिजनों का सवाल आज भी सिस्टम के मुंह पर तमाचा हैख्अगर सितंबर में ही सीएमओ जाग जाते, तो क्या आज हमारी बेटी जिंदा होती? यह मामला बताता है कि हमारे स्वास्थ्य तंत्र में फाइलें पहले दम तोड़ती हैं, मरीज बाद में। और सीएमओ साहब की कुर्सी तब तक नहीं हिलती, जब तक किसी की सांस न थम जाए। अब देखना यह है कि कार्रवाई सिर्फ नर्सिंग होम तक सीमित रहती है या फिर उन फाइलों पर भी नजर पड़ेगी, जिनमें समय रहते सच को दफन कर दिया गया।

**सीएमओ साहब को शायद मौत की मुहर चाहिए थी**

## एबीवीपी के विकास बने प्रदेश सह मंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत का 66वां अधिवेशन 24 से 26 दिसंबर तक गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, गौतम बुद्ध नगर में राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री एस. बालकृष्ण की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अधिवेशन में मुख्य अतिथि बांसुरी स्वराज ने कहा कि एबीवीपी देश का एकमात्र छात्र संगठन है, जो विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का मंच देता है। अधिवेशन के दौरान संगठन ने अमरोहा जिले के मंडी धनौरा निवासी विकास शर्मा को प्रदेश सह मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी। विकास शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद समाजहित, राष्ट्रहित और छात्रहित के लिए निरंतर कार्य करती है। दायित्व मिलने पर गृह क्षेत्र पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

# श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गुरु गोविंद का प्रकाश पर्व

## गुरूद्वारे में अखण्ड पाठ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी का पावन प्रकाश पर्व गुरुद्वारा सिंह सभा के तत्वावधान में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर गुरुवाणी और शबद-कीर्तन से गूंज उठा।

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारे में अखंड पाठ का आयोजन किया गया, जिसका समापन अरदास के साथ हुआ। बाहर से आए रागी जत्थों ने शबद-कीर्तन के माध्यम से गुरु गो. विंद सिंह जी के त्याग, साहस और धर्म रक्षा के संदेशों के साथ चार साहिबजादों के बलिदान को स्मरण कराया। शनिवार को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अग्रवाल सभा अध्यक्ष पंकज सिंघल और रामलीला कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जागेश अग्रवाल को गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से सिरोपा भेंट कर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने सहभागिता की। इस अवसर पर सरदार मंजीत सिंह, सरदार सरजीत सिंह उर्फ बब्बल, सरदार लक्की सिंह, सरदार सर्वजीत सिंह, सरदार दूजेंद्र सिंह, कीरत सिंह, जसविंदर सिंह उर्फ जोनी, गुलाब राय गुप्ता, ओंकार गर्ग, अमित अग्रवाल, अनुज अरोड़ा, विकास अग्रवाल, पुनीत मांगलिक सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सिख समाज ने जताया पीएम व सीएम का आभार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। भारत का सिख समाज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सदैव कृतज्ञ रहेगा, जिन्होंने 26 दिसंबर को पूरे देश में वीर बाल दिवस मनाकर चार साहिबजादों की वीरता और बलिदान का संदेश न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया तक पहुंचाया। इस पहल से यह स्पष्ट हो गया कि सच्चे अर्थों में "वीर बाल" यदि कोई हैं तो वे श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादे हैं।

सिख समाज का कहना है कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सार्वजनिक मंचों से चार साहिबजादों की बहादुरी, त्याग और बलिदान का गुणगान किया, वह अतुलनीय और ऐतिहासिक है। वर्षों तक जिन महान बलिदानों को सीमित लोग ही जानते थे, आज देश का प्रत्येक नागरिक श्री गुरु गोविंद सिंह जी, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, चार साहिबजादों और माता गुजरी जी के योगदान से परिर. चत हो गया है। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब ग्रुप एवं सिख संगत अमरोहा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिख समाज इन दोनों महान नेताओं का सदैव ऋणी रहेगा, जिन्होंने गुरु परंपरा, साहिबजादों के बलिदान और सिख इतिहास को राष्ट्रीय सम्मान दिलाया।

# योग्य चिकित्सक व समाजसेवी थे डॉ.आशुतोष



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। स्वर्गीय रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क में श्रीरामलीला प्रबंध समिति द्वारा पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समिति के प्रबंधक डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

**■ हमेशा खलेगी डॉ.आशुतोष की कमी: राहुल कौशिक**

रविवार को संपन्न हुई शोक सभा में रामलीला समिति के संरक्षक एवं समाजवादी पार्टी के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य राहुल कौशिक ने कहा डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा एक योग्य चिकित्सक थे। वह बहुत मिलनसार और हंसमुख व्यक्तित्व के स्वामी थे। रोगियों की सेवा के साथ साथ जनसेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। रामलीला के प्रति उनका अभूतपूर्व समर्पण था, वे लगातार रामलीला के सफल आयोजन हेतु अपना समय, सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान करते थे। प्रत्येक व्यक्ति और रामलीला समिति को उनकी कमी हमेशा खलेगी। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग, उपाध्यक्ष सोनू गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ निरंजन प्रसाद गर्ग, विवेक अग्रवाल, सुबोध कुमार सिंघल, प्रेमशंकर गर्ग, प्रमोद सिंघल, संजय सिंघल, संजीव सिंघल, राहुल गोयल, गौरव गोयल, अजय सिंघल, पंकज कौशिक, देवेश शर्मा, नितिन बंसल, यश अग्रवाल, ललित पाठक, आकाश सिंघल, सचिन यादव, जितांबर सिंह यादव, ग्रीस विश्वकर्मा, शिवांक सिंघल आदि मौजूद रहे।

## युवती को बहला फुसला कर ले गया युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। थाना क्षेत्र के एक गांव से एक बीस वर्षीय युवती को युवक बहला फुसलाकर ले गया। युवती के चाचा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हाइवे से सटे ब्रजघाट चौकी क्षेत्र के एक गांव में 20 वर्षीय युवती को गांव निवासी युवक 23 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे लेकर फरार हो गया। जब छानबीन की तो पता चला कि युवती को ले जाने वाले युवक का नाम सलमान है। युवती के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने सलमान के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अधिकारी करें विद्यार्थियों को खानपान के प्रति जागरुक



**■ डीएम ने विभागों को किया निर्देशित, अभिभावकों से भी की अपील**

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देशों के क्रम में जनपद में खाद्य सुरक्षा विभाग जनपद अमरोहा के अधिकारियों को विद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के प्रति निर्देशित किया गया। इसी क`साथ साथ ही स्कूलों और आसपास व मुख्य चौराहों पर लगने वाले फास्ट फूड की दुकानों पर निरीक्षण करके साफ-सफाई रखने के प्रति निर्देशित किया गया।

जनपद अमरोहा के समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को डीएम के निर्देश पर सभी तहसील क्षेत्रों में संचा. लित विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ जंक फूड के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में जागरुक किया जाये एवं छात्र-छात्राओं को स्वस्थ एवं सही भोजन के प्रति प्रेरित किया जाये। समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को स्कूलों के आस-पास एवं मुख्य चौराहों पर स्थित फास्ट फूड की दुक. ानों एवं ठेलों पर विक्रय किये जाने वाले खाद्य पदार्थों का नियमित निरीक्षण किये जाने एवं साफ-सफाई मानकों के अन्तर्गत ही खाद्य पदार्थों के विक्रय किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। वहीं डीएम ने अभिभावकों से भी आह्वान किया कि वे भी अपने बच्चों को संतुलित आहार दें, फास्ट फूड का सेवन ज्यादा न कराएं। डीएम ने खाद्य विभाग के साथ साथ ही डीआइओएस और बीएसए को भी स्कूलों में फास्ट फूड के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं इसी क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय विनय कुमार ने अवगत कराया कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद अमरोहा में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में माह नबंवर 2025 तक खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण कर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये खाद्य पदार्थों के कुल 279 नमूने संग्रहित किये गये हैं। कुल 223 नमूनों की जाँच रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं, जिनमें 126 नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाये गये हैं। कोर्ट में 106 वाद दायर किये गये हैं तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में 22 बाद दायर किये गये हैं। कोर्ट द्वारा 86 वादों में 23 लाख 10 हजार रुपये का अर्थदण्ड अध्यारोपित किया गया है।

# अर्दली के घर चोरी में पुलिस के हाथ खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में कलक्ट्रेट के पास स्थित आफिसर्स कालोनी में रामचंद्र पांडे का परिवार रहता है। वह न्यायालय में अर्दली हैं। बीती 18 दिसंबर को वह अपनी पत्नी के साथ घर पर ताला लगा कर देहरादून में बेटे के पास चले गए थे। उनकी गैर मौजूदगी में दीवार फांदकर कूदे चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सवा लाख रुपये की नकदी, सोना-चांदी के जेवरात समेत लगभग 37 लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया था। दंपति को घटना की जानकारी शुक्रवार शाम घर लौटने पर हुई थी। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था, अलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। मामले में पीड़ित ने तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कालोनी के साथ आसपास के सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है। घटना का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा।

# एक्सईएन पर अवैध वसूली का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता पर भ्रष्टाचार व पद के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने प्रदेश सरकार में पंचायती राज एवं बक्फ विभाग के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर को लखनऊ में शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अधिशासी अभियंता राहुल निगम अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों के माध्यम से तथाकथित विद्युत चेकिंग अभियानों के दौरान उपभोक्ताओं को भयभीत कर अवैध धन उगाही करवा रहे हैं। चेकिंग के समय उपभोक्ताओं पर झूठे या बढ़ा-चढ़ाकर विद्युत चोरी के आरोप लगाए जाते हैं और बाद में सुविधा शुल्क लेकर मामलों को रफा-दफा कर दिया जाता है। शिकायती पत्र में यह भी कहा गया है कि जिन मामलों में विद्युत चोरी को लेकर एफआईआर दर्ज हो चुकी है, उनमें भी मोटी रकम लेकर नियमों के विपरीत जुर्माने की राशि कम कर दी जाती है। इससे शासन को भारी राजस्व हानि हो रही है। पूरे कथित नेटवर्क में अधिशासी अभियंता कार्यालय में तैनात एक लिपिक की अहम भूमिका बताई गई है, जिसके जरिए अवैध वसूली की सेटिंग और लेन-देन का प्रबंधन किया जाता है।

# प्रेमिका के परिजनों को घर में घुसकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। प्रेमी के साथ फरार युवती को वापस बुलाने गये परिजनों को प्रेमी ने अपने परिजनों के साथ जमकर पीटा तथा युवती को भेजने से भी इंकार कर दिया। दरअसल प्रेमी व प्रेमिका अलग अलग सम्प्रदाय से हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले से जुड़ा हुआ है। यहां रहने वाले युवक सचिन का प्रेम प्रसंग मोहल्ले में ही रहने वाली दूसरे संप्रदाय की युवती से चल रहा था। 25 दिसंबर को प्रेमी जोड़ा फरार हो गया। प्रेमिका के परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आखिर में वह सचिन के परिजनों के पास गए तो उन्होंने 24 घंटा में युवती की घर वापस भेजने का वादा कर लिया लेकिन अगले दिन भी युवती को उसके घर नहीं भेजा। युवती के परिजन जब सचिन के परिवार वालों से मिले तो आरोप है कि उन्होंने मारपीट की तथा युवती को वापस घर भेजने से इनकार कर दिया। इस घटना के बाद से मोहल्ले में सांप्रदायिक तनाव बना हुआ है। युवती के भाई ने कोतवाली में तहरीर दी थी। सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में सचिन, उसके भाई अर्जुन, पिता प्रकाश तथा परिवार के ही भारत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, आरोपियों में दो अज्ञात भी शामिल हैं। प्रेमी युगल को जल्दी बरामद कर लिया जाएगा। युवती के कोर्ट में बयान दर्ज कराए जाएंगे, उसके आधार पर ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**■ अलग-अलग सम्प्रदाय से हैं दोनों, आरोपियों पर रिपोर्ट**

# प्रशासन ने भ्रष्टचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को किया नजरबंद : राहुल यादव



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के दौरे को लेकर रविवार सुबह से ही पुलिस प्रशासन अलर्ट था। सपा नेताओं द्वारा उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने की भनक लगते ही पुलिस नेताओं के घर पहुंच गई।

हाउस अरेस्ट कर लिया। सपा नेताओं ने इसे लोकतंत्र का हनन बताया है। रविवार को युवजन सभा के पूर्व प्रदेश सचिव एड. राजीव यादव, लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश सचिव एड. राहुल यादव भीष्म, सपा यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव सोमेंद्र प्रताप के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को जनपद की बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर ज्ञापन देना चाहते थे। स्थानीय प्रशासन द्वारा विरोध प्रदर्शन और लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने की आशंका पर सपा नेताओं को रविवार सुबह को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। उप मुख्यमंत्री के जिले से बाहर जाने के बाद इस नेताओं को आजाद किया गया। इधर सपा नेताओं ने कहा कि वह शांतिपूर्वक उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन देना चाह रहे थे। लेकिन सत्ता के इशारे पर पुलिस प्रशासन लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रहा है। एड. राहुल यादव भीष्म ने एक वार्ता में कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को नजर बंद करना लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा सवाल है। एड. राजीव यादव ने कहा कि हम लोग शांतिपूर्वक स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपना चाहते थे प्रशासन ने हमें ज्ञापन सौंपने से ठीक पहले हाउस अरेस्ट कर लिया। इस दौरान शिवम यादव, सचिन सक्सेना, अन्टू सागर, मुकेश यादव, वीरेश प्रजापति, सरवन पाराशरी, रामनिवास आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन की हुई बैठक



आसफपुर में जिला अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**आसफपुर।** आसफपुर में स्थित पंचवटी होटल पर यहां अमर उजाला समाच. ार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार सुधाकर शर्मा ने एक पत्रकार गोष्ठी का आयोजन कराया जिसमें संगठन के जिला अध्यक्ष संजीव सक्सेना , वरिष्ठ पत्रकार हरीश गुप्ता , हिन्दी दैनिक समाचार पत्र आज के संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार मुकेश कुमार वशिष्ठ को सभी पत्रकार बंधुओं ने फूल मालाओं से नवाजा । इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन संगठन के तहसील प्रभारी पद का दायित्व स्थानीय वरिष्ठ पत्रकार सुधाकर शर्मा को दिया गया । इस अवसर पर समस्त ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन संगठन के सभी मीडिया बंधुओं ने सुधाकर शर्मा को तहसील प्रभारी बनाए जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभ कामनाएं दीं और पत्रकार संगठन को और अधिक मजबूत बनाए रखने का दृढ़ संकल्प लिया । इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के जिला अध्यक्ष संजीव सक्सेना , वरिष्ठ पत्रकार हरीश कुमार गुप्ता , मुकेश कुमार वशिष्ठ , मुनेंद्र कुमार शर्मा , डॉक्टर राजेश कुमार मौर्य ,घनश्याम मिश्रा ,पवन मिश्रा , मंजीत सिंह , ठाकुर विजय भान सिंह व दानवीर सिंह आदि मौजूद रहे ।

# उपभोक्ता जल्द से जल्द पंजीकरण करा लें : हितेंद्र सिंह



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** विद्युत वितरण खंड बिसौली के बगरैन बिजलीघर पर आयोजित ओटीएस शिविर में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया। कैंप में सात लाख पचास हजार रुपए के बकाया राजस्व की वसूली की गई। रविवार अवकाश वाले दिन आम दिनों की अपेक्षा बड़ी संख्या में लोगों ने पंजीयन कराया और योजना का लाभ लिया। जेई मो. मियां कुरैशी एवं हितेंद्र सिंह की देखरेख में आयोजित कैंप में उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। हितेंद्र सिंह ने कहा कि जो उपभोक्ता राहत योजना का लाभ उठाना चाहते हैं वह जल्द से जल्द अपना पंजीकरण करा लें। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की कि वह अपना बिल का भुगतान समय से करें ताकि निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। हितेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार के कैंप में 53 उपभोक्ताओं ने ओटीएस का लाभ लिया वहीं 46 उपभोक्ताओं ने अपने बकाया बिलों का भुगतान किया। इस दौरान मुकेश आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस सर्दियों में अपराध रोकने के लिए है चौकस

शाह टाइम्स संवाददाता

**कुंवरगांव।** थानाध्यक्ष राजेश कौशिक द्वारा फोर्स के साथ लगातार क्षेत्र में जारी है पैदल गश्त ठंड ने दस्तक दे दी है। ऐसे में हर कोई शाम ढलते ही अपने घरों में चला जाता है। वहीं चोरी को अंजाम देने वाले लोग इन दिनों सक्रिय हो जाते हैं। रात के समय हमारी सुरक्षा पुलिस कर्मचारियों के जिम्मे है। सर्दी के मौसम में चोरी की घटनाएं बढ़ती हैं। अराजक तत्व सक्रिय होकर घटनाओं को अंजाम देते हैं। ऐसे में पुलिस की जिम्मेदारी बनती है कि आमजन की सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहे। एसपी ने रात की गश्त को बढ़ाने के दिये निर्देशानुसार कुंवरगांव पुलिस भी चौकन्नी हो गई है।लगातार बढती ठंड के चलते कुंवरगांव थानाध्यक्ष राजेश कौशिक द्वारा रात की गश्त को बढ़ाया है।जहां शाम से ही पुलिस सक्रिय हो जाती है।पुलिस द्वारा बैंकों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। संदिग्ध दिखाई देने वाले व्यक्ति से पूछताछ कर उनके पहचान पत्र को चेक किया जा रहा है। थानाध्यक्ष स्वयं पुलिस बल के साथ रोजाना पैदल मार्च कर रहे हैं। गश्त के दौरान वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के साथ ही स्थानीय लोगों से भी संपर्क कर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# आजादी के बाद भी 'कच्ची' है ढोरनपुर की किस्मत

शाह टाइम्स संवाददाता

**ओरछी।** विकासखंड आसफपुर के गांव ढोरनपुर में विकास के दावों की पोल खुल गई है। गांव का मुख्य मार्ग आजादी के सात दशक बाद भी कच्चा होने से क्षुब्ध ग्रामीणों ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि पिछली बार अधिकारियों ने सड़क निर्माण का झूठा आश्वासन देकर धरना खत्म कराया था, लेकिन इस बार वे झांसे में नहीं आएंगे। ग्रामीण अब 'रोड निर्माण या आत्महत्या' जैसे आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर हैं। घ्ढोरनपुर गांव के ग्रामीणों के लिए बरसात का मौसम किसी अभिशाप से कम नहीं होता। मुख्य मार्ग कच्चा होने के कारण गांव टापू बन जाता है। बच्चों को स्कूल जाने में और बीमारों को अस्पताल ले जाने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार गर्भवती महिलाओं को चारपाई पर लिटाकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है।घ्धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि कुछ साल पहले भी पूरे गांव ने एकजुट होकर आंदोलन किया था। उस समय उच्च अधिकारियों ने जल्द सड़क बनवाने का लिखित और मौखिक भरोसा दिया था। महीनों बीत गए, साल गुजर गए, लेकिन सड़क की एक ईंट तक नहीं लगी। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन उनके धैर्य की परीक्षा ले रहा है।घ्भूख हड़ताल पर बैठे बुजुर्गों और युवाओं का कहना है कि सड़क न होने के कारण गांव के युवाओं के रिश्ते तक नहीं होते और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण शुरू नहीं हुआ, तो यह आंदोलन उग्र रूप ले सकता है।

# बदायूं में हुआ विराट कवि सम्मेलन

## हम से और पीठ दिखाने से भला क्या मतलब,हमने मैदान में तलवार से बातें की हैं: अहमद अमजदी



**बदायूं।** कम्युनिस्ट नेता कामरेड मैडम निगार नफीस एड, की तीसरी पुण्यतिथि के मौके पर विराट कवि सम्मेलन/ मुशायरा एवं सेमिनार का आयोजन स्काउट भवन बदायूं में आयोजित किया गया जिस की अध्यक्षता मोहतरम रागिब ककरालवी साहब व संचालन अहमद अमजदी बदायूंनी ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बदायूँ समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक आशीष यादव, व वरिष्ठ समाजवादी नेता जनाब फखरे अहमद शोबी, और बदायूँ कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत यादव रहे, आयोजक/ संयोजक मोहतरम नफीस अहमद साहब, की इजाजत से कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना राजवीर सिंह तरंग, ब नाते पाक अहमद अमजदी बदायूँनी ने पेश की, अध्यक्षता कर रहे रागिब ककरालवी साहब ने कहा जरुरत लौ चिरागों की बढ़ा कुछ मगर जालिम जमाने की हवा कुछ संच. ालन कर रहे अहमद अमजदी बदायूँनी ने कहा हम से और पीठ दिखाने से भला क्या मतलब हमने मैदान में तलवार से बातें की हैं । सादिक अलापुरी ने कुछ यूं कहा मैंने चाहा तुझे उम्र भर जिन्दगी फिर भी चल दी नजर फेर कर जिन्दगी फिक्र करती है तू अपने आगाज पर क्यों है अंजाम से बे खबर जिन्दगी। राजवीर सिंह तरंग ने कहा: ऐसा था हमसफर जो सफर में नहीं रहा इतना करीब था कि नजर में नहीं रहा करता रहा जो बज्म को रौशन तमाम रात ढ़लते ही रात क्यों वो नजर में नहीं रहा। अजमत ककरालवी ने कहा: बस जाते हैं सीने में हमेशा को हमारे कुछ लोग कभी दिल से निकाले नहीं जात। विष्णु असावा बिल्सी ने कहा: आँधियों के सामने दीपक जलाना चाहिए, गम की दीवारें खड़ी हों मुस्कुराना चाहिए। शम्स मुजाहिदी ने कहा: और कुछ करना पड़ेगा । शम्स अब तो बिटिया भी सयानी हो गई। बिल्सी से पधारे ओजस्वी जौहरी सरल ने कहा : भावनाओं के समंदर में भला कब तक बहूँ. पार जाना चाहता हूँ आपके बिन क्या करुँ। कवित्री दीप्ति सक्सेना दीप ने कहा: थे हौसलों में पंख भी, था आसमां आजाद भी। छोटी चिड़ी को जाल में, कैसे फँसाया क्या पता।। दो प्रेमियों को बांधकर, जिंदा जलाया था वहां। उस गांव रिश्ता जोड़ने, फिर कौन आया क्या पता। अच्छन बाबू अहबाब ने कहा: बीते हुए पलों में खोकर तो देखिए,आती नहीं है नींद सोकर तो देखिए। पंडित अमन मायंक शार्मा ने कहा: जब याद तुम्हारी आती है आंखों से आंसू बहते हैं। मुर्शिद अली खॉ गौरामई ने कहा: मेरे जीवन साथी आजा डसती है तन्हाई । आजा सैय्यद अमान फर्रुखाबादी ने कहा : याद मिटती नहीं मिटानें से फायदा क्या है दिल जलाने से हम तो ऐसे हैं बा वफा कागज हम नहीं जलते हैं जलाने से। हसरत गौरामई ने कहा: है बे वफा जमाना देखा है। प्यार कर के खाया है मैंने धोका तेरा एतबार कर के हसरत थी क्या-क्या उस दम हसरत तुम्हारे दिल की बाकी है कोई हसरत क्या अब भी प्यार कर के इनके अलावा गौहर अली एडवोकेट, मुजाहिद नफीस, मुअम्मर नफीस,शैहला निगार ,गजाला निगार, मरयम निगार, सलमान उर्फ चांद मियां, कमलेश श्रीवास्तव,गुडडो सक्सेना, कुसुम सक्सेना, डा0 शतीश गुप्ता , आमिर सुल्तानी, अहमद नबी भाई भाई नवनीत यादव, आदि ने अपने विचार व्यक्त किए अंत में आयोजक/ संयोजक मोहतरम नफीस साहब ने उपस्थित लोगों का शुक्रिया अदा किया।

# देश के विकास में बहिनों को भी आगे आने एवं युवाओं को जोड़ने का किया आह्वान




शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** अखिल भारतीय खत्री पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद अरोड़ा ने कहा कि देश के विकास में हमारे समाज का 40 प्रतिशत सहयोग है। इस बात पर उन्हें गर्व है। हम पाकिस्तान से खाली हाथ आए थे। हमारे बुजुर्गों ने अथक प्रयास कर इतिहास रच दिया है। श्री अरोड़ा रविवार को डेंपियर नगर स्थित होटल क्रिस्टल इन में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनैतिक गलियारों में भी समाज की पकड़ मजबूत हुई है। सभासद से विधायक, सांसद तक हमारे समाज ने अपना परचम लहराया है। इसे और गतिशील बनाना होगा। देश हित में समाज को आगे चलकर नेतृत्व करना होगा। वह किसी के बहकावे में न आए,जो उन्हें सहयोग दे रहा है, समाज उन्हीं के साथ देश के विकास में खड़ा रहेगा। इससे पूर्व जनपद की इकाई की कमान जनपद निवासी आशीष अरोड़ा को सौंपी गईं जिलाध्यक्ष आशीष अरोड़ा ने कहा कि जो दायित्व समाज ने उन्हें सौंपा है, उसे वह पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएंगे और समाज में युवाओं को जोड़ने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि खत्री पंजाबी समाज ने देश की प्रगति में महती योगदान दिया है, इसे और आगे बढ़ाना है। उन्होंने समाज की महिलाओं को आगे आकर संगठन और समाज में अनेक दायित्वों पर काम करने का आह्वान दिया संचालन करते हुए महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनुज कपूर ने कहा कि खत्री पंजाबी सभा ने योगेश्वर श्रीकृष्ण की नगरी में युवा को दायित्व सौंपा है। वह चाहेंगे कि जनपद के साथ समाज का अन्य प्रदेशों में भी संगठन समाज के उत्थान के लिए काम करे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की मंशा के अनुरूप सभी जनपदों में संगठन पूरे जोश में देश और समाज के विकास में अपना योगदान देगा महासभा के अगले चरण में अखिल भारतीय खत्रीध्पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद अरोड़ा,राष्ट्रीय महामंत्री संजीव अरोड़ा,प्रदेश अध्यक्ष अनुज कपूर, प्रदेश उपाध्यक्ष तपन सेठ,प्रदेश महामंत्री राजीव मेहरोत्रा,राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र खन्ना के प्रथम बार आगमन पर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में अगम मेहरा,अंशु सरीन, कैलाश खन्ना, सतीश खन्ना,राजेश भाटिया, जेपी कपूर, कीर्ति कपूर आदि शामिल रहे।

# चोरी की मोटर साईकिल सहित दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** थाना पूरनपुर पुलिस द्वारा 2 शातिर वाहन चोरों को चुराई गयी मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

थाना पूरनपुर पुलिस द्वारा चोरी / नाजायज असलहा रखने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पूरनपुर पुलिस द्वारा रात्रि गस्त के दौरान मुखविर खास की पुष्ठ सूचना के आधार पर अंसू पुत्र सुरेन्द्र पांडे नि० मोहम्मदपुर भायपुर थाना पूरनपुर अरुण पाण्डेय पुत्र सुरेन्द्र पांडे नि० मोहम्मदपुर भायपुर थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत को स्पलेन्डर प्लस, बिना नम्बर प्लेट, रंग काला को कलीनगर से माधोटांडा जाने वाले रास्ते पर जय अंबे राईस के निकट माधोटांडा की तरफ पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

उपरोक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त आशू पाण्डेय उर्फ अंसू शातिर अन्तर्जनपदीय चोर है जिसके विरुद्ध जनपद में एवं जनपद के बाहर के थानों पर विभिन्न अभियोग पंजीकृत है।

# चेयरमैन डा. आस्था के नेतृत्व में शहर को इस साल मिली नई पहचान




**पीलीभीत।** नगर पालिका परिषद पीलीभीत में वर्ष 2025 के दौरान चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापक, योजनाबद्ध और जनहितकारी विकास कार्य कराए गए। सड़क, नाली, पथ प्रकाश, पेयजल, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं जनसुविधाओं से जुड़े दर्जनों कार्यों को धरातल पर उतारते हुए नगर पालिका ने शहरवासियों को बड़ी राहत प्रदान की है। नगर के लगभग सभी वार्डों में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण, जर्जर सड़कों का पुनर्निर्माण, जलभराव से निजात के लिए आरसीसी नालियों का निर्माण, पार्कों का सौंदर्यीकरण तथा सार्वजनिक स्थलों का विकास कराया गया। इन कार्यों से यातायात व्यवस्था सुगम होने के साथ-साथ नागरिकों के जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। वर्ष 2025 में शहर के अनेक वार्डों में सीसी मार्ग एवं नालियों का निर्माण कराया गया। वर्षों से चली आ रही जलभराव, कीचड़ एवं आवागमन की समस्या से स्थानीय नागरिकों को राहत मिली है। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आरसीसी एवं कवर नालियों का निर्माण कराया गया। मुख्य मार्गों के साथ-साथ आवासीय क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराए गए, जिससे जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। नगर में पथ प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए लगभग 2500 प्वाइंट पर स्ट्रीट लाइटें लगवाई गईं, जबकि 145 प्रमुख स्थानों पर हाईमास्ट लाइट पोल स्थापित किए गए। इससे रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था बेहतर होने के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत हुई है। हर घर जल योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ किया गया। शहर में तीन नए नलकूप स्थापित किए गए तथा गलियों में पाइप लाइन लीकेज की समस्या का समाधान कराया गया। मोहल्ला पूरनमल, जहां पिछले 20 वर्षों से घरों में पानी नहीं पहुंच रहा था, वहां भी नियमित जलापूर्ति शुरू कराई गई। योजना के तहत नगर में कई किलोमीटर नई पाइप लाइन बिछाई गई है, जिसे बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इसके अलावा शहर के प्रमुख स्थानों पर आरओ प्लांट एवं वाटर कूलर लगाए गए हैं तथा राहगीरों की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर हैंडपंप भी स्थापित किए गए हैं। डॉ. आस्था अग्रवाल के कार्यकाल में पार्कों का सौंदर्यीकरण, ओपन जिम, ओपन स्पेस पार्क, तालाबों का विकास, सेल्फी प्वाइंट एवं सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया गया। इन प्रयासों से स्वच्छ भारत मिशन को भी मजबूती मिली है। नगर विकास योजना, राज्य सेक्टर योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सीवरेज एवं जल निकासी योजनाओं के अंतर्गत कराए गए कार्य यह दर्शाते हैं कि नगर पालि. का परिषद ने योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित न रखकर उन्हें प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा है। इसके अतिरिक्त मेस्टर्न लाइब्रेरी स्थित ऐतिहासिक भवन में नगर पालि. का के गेस्ट हाउस का निर्माण, उसके समीप डिजिटल लाइब्रेरी एवं संग्रहालय की स्थापना तथा वाटर वर्क्स कंपाउंड में 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बारात घर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। शहर में सुबह नागरिकों को साफ-सुथरी सड़कें उपलब्ध कराने के लिए नाइट स्वीपिंग व्यवस्था लागू की गई है। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन योजना भी संचालित की जा रही है। पालिका के कर्मचारियों का काफी भुगतान बकाया था। काफी हद तक उन्हें भुगतान दिलाया गया। डॉ आस्था अग्रवाल द्वारा पिछले दो वर्षों में कर्मचारियों का लगभग 7 करोड रुपए से अधिक का बकाया भुगतान किया गया। कर्मचारियों का हौसला बढ़ा रहे इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर पालि. का कार्यालय पर कर्मचारी सम्मान समारोह आयोजित करके उन्हें अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया गया।

## चेयरमैन का बयान

नगर पालिका परिषद की चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले समय में भी नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

# बीएसए ने 72 प्रधानाध्यापकों का वेतन रोका

शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** छात्र-छात्राओं की अपार आईडी बनाने के कार्य में लाप. रवाही बरतने वाले प्रधानाध्यापकों पर बीएसए रतन कीर्ति ने कार्रवाई की है। 72 प्रधानाध्यापकों का दिसंबर का वेतन रोकने के आदेश दिए हैं। कार्य में सुधार करने वाले शेष 313 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के वेतन जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। नवंबर में समीक्षा में सामने आया था, 385 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व इंचार्जप्रधानाध्यापक अपार आडी, यू डाइस के कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं। 385 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक का वेतन रोक दिया गया था। 24 दिसंबर की स्थिति के आधार पर 385 परिषदीय विद्यालयों की समीक्षा की गई, 72 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा अपार आईडी सृजन से संबंधित कार्य को वेतन अवरुद्ध करने पर भी पूर्ण नहीं किया गया। यह स्थिति खेदजनक है, जिले की रैंक भी प्रभावित हुई है। 72 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक का दिसंबर का वेतन अरुद्ध रखते हुए शेष 313 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का वेतन जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। 31 दिसंबर तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश

# कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस मनाया




**मथुरा।** कांग्रेस मथुरा के जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140 वां स्थापना दिवस शहर के सेठवाड़ा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के साथ हुई।

ध्वजा रक्षक सेवादल के पूर्व अध्यक्ष मनोज गौड़ द्वारा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर से कार्यालय पर पार्टी का ध्वजारोहण कराया।जिलाध्यक्ष ने बताया कि 28 दिसंबर 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई थी इसके प्रथम अध्यक्ष कोमेशचंद्र बनर्जी थे कांग्रेस पार्टी एक विचारधारा सिद्धांत धर्मनिरपेक्ष मूल्यों में विश्वास करने वाली पार्टी का नाम है कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में देश की स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी गई आजादी के बाद पार्टी के नेतृत्व में देश में पंचवर्षीय योजना, योजना आयोग का गठन आई.आई.टी कॉलेज, एम्स जैसे हॉस्पिटल, जे.एन.यू जैसे विश्वविद्यालय, मनरेगा, सूचना का अधिकार कानून, खाद्य सुरक्षा गारंटी योजना, शिक्षा गारंटी कानून, जैसे हजार कानून देश हित एवं राष्ट्र में बने लेकिन आज नरेंद्र मोदी सरकार ने इन योजनाओं को नष्ट करने के सिवाय कोई कार्य नहीं किया पार्टी के 140 में स्थापना दिवस पर घोषणा करते हुए कहा कि जिस प्रकार अंग्रेजों के जुल्म अत्याचार के आगे कांग्रेस के दिग्गज नेता झुके नहीं थे उसी तर्ज पर पार्टी द्वारा नरेंद्र मोदी के जुल्म, अत्याचार,संवैधानिक संस्थानों पर अंकुश, बंधुआ मजदूर बनाकर रखने के खिलाफ लोकतंत्र संविधान बचाने के लिए पार्टी सड़क से लेकर संसद तक जन आंदोलन करेगी। पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने कहा कि आज लोकतंत्र का सबसे विश्वसनीय स्तंभ न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह उठ रहे हैं बलात्कार करने वाले दंगाई माफियों को सजा के बदले सजा को निलंबन किया जा रहा है चुनाव आयोग कहता है कि एस. आर.आई का निर्णय उसका नहीं है सिर्फ दो व्यक्ति देश को अपने इशारे पर चला रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन मनोज गौड़ ने किया। कार्यक्रम में कीर्ति कुमार कौशिक, आदित्य तिवारी, रूपा लवानिया, ललिता देवी, प्रेम शंकर शर्मा, उमाशंकर शर्मा, कुंवर सिंह निषाद, महेश चौबे, आशीष चतुर्वेदी, आशीष अग्रवाल, प्रवीण ठाकुर, हर्ष चौरसिया, अरुण गौतम, अप्रतिम सक्सेना, हाशिम हुमेर, पूरन सिंह, बालवीर प्रधान, करन निषाद, मोनू निषाद, योगेश निषाद, अरनव चौधरी, रवि वाल्मीकि, रूपेश धनगरश् अशोक सैनी, पीयूष अग्रवाल, कलुआ, अनवार फारुकी, अनिल खरे, सुरेश शर्मा, अर्पित जादौन, अशोक कुमार, अभय प्रताप सिंह, भगवान सिंह, अजीम शाह, प्रियंका शर्मा, संजय शर्मा, कमल शर्मा,दिलशाद खान आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# आयुष्मान कार्ड मुहिम में बरेली दूसरे स्थान पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान में बरेली जिले ने प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। 25 नवंबर से 25 दिसंबर तक चले इस अभियान के तहत बरेली में 21,606 कार्ड बनाए गए। वहीं, पीलीभीत जिला 73वें पायदान पर रहा।

शासन ने छूटे हुए पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिलेवार रैंकिंग जारी की है। प्रदेश के 75 जिलों में बरेली दूसरे स्थान पर रहा, जबकि पीलीभीत 73वें पायदान पर दर्ज हुआ। मंडल के अन्य जिलों में बदायूं 13वें और शाहजहांपुर 49वें स्थान पर रहे। लखीमपुर खीरी को 15वां स्थान मिला है। बरेली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि मुख्य सचिव के निर्देश पर 25 नवंबर से 25 दिसंबर तक छूटे हुए पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष मुहिम चलाई गई थी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि पात्र परिवारों का कोई भी सदस्य आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित न रहे। इस मुहिम के दौरान 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड भी बनाए गए। आयुष्मान कार्ड बनाने का नियमित डेटा स्टेट हेल्थ एजेंसी को भेजा गया, ताकि रिपोर्ट समय पर अपडेट हो सके। छूटे हुए लोगों का रिकॉर्ड भी सभी टीमों को उपलब्ध कराया गया, जिससे परिवार के सभी सदस्यों के कार्ड बन सकें। मासिक गतिविधि रिपोर्ट के अनुसार, बरेली मंडल में कुल 21,606 कार्ड बरेली में बनाए गए। बदायूं में 10,326, शाहजहांपुर में 8,622 और पीलीभीत में 2,291 कार्ड बने। मंडल से बाहर लखीमपुर खीरी में 10,271 कार्ड बनाए गए।

इसी मुहिम के दौरान एक पंचायत सहायक ने जब अपने परिवार के छूटे हुए लोगों की सूची देखी, तो उसमें उसके 55 अन्य रिश्तेदार और नातेदार भी जुड़े मिले। इन सभी नामों को अब कार्ड सूची से हटा दिया गया है।

# मुख्यमंत्री योगी ने बरेली के एसएसपी को उत्कृष्ट सेवा पदक से नवाजा

**अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और सीरियल किलिंग मामले के खुलासे पर मिला राज्यस्तरीय सम्मान**




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य को वर्ष 2024 के उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया है। यह सम्मान रविवार को लखनऊ में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्रीगण, शीर्ष अधिकारी और उत्तर प्रदेश पुलिस के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसएसपी अनुराग आर्य के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बरेली जनपद में अपराध नियंत्रण के साथ-साथ शांति एवं कानून व्यवस्था को प्रभावी ढंग से बनाए रखा। मुख्यमंत्री ने उनके धैर्य, नेतृत्व क्षमता और त्वरित निर्णय लेने की प्रशंसा करते हुए स्वयं उनकी पीठ थपथपाई।

बताया गया कि 26 सितंबर 2025 को बरेली का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया था। उस संवेदनशील स्थिति में एसएसपी अनुराग आर्य ने संयम और सूझबूझ के साथ त्वरित कार्रवाई की, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सका और शहर में शांति व्यवस्था बनी रही। साल 2024 में जनपद बरेली की कमान संभालने के बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने शाही थाना क्षेत्र के चर्चित सीरियल किलिंग मामले का सफल खुलासा किया था। शाही और शीशगढ़ थाना क्षेत्रों में एक वर्ष के भीतर करीब 11 महिलाओं की हत्या से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ था। यह मामला लंबे समय से चुनौती बना हुआ था।

पूर्व में बरेली में तैनात रहे कई वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी भी इन घटनाओं का खुलासा नहीं कर सके थे। एसएसपी अनुराग आर्य ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए गहन जांच कर नवाबगंज निवासी कुलदीप गंगवार को गिरफ्तार किया और छह हत्याओं का खुलासा किया। इस कार्रवाई से न केवल पीड़ित परिवारों को न्याय की उम्मीद मिली, बल्कि पुलिस की कार्यशैली पर जनता का भरोसा भी मजबूत हुआ। एसएसपी अनुराग आर्य को मिला यह सम्मान बरेली पुलिस की मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा और जनहित में की गई सख्त कार्रवाई का प्रमाण माना जा रहा है।

## एक नजर

# रुपये लेने के बाद भी नहीं कराया जमीन का बैनामा सीओ के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** जमीन का बैनामा कराए जाने को लेकर हुए विवाद में एक अनुसूचित जाति की महिला के साथ दबंगों ने गाली-गलौज कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के साथ ही मारपीट व धमकी दी। घटना की रिपोर्ट थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के बिथरी चैनपुर गांव की राजकुमारी पत्नी रामप्रकाश का आरोप है कि उन्होंने ग्राम नरहरपुर गौरीखेड़ा स्थित गाटा संख्या 476 की 0.342 हेक्टेयर भूमि को 9 लाख रुपये में खरीदने का सौदा बाबूराम पुत्र मिर्दास, थाना हाफिजगंज के ग्राम प्रेमपुर मुरारपुर से किया था। आरोप है कि सौदे के तहत 5 लाख रुपये बाबूराम को पहले ही दे दिए गए थे, और बैनामा 24 अक्टूबर 2025 को होना तय हुआ था। पीड़िता के अनुसार तय तारीख पर आरोपी बैनामा कराने नहीं पहुंचे। बाद में जब उन्होंने संपर्क किया तो बाबूराम, उसके पुत्र अजयपाल व अंगद और पत्नी अनारकली ने उनके साथ अभद्रता की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया। घटना की रिपोर्ट सीओ के आदेशों पर थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है।

# फर्जी सेल्समैन बनकर ठगे साढ़े 14 लाख, दो ठगों को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** कोतवाली पुलिस ने फर्जी सेल्समैन बन कर साढ़े 14 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सनराइज कॉलोनी, हाफिजगंज निवासी राजवीर कौर और ग्राम हरसिंहपुर पूरनपुर, पीलीभीत निवासी रंजीत सिंह के रूप में हुई।

10 मार्च को गांव साफूवाला, थाना मोगा निवासी सुरजीत सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि कार एजेंसी के फर्जी सेल्स एजेंट बनकर फर्जी और कूटरचित रसीद बनाकर साढ़े 14 लाख रुपये उनसे ठग लिए गए। पुलिस टीम दोनों की तलाश कर रही थी। सुरेश शर्मा नगर चौराहा पर होने की जानकारी हुई, जिस पर पुलिस टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। राजवीर कौर पर चार और रंजीत पर तीन आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में दोनों ने बताया कि ये लोग मिलकर लोगों को नई गाड़ी अधिक डिस्काउंट पर दिलाने और तत्काल डिलीवरी दिलाने का प्रलोभन देकर रुपये ठगते हैं। फर्जी दस्तावेज तैयार कर देते हैं, ताकि उन्हें विश्वास हो जाए और अपना पता बदलकर दूसरी जगह रहने लगते हैं।

# शादी से किया इन्कार, प्रेमी की दुकान के आगे लड़की ने खा लिया जहर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** कोतवाली क्षेत्र में कुतुबखाना में प्रेमनगर निवासी एक 20 वर्षीय युवती ने अपने प्रेमी की दुकान पर जाकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। युवती की हालत नाजुक है और जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है। परिजन युवती की स्थिति सही होने पर रिपोर्ट दर्ज कराएंगे।

युवती का प्रेम संबंध इज्जतनगर थाना क्षेत्र के बिहार कला निवासी युवक से था। दोनों के बीच प्यार परवान चढ़ा तो परिवार भी रिश्ते के लिए राजी हो गए। शादी की तारीखों के सपने देखे जा रहे थे, लेकिन तभी दहेज का जहर रिश्ते में घुल गया। आरोप है कि युवक ने शादी के बदले दहेज की मांग शुरू कर दी और मांग पूरी न होने पर शादी से साफ इन्कार कर दिया। आहत युवती सीधे कुतुबखाना स्थित युवक के जनरल स्टोर पर पहुंची और वहीं जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन बदहवास हालत में पहुंचे और युवती को जिला अस्पताल पहुंचाया।

# विश्वविद्यालय की फर्जी वेबसाइट बनाने के मामले में एफआईआर दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट की नकल करते हुए फर्जी वेबसाइट बना ली गई। इस पर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम, प्रवेश, परीक्षा आदि से जुड़ी जानकारियां भी पोस्ट की गईं। इससे छात्र-छात्राओं और अधिकारियों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। विश्वविद्यालय के वेबसाइट कोऑडिनेटर ने अज्ञात के खिलाफ बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोऑडिनेटर डॉ. अख्तर हुसैन ने पुलिस से शिकायत की कि विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट .उरचतन.ब.पद की नकल करते हुए किसी व्यक्ति ने धोखाधड़ी करने के लिए .उरचतन.वतह.पद नकली वेबसाइट बनाकर विश्वविद्यालय के तमाम कार्यक्रम, योजनाएं पोस्ट कर दिए हैं। फर्जी वेबसाइट सुनियोजित साजिश और धोखाधड़ी का हिस्सा है। इससे विश्वविद्यालय से संबद्ध 240 कॉलेजों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अधिकारियों में भ्रम पैदा हो गया है। विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा पर भी असर पड़ रहा है। विश्वसनीय जैसी दिखने वाली नकली वेबसाइट पर छात्र-छात्राओं से शुल्क समेत अन्य संवेदनशील जानकारियां भी ली जा रही हैं। फर्जी वेबसाइट के जरिये छात्र-छात्राओं से ठगी की संभावना है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कड़ी कार्रवाई और वेबसाइट को ब्लॉक कराने की मांग की है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# मौलाना तौकीर के एक और करीबी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** आई लव मोहम्मद पोस्टर को लेकर शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के मामले में बारादरी थाना पुलिस ने शनिवार को आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के करीबी चक महमूद निवासी यूनुस को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि 26 सितंबर को मौलाना तौकीर रजा समेत 29 लोगों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आरोप था कि सैलानी रोड पर भीड़ ने सिर तन से जुदा के नारे लगाते हुए चौकी इंचार्ज की टीम पर हमला कर दिया। सूचना पर इंस्पेक्टर फोर्स के साथ शहामतगंज पुल के पास पहुंचे। यहां मौलाना आजाद कॉलेज की ओर से आ रही 200-250 लोगों की भीड़ ने पुलिस पर फिर से हमला कर दिया। भीड़ ने पुलिस पर पथराव करते हुए पेट्रोल बम फेंकना शुरू कर दिया, जिसमें कई पुलिस कर्मी घायल भी हुए। इस मामले में जांच क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर संजय धीर कर रहे थे। जांच के दौरान आठ नाम और प्रकाश में आए। इनमें एक बाल अपचारी भी शामिल है। शुक्रवार को सभी 38 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी कोर्ट में दाखिल कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में फरार एक और आरोपी युनुस को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# कोहरा और ठंड से थमी ट्रेनों की रफ्तार, प्लेटफार्म पर ठिठुरते हुए करना पड़ा इंतजार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** कोहरे में ट्रेनों के लेट और रद्द होने का क्रम जारी है। बरेली जंक्शन पर शनिवार को भी दर्जनों ट्रेनें देरी से पहुंची तो कई रद्द रहीं। ट्रेन नंबर 15119 देहरादून जनता एक्सप्रेस, 12327 देहरादून कुंभ एक्सप्रेस रद्द रही।

इसके अलावा 22453 मेरठ सिटी राज्यरानी 3 घंटे 20 मिनट, 22551 अमृतसर अन्त्योदय सुपरफास्ट 2 घंटे, 03224 राजगीर स्पेशल 10 घंटे, 20503 नई दिल्ली राजधानी 50 मिनट, 14206-05 अयोध्या एक्सप्रेस, 13019-20 बाघ एक्सप्रेस, 13152 कोलकाता एक्सप्रेस तीन-तीन घंटे देरी से आईं। 14207 पद्मावत एक्सप्रेस, 22454 राज्यरानी एक्सप्रेस, 13429 मामलदा टाउन एक्सप्रेस, 12469 कानपुर-जम्मूतवी एक्सपप्रेस, 12353 हावडा-लालकुआं मेल, 15716 गरीब नवाज एक्सप्रेस दो-दो घंटे, 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस तीन घंटे देरी से आईं। लेटलतीफी की शिकायत पर रेलवे के अधिकारियों ने दृश्यता कम होने की बात कही है।

# पेसमेकर जांच शिविर में दर्जनों मरीजों ने कराई जांच



शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** गंगाशील अस्पताल में रविवार को पेसमेकर लगाए गए मरीजों के लिए एक जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 300 से अधिक लोगों ने अपने पेसमेकर की तकनीकी और चिकित्सकीय जांच कराई।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार, 28 दिसंबर को आयोजित इस शिविर में कुल 318 मरीज पहुंचे। इनमें से कुछ मरीजों को रियायती दरों पर परामर्श दिया गया, जबकि कई मरीजों की हृदय संबंधी अतिरिक्त जांचें भी की गईं। शिविर के दौरान मरीजों की ईसीजी, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। इसके अलावा जरूरत के अनुसार इकोकार्डियोग्राफी (ईको) और अन्य रक्त जांचें भी कराई गईं। अस्पताल ने बताया कि सभी मरीजों को नि:शुल्क प्राथमिक जांच और विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराया गया। हृदय रोग विशेषज्ञों ने बताया कि पेसमेकर लगे मरीजों के लिए नियमित जांच आवश्यक होती है, ताकि उपकरण की कार्यक्षमता और मरीज की हृदय स्थिति पर समय रहते निगरानी रखी जा सके। अस्पताल की कार्यकारी निदेशक डॉ. शालिनी माहेश्वरी ने कहा कि सर्दियों के मौसम में हृदय रोगियों को अतिरिक्त सावधानी की जरूरत होती है और ऐसे शिविर मरीजों को समय पर जांच का अवसर प्रदान करते हैं।

गंगाशील अस्पताल पिछले कई वर्षों से साल में दो बार इस तरह के पेसमेकर जांच शिविर आयोजित करता आ रहा है। अस्पताल के अनुसार, भविष्य में भी इस तरह की स्वास्थ्य सेवाएं जारी रहेंगी, ताकि मरीजों को नियमित और सुलभ चिकित्सा सहायता मिल सके।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष सकलैनी ने भाजपा पर साधा निशाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वोट चोर अब कभी सत्ता में नहीं आएंगे और आने वाला चुनाव एक नई इबारत लिखेगा। सकलैनी ने यह बात चराग मियां की मजार पर चल रहे मेला उर्स के दौरान कही।

मजार पर चादरपोशी के बाद उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। अपनी तकरीर में उन्होंने कांग्रेस और अपने नेता राहुल गांधी की जमकर तारीफ की। साथ ही, उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना भी की। चराग मियां के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए सकलैनी ने कहा कि वह यहां मन्नतों के चिराग जलाने आए हैं और उन्हें विश्वास है कि उनकी मन्नतें पूरी होंगी।



इसी अवसर पर एडवोकेट रियाज अहमद ने अपने कई साथियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इससे पहले, सकलैनी के पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्हें हार-फूल पहनाए गए और उनके समर्थन में नारे लगाए गए।

स्वागत करने वालों में शबाब अली और उनके साथी प्रमुख रहे।

# सनातन, शिक्षा, संस्कृति समाज के ध्वजवाहक महामना मदन मोहन मालवीय

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम गोल्डन पैलेस भोजीपुरा में आयोजित किया गया।

पूर्व विधायक राजेश मिश्रा पप्पू भरतौल और संजय मिश्रा ने भगवान परशुराम जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजकों ने सभी मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि संजय मिश्रा ने कहा कि विप्र समाज सनातन संस्कृति में शिक्षक की भूमिका निभाता है। उन्होंने शिक्षा ग्रहण करने और शिक्षा बांटने को समाज का मुख्य उद्देश्य बताया। इस अवसर पर राजेश मिश्रा पप्पू भरतौल ने समाज को संगठित और एकजुट रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विमल मिश्रा को ब्राह्मण युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर संतजनों के साथ पं. आचार्य संजीव गौड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं. सुरेन्द्र पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष पं. त्रिभुवन शर्मा, मंडल अध्यक्ष



पं. ब्रह्मानंद शर्मा, जिला अध्यक्ष पं. गजेन्द्र पाण्डेय, जिला महामंत्री पं. महेश चन्द्र पाठक, पं. डॉ. सुषमा दीक्षित, पं. आभा तिवारी, पं. दिव्य चतुर्वेदी, पं. कौशल सारस्वत, पं. अनिल मुनि मिश्रा, पं. अभिषेक द्विवेदी, पं. रामनिवास मिश्रा, पं. आकाश नारायण पाराशर, सिंटू पाठक, आशीष शर्मा, प्रशांत शर्मा, पं. रामबाबू शर्मा, पं. सर्वेश पाठक, पं. विचित्र विवेक शंखधार, पं. अंश तिवारी एड., पं. मोहित मिश्रा, पं. घनश्याम दास, मणिनाथ मिश्रा और अनुपम पंडित सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दिनदहाड़े लूट, थाने में बना दी गई छिनैती

**प्रेमनगर पुलिस की क्रिएटिव इन्वेस्टिगेशन पर उठे गंभीर सवाल**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े महिला साइकोलॉजिस्ट के घर घुसकर हुई लूट की वारदात ने अपराध से ज्यादा पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राजेंद्रनगर स्थित पीडब्ल्यूडी आवास विकास कॉलोनी में रहने वाली रेनू वाला, जो पीलीभीत में साइकोलॉजिस्ट के पद पर कार्यरत हैं, 22 दिसंबर को दोपहर करीब एक बजे अपने घर में अकेली थीं। इसी दौरान ई-रिक्शा से आया एक युवक खुद को पीडब्ल्यूडी का मेंटेनेंस कर्मचारी बताकर घर में घुसा और महिला से हाथापाई कर मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गया।

पीड़िता ने घटना के तुरंत बाद प्रेमनगर थाने में तहरीर दे दी थी, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में चार दिन का समय लगा दिया। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह रही कि जब एफआईआर दर्ज की गई तो घर में घुसकर की गई लूट जैसी गंभीर वारदात को छिनैती की धाराओं में दर्ज कर दिया गया। इस पर सवाल उठने लगे कि क्या अपराध की गंभीरता को जानबूझकर कम किया गया।

मामले की जांच सीओ प्रथम आशुतोष शिवम को सौंपी गई। जांच के दौरान घटनाक्रम, एफआईआर में हुई देरी और धाराओं के चयन में गंभीर लापरवाही सामने आई।

जांच के बाद सीओ प्रथम ने प्रेमनगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजबली की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए एसएसपी को अपनी रिपोर्ट भेज दी है। रिपोर्ट के आधार पर विभागीय कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

बाद में प्रेमनगर पुलिस ने जोगीनवादा निवासी मंजीत राठौर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से लूटा गया मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल किया गया ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया, जिससे अपराध की पुष्टि तो हो गई, लेकिन पुलिस की शुरुआती कार्रवाई पर उठे सवाल अब भी बने हुए हैं।

जब आरोपी की गिरफ्तारी और बरामदगी से यह साफ हो गया कि घटना लूट की थी, तो फिर शुरुआत में धाराएं क्यों बदली गईं और एफआईआर दर्ज करने में चार दिन की देरी क्यों की गईख्रयह सवाल अब पुलिस महकमे के लिए चुनौती बन गया है। इस पूरे मामले ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि कानून अपराधियों के प्रति नरम है या फिर थाने की चौखट पर पहुंचते ही अपराध को हल्का कर दिया जाता है।

# रिपोर्ट दर्ज होने के 22 माह बाद भी नहीं हट सका करोड़ों की भूमि से कब्जा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** अभिलेखों में हेराफेरी कर सरकारी भूमि पर कब्जा किए जाने के मामले में 22 माह पहले दर्ज कराई गई धोखाधड़ी की रिपोर्ट के बाद भी भूमि से कब्जा नहीं हट सका है। भूमि की कीमत करीब तीन करोड़ बताई जा रही है।

क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर के गाटा संख्या 508,116,739 जो श्रेणी 3 की भूमि थी, जिसके पट्टे ग्राम प्रधान द्वारा प्रस्तावित कर एसडीएम को प्रेषित कर दिया गया था, जिसपर उन्होंने 26.7.2013 को स्वीकृति प्रदान की थी। बताया जाता है कि अभिलेखों में हेराफेरी कर इसका गाटा संख्या बदलते हुए रकवा भी बढ़ा दिया गया था। शिकायत पर ग्राम के तत्कालीन लेखपाल द्वारा की गई जांच में भी अभिलेखों में हेराफेरी होना पाया गया था। पट्टा खारिज किए जाने के बाद भी पट्टा धारक संतराम का भूमि पर कब्जा बना रहा था। सरकारी भूमि पर कब्जा किए जाने की कई बार शिकायतें किए जाने के बाद 4 फरवरी 2024 को ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने वाले और अभिलेखों में हेराफेरी करने वाले ग्राम के संतराम के खिलाफ गांव के लालाराम और सूरजपाल द्वारा तहसील दिवस में की गई शिकायत पर कोतवाली नवाबगंज में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

बताया जाता है कि रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के कुछ दिनों बाद आरोपी संतराम का निधन हो गया था, और दर्ज कराई गई रिपोर्ट पर पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट लगा दी, बताया जाता है कि पिता का निधन होने के बाद अब उनके पुत्रों द्वारा ग्राम समाज की इस बेशकीमती भूमि पर कब्जा जमा लिया गया है।

## मुख्य मार्ग पर है ग्राम समाज की भूमि

जिस ग्राम समाज की इस बेशकीमती भूमि पर अवैध कब्जा है वह बरखन दलेलनगर रोड पर है। इस भूमि की कीमत करीब तीन करोड़ बताई जा रही है। कीमती जमीन पर अपना कब्जा बनाए रखने के लिए कब्जेदार का तहसील कर्मियों ने भी खूब साथ दिया है, जिसके चलते 22 माह गुजर जाने के बाद भी सरकारी भूमि से कब्जा नहीं हट सका है।

## तहसीलदार ने कहा होगी कार्यवाही

इस मामले में जब तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके तहसील में पदभार ग्रहण करने से पहले का मामला है, लेकिन अगर ग्राम समाज की इस कीमती जमीन पर अवैध कब्जा है तो वह इसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेंगे। उन्होंने कहा जो भी इस मामले में तहसील का कर्मी शामिल पाया जाएगा उसके खिलाफ भी कार्यवाही कराई जाएगी।

# एसटीएफ यूनिट के हेड कांस्टेबल अरुण कुमार को मिला मुख्यमंत्री का उत्कृष्ट सेवा पदक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की बरेली यूनिट में तैनात हेड कांस्टेबल अरुण कुमार को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध नियंत्रण में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया।

अरुण कुमार लंबे समय से एसटीएफ बरेली यूनिट में तैनात हैं, और उन्होंने कई संवेदनशील अभियानों, अपराधियों की गिरफ्तारी और महत्वपूर्ण मामलों के खुलासे में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी कार्यशैली, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार सराहा जाता रहा है। एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार, अरुण कुमार ने न सिर्फ टीम के साथ मिलकर चुनौतीपूर्ण अभियानों को सफल बनाया, बल्कि कठिन परिस्थितियों में भी कर्तव्य के प्रति निष्ठा और साहस का परिचय दिया। इसी के चलते उन्हें मुख्यमंत्री के इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक मिलने की खबर से एसटीएफ बरेली यूनिट में खुशी का माहौल है। अधिकारियों और सहकर्मियों ने अरुण कुमार को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरी यूनिट के लिए गौरव का विषय है, और इससे पुलिस बल का मनोबल बढ़ेगा।



अरुण कुमार ने सम्मान मिलने पर कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरी एसटीएफ टीम की मेहनत का परिणाम है, और वे आगे भी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहेंगे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# सांसद संजय सिंह बैलगाड़ी पर पहुंचे जरौल गांव

**पीएम मोदी और बजरंग दल पर साधा निशाना, दिए बड़े बयान**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह रविवार को बरेली पहुंचे। वह फतेहगंज पूर्वी के जरौल गांव में बैलगाड़ी पर बैठकर एक सभा को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा सरकार और बजरंग दल पर जमकर निशाना साधा।

संजय सिंह ने बांग्लादेश में हो रही घटनाओं पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को इस मामले में सख्त हस्तक्षेप करना चाहिए और बांग्लादेश सरकार को कड़ा संदेश देना चाहिए। सांसद ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी अदाणी के व्यापारिक हितों के कारण चुप हैं, क्योंकि बांग्लादेश में अदाणी का बिजली कारोबार है।



उन्होंने कहा, 'मोदी जी भारत के प्रधानमंत्री नहीं, अदाणी के प्रधानमंत्री हैं।'

बरेली में क्रिसमस से पहले चर्च के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ किए जाने पर आप सांसद ने बजरंग दल की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का संदेश देता है, लेकिन बजरंग दल इसे गलत तरीके से प्रचारित कर रहा है। संजय सिंह ने सवाल किया कि हनुमान चालीसा मंदिर में पढ़नी चाहिए, चर्च या मस्जिद में पढ़ने के लिए किसने कहा। संजय सिंह ने बजरंग दल पर होटलों में घुसकर मारपीट करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इससे लोग भयभीत हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश में रोजगार मांगने वाले युवाओं को लाठी मिलने का जिक्र करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। सांसद ने कहा कि लोग भाजपा से निजात चाहते हैं और आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ नफरत की बुनियाद पर हिंदुस्तान को बनाना चाहती है।

एसआईआर पर संजय सिंह ने कहा कि जो बिहार में हुआ, अब यूपी में भी वही काम हो रहा है। वोट को बचाने की जरूरत है। बाबा साहब ने मतदान का अधिकार देश के हर नागरिक को दिया है। संविधान गारंटी देता है कि सबको सम्मान के साथ जिंदगी जीने का हक है। लेकिन यूपी में कहीं दलित को घोड़ी पर नहीं चढ़ने दिया जाता तो कहीं कथावाचक की चोटी काटी जाती है।

कहीं पर पिछड़े वर्ग के लोगों का आरक्षण खाया जा रहा है। यह तमाम परिस्थितियां दिखाती हैं कि उत्तर प्रदेश में दलितों और पिछड़ा का अधिकार छीना जा रहा है।

# अंडा विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर खाद्य विभाग की छापेमारी

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने प्रतिष्ठानों से अंडों के नमूने लेकर किया उन्हें विधिवत सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में देसी अंडों की आड़ में मिलावट और प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। शनिवार रात विभागीय टीम ने शहर के दो नामी अंडा विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर अचानक छापा मारकर अंडों के नमूने एकत्र किए और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया।



खाद्य अधिकारी आरपी गुप्ता के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान सिकंदर गेट क्षेत्र स्थित समीर एग्स तथा पुराना बाजार में भारत एग सेंटर का निरीक्षण किया गया। टीम ने दोनों स्थानों से अंडों के नमूने लेकर उन्हें विधिवत सील किया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने पर आगे की कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के समय यह भी सामने आया कि दुकानों पर अंडों का भंडारण खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं था। अंडे खुले स्थान पर, अस्वच्छ हालात में रखे गए थे, जिससे उनकी गुणवत्ता और स्वास्थ्य सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं। इसके अलावा दुकानदार अंडों की खरीद से संबंधित बिल, रसीदें और अन्य आवश्यक दस्तावेज भी मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सके। इन खामियों को देखते हुए विभाग ने दोनों दुकानदारों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय के भीतर आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने और भंडारण व्यवस्था को मानकों के अनुरूप करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नियमों का पालन न होने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। सहायक खाद्य आयुक्त सुनील कुमार ने बताया कि मिलावटी और स्वास्थ्य के लिए खतरनाक खाद्य पदार्थों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं, खाद्य सुरक्षा विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि अंडे या अन्य खाद्य सामग्री खरीदते समय उनके रंग, गुणवत्ता और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान दें। किसी भी प्रकार की मिलावट या संदेह होने पर तुरंत विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# नलकूपों से मोटर चोरी, सिंचाई ठप होने से किसानों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के गांव कंदौला में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो किसानों के खेतों में लगे नलकूपों को निशाना बनाते हुए मोटर चोरी कर लीं। चोरी की इस घटना के बाद गांव में आक्रोश फैल गया है और किसान फसलों की सिंचाई को लेकर चिंतित हैं।



जानकारी के अनुसार गांव निवासी मनोज कुमार और मोनू के खेतों में लगे नलकूपों की दीवारें तोड़कर चोर मोटरें निकाल ले गए। सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो नलकूप क्षतिग्रस्त मिले और मोटर गायब थीं। आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन चोरों का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित किसानों का कहना है कि मोटर चोरी हो जाने से उनकी फसलों की सिंचाई रुक गई है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में पहले भी इस तरह की चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि पीड़ित किसानों की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही चोरों कों गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# खुले में जाम छलकाने वाले 199 शराबियों पर पुलिस का शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नववर्ष के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों को अब सीधे हवालात की हवा खानी पड़ सकती है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह विशेष अभियान 15 जनवरी तक लगातार जारी रहेगा।



इसी क्रम में शनिवार देर रात जिलेभर में चलाए गए अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और नशे की हालत में वाहन चलाने वाले कुल 199 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने कई स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर शराबियों को हिरासत में लिया और नियमानुसार चालान व अन्य कानूनी कार्रवाई की। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर मद्यपान से सामाजिक माहौल खराब होता है और सड़क दुर्घटनाओं के साथ-साथ आपराधिक घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। इन्हीं कारणों को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने यह विशेष अभियान शुरू किया है, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित और शांत वातावरण मिल सके। पुलिस ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि अभियान की अवधि में यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते हुए या नशे की हालत में वाहन चलाते पाया गया, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही नागरिकों से कानून का पालन करने और सार्वजनिक मर्यादाओं का सम्मान करने की अपील भी की गई है। पुलिस प्रशासन के अनुसार अभियान के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों, बाजारों, प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है। हापुड़ पुलिस की इस सख्ती से जिले में कानून व्यवस्था मजबूत होने और सार्वजनिक अनुशासन कायम रहने की उम्मीद जताई जा रही है।

# घने कोहरे में हाइवे पर हादसा, पिकअप-कार की टक्कर में महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर रविवार सुबह घने कोहरे के कारण बछलौता फ्लाईओवर पर एक बुलेरो पिकअप और कार की आपस में भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में कार सवार एक महिला घायल हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया।



जानकारी के अनुसार, दिल्ली के कीर्ति नगर निवासी सुनील बुलेरो पिकअप से दिल्ली से बिजनौर जा रहे थे। बछलौता फ्लाईओवर पर पहुंचते ही अचानक पिकअप का टायर फट गया, जिससे वाहन असंतुलित हो गया। इसी दौरान पीछे से आ रही कार पिकअप से टकरा गई। कार मुरादाबाद जनपद के थाना मंझौला क्षेत्र के जयंतीपुर निवासी इरफान चला रहे थे। कार में सवार सलमा इस हादसे में घायल हो गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि महिला को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कर दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# छात्रा से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई को महिला अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक अहम सफलता माना जा रहा है।




थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना हाफिजपुर पुलिस ने छात्रा से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी हिमांशु पुत्र रूपचन्द निवासी गांव दरियापुर भरना, थाना सिम्भावली, जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी को गांव दरियापुर भरना, थाना सिम्भावली क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है और वह घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि महिला सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे अपराधों में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बंद मकान का ताला तोड़कर नगदी व अन्य सामान चोरी कर चोर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र की भोपाल कॉलोनी में चोरी की एक वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक सूने पड़े मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़ दिया और भीतर रखी नकदी समेत घरेलू सामान पर हाथ साफ कर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया।



बताया गया है कि मकान में रहने वाला परिवार पिछले दो दिनों से बाहर गया हुआ था। मकान मालिक रोहित, जो मेरठ में फौज में तैनात हैं, डयूटी पर थे, जबकि उनकी पत्नी टीना रानी अपने दोनों बच्चों के साथ मायके गई हुई थीं। इसी दौरान चोरों ने सुनसान मकान को देखकर वारदात को अंजाम दे दिया। पड़ोसियों ने जब मकान का ताला टूटा हुआ देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में नकदी और अन्य जरूरी सामान चोरी होने की बात सामने आई है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि मकान किराए पर लिया गया था। पीड़ित परिवार के लौटने के बाद ही चोरी गए सामान और रकम का सही आकलन हो सकेगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और अन्य सुराग जुटाए जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## एक नजर

### 85 लाख की हाईवे लूट का फरार इनामी बदमाश केरल से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा क्षेत्र में सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास हाईवे पर कलेक्शन एजेंट से हुई 85 लाख रुपये की बड़ी लूट के मामले में पुलिस ने अहम कामयाबी हासिल की है। इस सनसनीखेज वारदात में लंबे समय से फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी शातिर बदमाश को केरल से गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि अमरोहा जिले के नौगांव सादात थाना क्षेत्र के नालू खुर्द गांव निवासी रिफाकत पुत्र लियाकत को केरल के एर्नाकुलम स्थित होटल इंडियो टूरिस्ट होम से दबोचा गया। आरोपी वहां पहचान छिपाकर रह रहा था। गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से 10 हजार रुपये की नकदी भी बरामद हुई है। इस लूटकांड में इससे पहले पिलखुवा पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें खागोई गांव निवासी जीशान, बक्सर सिंभावली निवासी साबिर उर्फ भोला, अकबरपुर पट्टी निवासी ललित, अदनान, सावेद और अमरोहा निवासी नावेद शामिल हैं। जांच में सामने आया कि साबिर और जीशान पीड़ित व्यापारी के यहां पल्लेदारी का काम करते थे और उन्होंने ही रकम की जानकारी देकर लूट की साजिश रची थी। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि साबिर और जीशान ने अपने परिचित ललित और रिफाकत को योजना में शामिल किया, जिसके बाद अन्य युवकों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया गया। वारदात के बाद से रिफाकत फरार चल रहा था, जिस पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी रिफाकत के खिलाफ विभिन्न जनपदों में लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट सहित गंभीर धाराओं में करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लाकर गहन पूछताछ की तैयारी कर रही है, जिससे लूट से जुड़े कई और राज़ खुलने की उम्मीद है।

# ब्रजघाट में हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी का अंतिम संस्कार, पुलिस रही अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** शनिवार की देर रात हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी का शव ब्रजघाट पहुंचते ही पुलिस सतर्क हो गई। मोक्षधाम और गंगा तट के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। पुलिसकर्मी सादी वर्दी में भी श्मशान घाट और आसपास निगरानी करते नजर आए। परिजन अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुटे हुए थे और देर रात ही उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरनगर के खाईखेड़ी निवासी गैंगस्टर विनय त्यागी का परिवार वर्तमान में मेरठ में रहता है। विनय पर कई राज्यों में हत्या, अपहरण, लूट, डकैती और गैंगस्टर एक्ट समेत दर्जनों मुकदमे दर्ज थे। गैंगस्टर विनय त्यागी बुधवार को रुड़की कारागार से लक्सर कोर्ट पेशी के लिए ले जाया जा रहा था, तभी लक्सर-हरिद्वार हाईवे पर ओवरब्रिज के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उस पर गोली चलाकर उसे घायल कर दिया। गंभीर हालत में उसे ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि शव ब्रजघाट आने की सूचना मिलने के बाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट हो गई थी। पुलिस ने मौके पर सतर्कता बरकरार रखते हुए किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को नकारने के लिए सुरक्षा कड़ी कर दी थी।

# कोहरे से आलू व सरसों की फसलों में भारी नुकसान, किसान चिंतित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** क्षेत्र में लगातार पड़ रहे घने कोहरे ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के जिला अध्यक्ष एवं किसान ज्ञानेन्द्र त्यागी ने बताया कि कोहरे के कारण रबी की फसलों में गंभीर नुकसान की आशंका बढ़ गई है। विशेषकर आलू और सरसों की फसल पर इसका प्रतिकूल प्रभाव साफ दिखाई देने लगा है।



ज्ञानेन्द्र त्यागी के अनुसार, लगातार नमी और कम धूप के चलते आलू की फसल में चेपा, ब्लाइट और झुलसा रोग तेजी से फैल रहा है। यदि समय रहते रोकथाम के उपाय नहीं किए गए तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान मौसम परिस्थितियां आलू उत्पादकों के लिए बेहद चिंता. जनक हैं। उन्होंने आगे बताया कि सरसों की फसल में भी चेपा और फफूंदी रोग लगने की संभावना काफी बढ़ गई है। कोहरे और ठंड के कारण खेतों में नमी अधिक बनी हुई है, जिससे रोग तेजी से फैल सकते हैं। इससे सरसों की पैदावार और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होने की आशंका है। ज्ञानेन्द्र त्यागी ने कहा कि सरसों की खेती को लेकर उन्हें गहरा अनुभव है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में उनकी पत्नी एवं प्रगतिशील महिला किसान सारिका त्यागी को सरसों उत्पादन में उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूरे प्रदेश में एक लाख रुपये का चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। इसी अनुभव के आधार पर वह किसानों को समय रहते सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। उन्होंने कृषि विभाग से भी मांग की कि किसानों को मौसम के अनुसार उचित सलाह, दवाइयों की जानकारी और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि कोहरे से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। साथ ही किसानों से अपील की कि वे नियमित रूप से अपनी फसलों की निगरानी करें और रोग के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत विशेषज्ञों से संपर्क करें।

# संस्कृति विश्वविद्यालय में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के नव-निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का मथुरा आगमन पर संस्कृति विश्विद्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। शनिवार दोपहर को भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का काफिला संस्कृति विश्वविद्यालय के समक्ष पहुंचा। यहां उनके आगमन का प्रतीक्षा कर रहीं भाजपा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ की क्षेत्रीय संयोजक डा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा और उनके समर्थकों की बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का जोरदार स्वागत, सम्मान किया। डॉ मीनाक्षी शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष को दुशाला ओढ़ाकर और गुलदस्ता भेंट कर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप जैसे युवा हृदय सम्राट के चयन किए जाने से युवा कार्यकर्ताओं में जोश की लहर छा गई है। इस दौरान पंकज चौधरी जिंदाबाद के नारों से सारा माहौल गुंजायमान हो रहा था। इस अवसर पर ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, क्षेत्रीय मंत्री आदि रहे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन विधायक को सौंपा



**खुर्जा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला संगठन मंत्री सचिन अग्रवाल और खुर्जा तहसील के प्रभारी अध्यक्ष हरिओम मीणा के नेतृत्व में भाजपा की खुर्जा विधायक श्री मति मीनाक्षी सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपा गया। विधायक से मिलकर संगठन के पदाधिकारीयों ने बताया कि क्षेत्र में काम कर रहे ग्रामीण पत्रकारों को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनके समाधान के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। एसोसिएशन ने मांग रखी कि ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पत्रकारों को सुरक्षा, सरकारी, स्वास्थ्य सुविधाएँ सही मान्यता प्रक्रिया में लायी जाएं जैसे मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाए। खुर्जा में पत्रकारों के कार्य करने के लिए प्रैस क्लब के लिए जगह का आवंटन, पत्रकार और उनके परिवार के निवास के लिए भूमि आवंटन की जाए। क्योंकि पत्रकारों को नहीं सरकार से और नहीं संस्थान से कोई सुविधा मिलती है। पत्रकारों का जीवन काफी कठिन होता है। खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह ने एसोसिएशन के प्रति. निधियों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और आश्वा. सन दिया कि ज्ञापन में उठाए गए सभी बिंदुओं को मुख्यमंत्री तक पहुँचाया जाएगा तथा समाधान के लिए उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सचिन अग्रवाल, हरिओम मीणा, मनोज उपाध्याय, शमशाद अहमद उमेश गुप्ता, सचिन पांडे, उपदेश चौहान, कल्पना शर्मा, प्राची, शमशाद अहमद, पीयूष , समसुद्दीन सैफी, सचिन राघव, रजत बंसल और संगठन के अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जेल से बाहर आने के बाद दोस्त की हत्या

**मथुरा।** जेल से बाहर आने के बाद युवक ने अपने दोस्त की हत्या कर दी। युवक को अपनी पत्नी के साथ दोस्त के संबंध होने का शक था। जेल में रहने के दौरान साथी की मदद करना गांव उसफार के प्लांट संचालक मुकेश को भारी पड़ गया। जेल से छूटने के बाद दोस्त ने अपनी पत्नी से संबंधों के शक में उसकी हत्या कर दी। थाना हाईवे पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना हाईवे क्षेत्र के गांव ग्राम उसफार के रहने वाले मुकेश पुत्र वेदप्रकाश उम्र करीब 27 वर्ष का शव 19 दिसंबर को जुनसिटी माइनर में मुख्य मार्ग से करीब 100 मीटर अन्दर पानी में मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के सिर में चोट सामने आई थी। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की। जांच में सामने आया कि धर्मेन्द्र पुत्र रामजीत निवासी तसई थाना कठूमर जिला अलवर राजस्थान अपने गांव से एक महिला को प्रेमजाल में फंसाकर लाया। उसके साथ शादी कर ली। ग्राम उसफार में ननिहाल होने के कारण मथुरा में किराए के मकान में रह रहा था। आपराधिक गति. विधियों में लिप्त हो जाने के कारण धर्मेन्द्र जेल चला गया। इस दौरान धर्मेन्द्र की पत्नी को मुकेश अपने साथ जेल में मिलाने के लिए ले जाता था।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रामपुर बना अग्रसेनमय, हर ओर छाया उत्सव का उल्लास

## अग्रवाल सभा ने धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती, भव्य शोभायात्रा ने मोहा जनमानस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर 28 दिसंबर को रामपुर पूरी तरह अग्रसेनमय नजर आया। अग्रवाल सभा रामपुर के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक उत्सव ने शहर को उत्साह, भक्ति और सामाजिक समरसता के रंगों से सराबोर कर दिया। सुबह से लेकर रात तक चले धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने इस आयोजन को ऐतिहा. सिक और यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 7:00 बजे अग्रथान द्धमैराथनत्र से हुई, जिसे समाज के युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ पूरा किया। स्टेट बैंक मुख्य शाखा से शुरू हुई यह मैराथन मिस्टन गंज चौराहे पर संपन्न हुई और समाज में स्वास्थ्य एवं एकता का संदेश देकर गई।

इसके बाद दोपहर 11:00 बजे नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे शहर का माहौल बदल दिया। गांधी समाधि से प्रारंभ हुई शोभायात्रा राजद्वारा, मिस्टन गंज,




सराफा बाजार, जच्चा-बच्चा केंद्र और सराय गेट से गुजरते हुए उत्सव पैलेस पर संपन्न हुई। पारंपरिक वेशभूषा में सजे समाजजन, बैंड-बाजे, आकर्षक झांकियां और ह्महाराजा अग्रसेन अमर रहेंह्र के जयघोष से पूरा मार्ग गूंज उठा। जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

शोभायात्रा के उपरांत उत्सव पैलेस में आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों, युवाओं और महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को मंच से सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे प्रतिभाओं का उत्साह और अधिक बढ़ा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती ने रामपुर को सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया है।

ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं और नगर के लिए गौरव का विषय हैं। सीए राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज ने अपने संस्कारों और सेवा भाव से हमेशा समाज को दिशा दी है। महारा. जा अग्रसेन के आदर्श आज भी हमें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।

दीपक गोयल ने कहा कि इस भव्य आयोजन ने नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का काम किया है। समाज की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

एडवोकेट अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत सामाजिक न्याय, समानता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। यह जयंती उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनी।

कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रवेश कुमार अग्रवाल, डॉ। अजय कुमार अग्रवाल, गिर्रिाज सरन अग्रवाल, डॉ। सुमित गोयल, ईश्वर सरन अग्रवाल, पवन कुमार जैन, दीपक जिंदल, दिनेश अग्रवाल, सचिन सिंघल, मोहित अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल, वीरेंद्र गर्ग, विनोद कुमार अग्रवाल, शरद कुमार गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, पुष्पेंद्र अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, सचिन अग्रवाल एडवोकेट, संजय गर्ग, निखिल अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, महेश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, डॉ। पुलकित अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अमित राज अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, अनुज गोयल, अर्शित अग्रवाल, रचित मांगलिक, रेखा अग्रवाल, रेनू गर्ग, मोनिका जैन, अमिता अग्रवाल, पूनम गुप्ता, नीलम अग्रवाल, सरिता सिंघल, नामिता सिंघल, कुमकुम अग्रवाल, अरुणा मांगलिक, कमलेश अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, प्रशाली अग्रवाल, नीता अग्रवाल, अंजलि गोयल, मोनिका गर्ग, शुभी अग्रवाल, शेफाली अग्रवाल, प्राची जिंदल, काशवी जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

अग्रवाल सभा रामपुर ने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती 2025 का यह आयोजन रामपुर के सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा।

# अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर जिला प्रशासन का सख्त प्रहार

## सघन चेकिंग अभियान में 1184 वाहनों की जांच, 10 पर कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद रामपुर में अवैध उप-खनिज खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग की गतिविधियों पर पूर्णत: अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सघन एवं सतत प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाना है, बल्कि राजस्व क्षति को रोकते हुए कानून-व्यवस्था को सु.ढ़ बनाना भी है।

इसी क्रम में दिनांक 27 दिसम्बर 2025 को जनपद की समस्त तहस. ीलों के प्रमुख चौराहों पर स्थापित कुल 09 चेक-प्वाइंटों पर रात्रि 08:00 बजे से प्रात: 07:00 बजे तक विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1184 वाहनों की गहन जांच की गई।




जांच के दौरान परिवहन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर ए।आर।टी।ओ। द्वारा 10 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त संदिग्ध गतिविधियों पर भी कड़ी निगरानी रखी गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही दिए गए। जिलाधिक. ारी अजय कुमार द्विवेदी ने अवैध उप-खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध चलाए जा रहे इस विशेष अभियान की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान समाप्त होते ही बीएलओ ने ली राहत की सांस, परिवार संग मनाया सुकून का समय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** 4 नवंबर से प्रारंभ हुआ भारत निर्वाचन आयोग का मतदाता विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान दो बार अवधि बढ़ने के बाद 26 दिसंबर को समाप्त हो गया। लगभग दो माह तक चले इस कठिन अभियान के पूरा होते ही बूथ लेवल अधिक. ारियों बीएलओ ने राहत की सांस ली और लंबे समय बाद परिवार के साथ सुकून के पल बिताए।

इस अभियान के दौरान बीएलओ को विभिन्न प्रकार के टास्क दिए गए, जिन्हें पूरा करने में उन्होंने अपना पूरा समय और ऊर्जा झोंक दी। कई अधिकारियों को इस अवधि में व्यक्तिगत नुकसान भी उठाने पड़े, जबकि कुछ ने इस अभियान में अपने जीवन तक का बलिदान दिया।

शादियों का सीजन होने के बावजूद वे न तो विवाह समारोहों में शामिल हो सके, न बच्चों के जन्मदिन मना पाए और न ही अपनी शादी की सालगिरह। रविवार, त्योहार या जयंतीकृकिसी भी छुट्टी का लाभ उन्हें नहीं मिल सका।



बीएलओ का कहना है कि कार्यभार इतना अधिक था कि घर में रहते हुए भी वे परिवार से दूर हो गए थे।

बच्चों, पत्नी, मित्रों और रिश्तेदारों से संपर्क लगभग टूट सा गया था। इसके बावजूद परिवारजनों ने पूरा सहयोग दिया। बीएलओ अकील अहमद के पुत्र आदिल नवाज सैफी तथा उनकी बेटियां अदीबा नाज और आफरीन नाज ने भी इस कार्य में अपने पिता का सहयोग किया।

26 दिसंबर को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के प्रथम चरण के समापन के बाद बीएलओ अकील अहमद अपने बच्चों के साथ मस्ती करते नजर आए।

परिवार में खुशी और सुकून का माहौल दिखा। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह टास्क बेहद कठिन था, लेकिन जिलाधिकारी, उप जिलाधिक. ारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा सुप. रवाइजर डॉ। वसीम नकवी द्वारा समय-समय पर दिए गए मार्गदर्शन के कारण ही वे इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कर सके।

# डीएम के निर्देश पर ईंट-भट्टे से 25 मजदूर मुक्त कराकर उनके घर भेजे गए

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** बडांगांव में स्थित सुल्तान ब्रिक वर्क्स में मजदूरों को बंधक बनाए जाने की शिकायत पर जिला. धिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए।

एसडीएम शाहबाद को निर्देशित किया जिसपर एसडीएम और थानाध्यक्ष सैफनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की।जांच के दौरान पाया गया कि 13 परिवारों के कुल 25 मजदूर, जिनमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे, ईंट-भट्टे पर कार्यरत थे।

मजदूरों ने बताया कि बीमारी व अन्य पारिवारिक कारणों से वे अपने घर बहजोई द्धसंभलत्र लौटना चाहते थे, लेकिन भट्टा स्वामी उन्हें रोक



रहा था।प्रशासन व पुलिस ने मानवीय .ष्टिकोण अपनाते हुए सभी मजदूरों का आपसी हिसाब-किताब कराकर वाहन की व्यवस्था की और उन्हें सकुशल उनके घर भेज दिया।

इस दौरान भट्टा स्वामी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए क्षमा मांगी।

प्रशासन ने भट्टा स्वामी को भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने की सख्त चेतावनी दी है तथा स्पष्ट किया कि मजदूरों के अधिकारों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सुबह कोहरे की मार, गलनभरी ठंड छुड़ा रही कंपकंपी, नगर तथा क्षेत्र में अलाव सेंकते लोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** रविवार को कोहरे और कड़ाके की ठंड के आगोश में आ गया है। लोगों की सुबह की शुरुआत कोहरे से हुई तो दिनभर धुंध छाई रही। बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। बहुत जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से निकले, वह भी ठंड का बचाव करते हुए। कड़ाके की ठंड का सितम 9 दिनों से चल रहा है। हालांकि, बीच-बीच में निकली रही हल्की धूप लोगों को ठंड से बचने के लिए ऑक्सीजन देने का काम कर रही है। रविवार को शाम 4:15 बजे तक अधिकतम तापमान 22 और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहा। कड़ाके की ठंड का असर आम जनमानस के जीवन पर पड़ता दिखाई पड़ा नगर तथा क्षेत्र के लोग अलाव जलाकर तापते हुए नजर आए।

# सड़क हादसे मे पूर्व सभासद की मौके पर मौत, साथी गंभीर रूप से घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** बाइक सवार नगर पंचायत के पूर्व सभासद बसीम अहमद को रुद्रपुर में पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है उसे गंभीर अवस्था में पुलिस ने रुद्रपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रविवार को नगर पंचायत वार्ड ग्यारह के पूर्व सभासद वसीम अहमद अपने साथी रिजवान अहमद निवासी चांद मस्जिद मसवासी के साथ बाइक से किसी काम के सिल. सिले में रुद्रपुर जा रहे थे की इंदिरा चौक के नजदीक पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे कंटेनर ने उन्हें टक्कर मार



दी टक्कर लगते ही पूर्व सभासद की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसे घायल अवस्था में पुलिस ने उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। दुर्घटना होते ही मार्ग पर अफरा तफरी मच गई।

सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पूर्व सभासद को उठाकर जिला अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

पुलिस ने कन्टेनर को अपने कब्जे मे ले लिया सूचना मिलते ही सभासद के परीवार मे चीख पुकार मच गई परिजन भी रुद्रपुर रवाना हो गए हैं उनका भी रोते-रोते बुरा हाल है। मोहल्ले मे भी सन्नाटा पसर गया।

# अखिल भारतीय धोबी महासंघ की बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर हुआ मंथन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** रविवार को अशोक विहार स्थित कैंप कार्यालय पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता चरन सिंह, जिला अध्यक्ष भारतीय धोबी महासंघ ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चरन सिंह ने संगठन के विस्तार एवं धोबी समाज के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि धोबी समाज को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने के लिए समाज के बीच जाकर दहेज प्रथा, अशिक्षा, पाखंडवाद, मृत्यु भोज, शराब सेवन जैसी कुरीतियों के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान चलाना



अत्यंत आवश्यक है।


उन्होंने समाज को आर्थिक, राजनी. तिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर देते हुए कहा कि राजनीतिक हिस्सेदारी के बिना कोई भी समाज मजबूत नहीं हो सकता। जो समाज राजनीतिक रूप से पिछड़ जाता है, उसके अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगता है। उन्होंने प्रत्एक घर से नेतृत्व विकसित करने की अपील करते हुए कहा कि हहमें हर घर में एक राजनेता तैयार करना होगा, तभी एक सभ्य, समरस और भेदभाव-मुक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।

इसके पश्चात संगठन विस्तार हेतु प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित करते हुए निम्न पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई।नव नियुक्त पदा. धिकारी जिला संरक्षक दिनेश कुमार दिवाकर, जिला महासचिव अशोक कुमार दिवाकर, विजयपाल सिंह दिवाकर, विक्रम कुमार दिवाकर, कोषाध्यक्ष रघुवीर शरण दिवाकर, जिला मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार दिवाकर, जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह दिवाकर, गुलशन कुमार दिवाकर, मोहन कुमार दिवाकर, जिला संगठन मंत्री ओमवीर सिंह दिवाकर, सुनील कुमार दिवाकर, विधिक सलाहकार वरुण दिवाकर द्धएडवोकेटत्र, परमजीत सिंह द्धएडवोकेटत्र, मुनीश कुमार द्धएडवोकेटत्र, प्रचार मंत्री नन्नू सिंह, जिला उपमंत्री हेमंत दिवाकर, सभी नवनियुक्त पदाधिका. रियों को फूल-मालाओं से स्वागत कर उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। साथ ही समाज एवं राष्ट्र निर्माण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जनपद में स्वच्छता के जनक संत गाडगे जी की जयंती को भव्य एवं धूमधाम से मनाया जाएगा।

इस अवसर पर रामकिशोर दिवाकर, सत्यपाल सिंह दिवाकर द्धएडवोकेटत्र, कल्लू सिंह, कृपाल सिंह, सचिन, बाबूराम, रघुवीर, विजयपाल, दिनेश कुमार, विक्रम सिंह, प्रताप सिंह, प्रेम शंकर, सुनील कुमार, सुशील कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अटल के भाषणों और कविताओं में हिन्दी का ओज.........



डॉ.चन्द्रप्रकाश शर्मा
वरिष्ठ साहित्यकार

**तुम** राष्ट्र चेतना के प्रतीक, हिंदी भाषा के प्रखर दीप, अटल हिमालय के सदृश, भारतीय संस्कृति का दिव्य ज्ञान। लोकतंत्र के सजग प्रहरी और राजनीति के अमर गान, अनगिनत द्वार खुले तुमसे, तुम थे भारत के दिव्य लाल। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां हमारा ध्यान मां भारती के उस वरद पुत्र की ओर आकर्षित करती है जो प्रखर वक्ता, ओजस्वी कवि, हिन्दी के प्रबल समर्थक होने के साथ एक लोकप्रिय राजनेता के साथ भारत के तीन बार प्रधानमंत्री रहे जिन्होंने देश को स्वाभिमानी, विकासगामी व अटल भारत की पहचान दिलायी। जिनका व्यक्तित्व और कृतित्व वन्दनीय व अनुकरणीय है, जिन्हें जन-मानस अटल बिहारी वाजपेयी के रूप में जानता है। भारत के हृदय स्थल मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शिन्दे की छावनी में भगवद्परायण मां कृष्णा देवी की कोख से प्राइमरी शिक्षक पं.कृष्ण बिहारी वाजपेयी के आंगन में 25 दिसम्बर 1926 को आपका अवतरण हुआ। संगति ही गुण उपज है, कहावत के अनुसार अटल जी को बचपन से ही हिन्दी से गहरा लगाव था क्योंकि उनके पिता कृष्ण बिहारी वाजपेयी हिंदी और संस्कृत के विद्वान होने के साथ ग्वालियर रियासत के एक प्रख्यात कवि थे जिनकी रचित ईश्वर प्रार्थना रियासत के सभी स्कूलों में सामूहिक रूप से गाई जाती थी। इनके पितामह पंडित श्यामलाल बाजपेयी हिंदी और संस्कृत दोनों भाषाओं के काव्य साहित्य के मर्मज्ञ थे जिनसे अटल जी को कविता और भाषा का संस्कार विरासत में प्राप्त हुआ। इसी की परिणिति थी कि अटल जी एक कुशल राजनेता के साथ ओजस्वी वक्ता और कवि थे। उनकी वाणी में अनोखा तेज, गहन चिंतन और भावुकता थी जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देती थी। उनकी भाषण शैली में काव्यात्मकता, व्यंग के साथ जनता के हृदय पर अमिट छाप छोड़ने का अनुपम गुण था। उनके भाषण में हिंदी का ओज इतना प्रबल था कि वह विरोधियों को भी अपने सम्मोहन में बांध लेते थे। उनका मानना था कि हिंदी मात्र भाषा नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा व संस्कृति की संवाहक है। अटल जी ने अपने भाषणों में हिंदी का प्रयोग करके वैश्विक स्तर पर हिंदी को सम्मान दिलाया। अटल जी ने 4 अक्टूबर 1977 को विदेश मंत्री के रूप में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली बार हिंदी में भाषण दिया और यह पहला अवसर था जब यूएन में हिंदी गंजी और उनके भाषण के बाद पूरी सभा ने खड़े होकर तालियां बजायीं जो हिंदी के लिए ऐतिहासिक व



गौरवशाली क्षण था। उन्होंने कहा- अध्यक्ष महोदय, मैं भारत की जनता की ओर से राष्ट्र संघ के लिए शुभकामनाओं का संदेश लाया हूं। वसुधैव कुटुंबकम् की परिकल्पना बहुत पुरानी है। भारत का सदा से इस धारणा में विश्वास रहा है कि सारा संसार एक परिवार है। इस भाषण में उन्होंने शांति, मैत्री, मानव अधिकारों के साथ आतंकवाद जैसे मुद्दों पर हिन्दी में अपनी स्पष्ट राय व्यक्त की।यह हिंदी की मिठास और ओज का प्रभाव ही था कि पूरे सदन ने खड़े होकर तालियां बजायीं। इससे हिंदी को विश्व स्तर पर पहचान मिली। अटल जी के भाषणों की हिंदी सरल और प्रभावशाली थी। वे संस्कृतनिष्ठ शब्दों का प्रयोग करते थे जो भाषा को ओज प्रदान करते थे। 1996 में जब उनकी सरकार 13 दिनों में गिर गई तब इस्तीफा से पहले उनके द्वारा दिया गया भाषण काव्य की तरह प्रतीत होता है जिसमें वे कहते हैं- सत्ता का खेल तो चलेगा, सरकारें आएंगी-जाएंगी, पार्टियां बनेंगी-बिगड़ेंगी लेकिन यह देश रहना चाहिए, इस देश का लोकतंत्र अमर रहना चाहिए। ये वाक्य आज भी हमें प्रेरणा देते हैं जिसमें हिंदी की स्पष्टता और दृढ़ता का ओज स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद राष्ट्र को संबोधित करते हुए अटल जी ने कहा- यह पुरुषार्थ के प्रकटीकरण के लिए नहीं था। हम शांति चाहते हैं लेकिन मजबूत भारत की शांति। हमारी शक्ति आक्रामकता के लिए नहीं, आत्मरक्षा के लिए है। इन शब्दों में हिंदी का ओज राष्ट्र की सुदृढ़ता को अभिव्यक्त करता है। अटल जी के भाषणों में व्यंग्य भी अद्भुत होता था। विरोधियों को हंसते हुए करारा जवाब भी देते थे। एक बार संसद में टोकने वाले को शाखामृग (बंदर) कहकर चुप कर दिया। हिंदी को वैश्विक मंच पर पहुंचने से लेकर साहित्य रचनाओं तक उनका बहुआयामी योगदान है। उनकी कविताएं, भाषण, नीतिगत निर्णय हिंदी के विकास में मील का पत्थर साबित हुए। अटल जी बचपन से हिंदी के ओजस्वी कवि थे। अध्ययन के समय ताजमहल रचित कविता में ताज सौन्दर्य का वर्णन न करके उसके निर्माण में शोषण को चित्रित किया जो उनकी लीक से हटकर सोचने की कला को रेखांकित करता है जिसका प्रकाशन हाईस्कूल पत्रिका में हुआ। उनकी कविताएं राष्ट्रप्रेम, जीवनदर्शन, संघर्ष और आशा की भावना से ओतप्रोत हैं। उनके कई कविता संग्रह प्रकाशित हुए हैं जैसे मेरी इक्यावन कविताएं (1995), क्या खोया क्या पाया (1999)और संघर्ष के बाद। उनकी कविताएं हिंदी काव्य की ओजस्वी परंपरा को जीवंत रखती हैं। उनकी कविताएं न केवल व्यक्तिगत प्रेरणा देती हैं बल्कि सामूहिक जोश उत्पन्न करती हैं। यह श्रोता के हृदय में उत्साह, साहस, उमंग और दीप्ति का संचार करती हैं। आज भी इनकी कविताएं कवि सम्मेलन या भाषणों में पढ़ी जाती हैं तो लोगों में जोश का संचार करती है। गीत नया गाता हूं, कविता में हार न मानने का संकल्प ओज पूर्ण भाषा में व्यक्त हुआ है: टूटे हुए सपनों की कौन सुने सिसकी, अंतर की चीर व्यथा पलकों पर ठिठकी, हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा, काल के कपाल पर लिखता हूं मिटाता हूं, गीत नया गाता हूं। यह कविता पढ़ते ही हृदय में उत्साह का संचार होता है जो ओज गुण की पहचान है। कदम मिलाकर चलना होगा, कविता सामूहिक संघर्ष और बलिदान की ओजपूर्ण पुकार है: बाधाएं आती हैं आएं घिरे प्रलय की घर घटाएं, पांवों के नीचे अंगारे, सिर पर बरसें यदि ज्वालाएं, निज हाथों में हंसते-हंसते, आग लगाकर जलना होगा, कदम मिलाकर चलना होगा। यह कविता राष्ट्रीय एकता और बलिदान की भावना को जगाती है। ओज यहां सामूहिक पराक्रम के रूप में दृष्टिगोचर होता है। आओ फिर से दिया जलाएं, कविता अंधकार से लड़ने की प्रेरणा देती है: भरी दुपहरी में अंधियारा, सूरज परछाई से हारा, अंतरतम का नेह निचोड़ें, बुझी हुई बाती सुलगाएं,आओ फिर से दिया जलाएं। इस कविता से हृदय में उत्साह का संचार होता है। दूध में दरार पड़ गई,खून क्यों सफेद हो गया? कविता विभाजन की त्रासदी की पीड़ा को उद्घाटित कर आजादी के संकल्प को पूर्ण करने हेतु प्रेरित करती है। उनकी कविताएं सिद्ध करती हैं कि हिंदी केवल करुणा या श्रृंगार की भाषा नहीं, बल्कि वीरता और ओज की भाषा है।

अटल जी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में हिंदी मासिक राष्ट्र धर्म, साप्ताहिक पांचजन्य और दैनिक स्वदेशी और वीर अर्जुन का संपादन कर राष्ट्रीय विचारधारा को पोषित व पल्लवित किया तथा हिंदी को राजनीतिक चर्चा का विषय बनाया। उन्होंने हिंदी को साहित्य, राजनीति, अंत. रराष्ट्रीय मंच, और शिक्षा तक पहुं. चने में अतुलनीय योगदान दिया। उनकी ओजपूर्ण कविताएं मानवमात्र के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और उनके भाषणों में ओज के स्पष्ट रूप से दर्शन होते हैं जो हिंदी साहित्य की अमूल्य निधि है और अटल जी के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुंचीं।

# सैफनी में नोडल अधिकारी की बड़ी कार्रवाई, दो झोला छाप डॉक्टरों के अस्पताल सील



शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** रविवार को अवैध रूप से संचालित झोला छाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। नोडल अधिकारी देवेश चौधरी के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान सैफनी क्षेत्र में चल रहे हिन्द हेल्थ केयर और नवजीवन हेल्थ केयर झोला छाप डॉक्टरों के अस्पतालों को सील कर दिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, लंबे समय से बिना पंजीकरण और आवश्यक मानकों के मरीजों का इलाज किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नोडल अधिकारी देवेश चौधरी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। जांच के दौरान दोनों अस्पतालों में न तो वैध डिग्री पाई गई और न ही इलाज से संबंधित कोई मानक दस्तावेज उपलब्ध थे।निरीक्षण के समय अस्पतालों में मरीजों का इलाज किया जा रहा था, जबकि न तो डॉक्टरों के पास मेडिकल काउंसिल से पंजीकरण था और न ही अस्पताल संचालन की अनुमति। टीम ने मौके पर ही दोनों अस्पतालों को सील कर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की।नोडल अधिकारी ने बताया कि झोला छाप डॉक्टरों द्वारा इलाज किए जाने से मरीजों की जान को गंभीर खतरा रहता है। ऐसे अवैध अस्पतालों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि इलाज के लिए केवल पंजीकृत और मान्यता प्राप्त डॉक्टरों के पास ही जाएं।इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के कदम की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि आगे भी ऐसे अवैध

चिकित्सकों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा ड्राइविंग लाइसेंस में नाम आरिफ मियॉ हो गया था जबकि मेरा सही नाम सय्यद आरिफ मियॉ पुत्र मोहम्मद यासीन मियॉ निवासी ग्राम सींगन खेड़ा, थाना अजीमनगर, तहसील सदर जिला रामपुर है जो कि सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का मेरठ में हुआ ऐतिहासिक स्वागत

## स्वागत का अंदाज देख सब रह गए दंग, दो जेसीबी में भरकर आए फूल



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते कुंवर बासित अली व कार्यक्रम को सम्बोधित करते पंकज चौधरी।

**शाहवेज खान/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** रविवार को मेरठ पहुंचे भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत करने के लिए भाजपा के तमाम कार्यकर्ता और नेता कड़ाके की ठंड में भी मुस्तैद दिखाई दिए। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष का अलग ढंग से स्वागत किया गया। उनके स्वागत के लिए दो जेसीबी भरकर फूल माला मंगवाई गईं और दोनों जेसीबी भी मंच के दोनों और खड़ी रही और माला बीच में उन जेसीबी पर लटकी हुई थीं। दूर से देखने से नजारा ऐसा लग रहा था जैसे पूरे मंच को ही माला से भर दिया गया है। दो जेसीबी भरकर फूल मालाओं ने स्वागत स्थल की रौनक बढ़ा दी। इस दौरान नए अंदाज में स्वागत को देख प्रदेश अध्यक्ष भी खुश नजर आए। वहीं भाजपा के युवा नेता हसीन यासीन ने भी कार्यक्रम को खूबसूरत और ऐतिहासिक बनाने के लिए अपनी ताकत झोंकी।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि मेरठ एक ऐतिहासिक धरती है यहां पर आकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है और यहां के लोग भी दिल से उनका स्वागत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है और कार्यकर्ताओं के बल पर ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। उन्होंने भाजपाइयों से पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान कुंवर बासित अली ने कहा कि प्रथम बार मेरठ आए प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करके उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश की कमान संभालेंगे और उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और अधिक मजबूत होगी।

कुंवर बासित अली ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज का सबसे ज्यादा उत्थान भारतीय जनता पार्टी ने किया है। भारतीय जनता पार्टी ने अपनी हर योजना का निष्पक्ष रूप से लाभ लाभार्थियों को दिया है और उसका सबसे ज्यादा फायदा अल्पसंख्यक समाज को मिला है। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो, राशन की योजना हो, आयुष्मान की योजना हो, शिक्षा की योजना हो या फिर हर घर जल, हर घर नल या फिर बिजली की योजना हो। हर छोटी बड़ी योजना में सबसे ज्यादा उत्थान अल्पसंख्यक समाज का हुआ है लेकिन विपक्ष हिंदू मुस्लिम के मुद्दे पर अल्पसंख्यक समाज को बहकने का काम करता है और सबसे ज्यादा समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक समाज को अपना बंधुआ मजदूर समझती है लेकिन अब भाजपा सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर अल्पसंख्यक समाज जागरूक हो रहा है और वह भारतीय जनता पार्टी की तरफ आकर्षित हो रहा है। आने वाले समय में अल्पसंख्यक समाज की एक बड़ी भागीदारी भारतीय जनता पार्टी में देखने को मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मंच पर सभी नेताओं की उपस्थिति मौजूद रही। कई मंत्री, कई सांसद और भाजपा के तमाम नेताओं ने पंकज चौधरी का गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने मेरठ पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया और उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।


दो जेसीबी से लाई गई फूलमाला।

### स्वागत की भीड़ से हर तरफ लगा जाम

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत को लेकर भाजपाई सुबह से ही टोल प्लाजा पर खड़े थे। कोई ढोल नगाड़े बजा रहा था तो कोई उनके स्वागत में फूलों के गुलदस्ते लेकर खड़ा था। पहली बार मेरठ आ रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत का एक अलग नजर मेरठ में दिखा और उनके स्वागत के दौरान वहां पर जाम की स्थिति बन गई। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट रहा। खुद एसपी सिटी ने व्यवस्था संभाली और कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाया।

### पंकज चौधरी के नेतृत्व में और मजबूत होगी पार्टी: हसीन यासीन



लंबे समय तक बसपा की राजनीति करने वाले और बसपा में बड़े पद पर रहने वाले हसीन यासीन बीते लगभग दो-तीन वर्षों से भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित हैं और वह लगातार अल्पसंख्यक समाज के बीच पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इस दौरान हसीन यासीन ने दो जेसीबी में भरकर लाई हुई फूल मालाओं से प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत किया। वही पंकज चौधरी ने भी हसीन यासीन के कार्य की सराहना की। इस दौरान हसीन यासीन ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में पार्टी और अधिक मजबूत होगी और विपक्ष इस बार पूरी तरह मायूस होगा। 2027 में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी और मुस्लिम समाज को बहकाने और उन्हें सियासत में हाशिये पर लाने वाली समाजवादी पार्टी से मुस्लिम समाज दूर होगा। भाजपा के साथ चलकर अपनी सामाजिक व सियासी भागीदारी को मजबूत बनाएगा। कार्यक्रम के दौरान हसीन यासीन पूरी तरह उत्साहित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की देखरेख और आने वाले लोगों की व्यवस्था का जिम्मा उठाया। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि वह प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने उस समाज को भी आगे बढ़ने का काम किया है जो हकीकत में बहुत कम स्तर पर भाजपा को वोट करता है। देश के प्रधानमंत्री ने बिना संकोच देश के मुसलमान को मजबूत बनाया है जिसके लिए युगों-युगों तक देश उनका ऋणी रहेगा।

# बुग्गी से टकराई बाइक युवक की दर्दनाक मौत

## हादसे के बाद परिजनों में मचा कोहराम, बिना पुलिस सूचना के किया अंतिम संस्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा में शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक सरधना से सामान लेकर वापस अपने गांव लौट रहा था। अचानक सामने से आ रही बुग्गी से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान गांव खेड़ा निवासी भोलू पुत्र पुष्पेन्द्र (26) के रूप में हुई है। बताया गया है कि भोलू शनिवार की शाम बाइक से सरधना बाजार में सामान खरीदने के लिए गया था। देर शाम करीब छह बजे के बाद वह बाइक से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहरी छोर पर स्थित नाहली मोड़ के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक बुग्गी से उसकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि भोलू सड़क पर गिरकर बुरी तरह लहूलुहान हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घायल युवक को तत्काल उठाकर नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसका उपचार शुरू किया, लेकिन देर रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव में भी शोक का माहौल बन गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

# तोड़-मरोड़कर पेश किया बयान विपक्षियों की साजिश हुई नाकाम

- विपक्षी दलों के नेता ने मीडिया मैनेजमेंट कर राज्यमंत्री दिनेश खटीक के खिलाफ की थी साजिश
- पूरा वीडियो न दिखाकर सिर्फ श्रापित वाले बयान को किया फोकस
- हस्तिनापुर की जनता में साजिशकर्ता के खिलाफ फैला आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्कूली कार्यक्रम के दौरान हस्तिनापुर विधायक एवं राज्यमंत्री दिनेश खटीक की पूरी वीडियो न दिखाकर चंद सेकेंड की दिखाई गई कट वीडियो में श्रापित वाले बयान को लेकर साजिश होने की बात सामने आ रही है। पूरा वीडियो अब जनता के बीच वायरल हो रहा है जिसमें राज्यमंत्री भावुक नजर आ रहे हैं और बच्चों द्वारा किए गए महाभारत के नाटकीय चीर हरण मंचन पर अपना संबोधन दे रहे थे। चर्चा है कि विपक्षी दलों के नेता ने मीडिया मैनेजमेंट किया और राज्यमंत्री को बदनाम करने की साजिश रच डाली। साजिश रचने की इस पूरे मामले की रिपोर्ट भाजपा के प्रदेश व केंद्रीय हाईकमान को भेज दी गई है। उधर, इस पूरे प्रकरण को लेकर हस्तिनापुर क्षेत्र की जनता ने सोशल मीडिया पर अभियान चलाकर राज्यमंत्री पर ही भरोसा जताया है।

### अपनी राह आसान करने को रची साजिश

वर्ष 2017 व 2022 में हस्तिनापुर-45 (सुरक्षित) विस सीट से दिनेश खटीक ने भाजपा के लिए शानदार जीत हासिल की थी। उन्होंने हस्तिनापुर सीट से एक ही पार्टी से लगातार दो बार विधायक नहीं बनने का मिथक भी तोड़ दिया था। दोनों बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी और योगी सरकार में उन्हें दोनों बार राज्यमंत्री बनाया गया। अब 2027 के चुनाव में लगभग एक साल का समय बचा है। हस्तिनापुर में राज्यमंत्री दिनेश खटीक और भाजपा की पिछले नौ सालों में मजबूत हुई राजनीतिक जमीन को कमजोर करके ही विपक्षी दल अपनी जगह बना सकते हैं। नतीजा रहा कि भाजपा की जमीन को कमजोर करने के लिए विपक्षी दल के नेताओं ने इस बयान के सहारे राज्यमंत्री दिनेश खटीक के खिलाफ साजिश रचने की योजना बना डाली थी। जिससे विपक्षियों की राह आने वाले चुनाव में आसान हो सके।

### भाजपा के सहयोगी दल के नेता भी शामिल

केंद्र सरकार में भाजपा के सहयोगी दल बनकर उनके नेता मंत्री मंडल में शामिल होकर सत्ता का सुख भोग रहे हैं, लेकिन उसी सहयोगी दल के स्थानीय स्तर के नेता भाजपा की जमीन कमजोर करने की कवायद में जुटे हैं। ऐसे ही एक अवसरवादी पूर्व विधायक के भी इस साजिश में शामिल होने की चर्चा भी जोरों पर है। हालांकि ये वही पूर्व विधायक हैं, जो कई बार दल बदल बदलकर चुनाव लड़ चुके हैं और विपक्षी प्रत्याशियों से भी कई बार धन वसूली कर चुके हैं। अब हस्तिनापुर की जनता इस पूरे खेल को समझ चुकी है कि राज्यमंत्री दिनेश खटीक को किस तरह और क्यों बदनाम किया गया है।

# अनुसूचित जाति जनजाति के आरक्षण को उत्तर प्रदेश में लागू करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वाल्मीकि आदि आरक्षण वंचित वर्ग संघर्ष समिति के तत्वाधान में एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया है जिसमें समाज के लोगों का कहना था कि उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण में किए गए उप वर्गीकरण को उत्तर प्रदेश में अभी तक लागू नहीं किया गया है जबकि उच्चतम न्यायालय के द्वारा एक अगस्त 2024 को आदेश लागू कर दिए गए थे लेकिन प्रदेश सरकार इस और कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि 23 मार्च 2018 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अति दलितों को अलग से आरक्षण दिलाने की घोषणा की थी घोषणा से उपजातियां में खुशी की लहर थी उपजातियां को लगा था कि अब वंचित युग का अंत हो गया है लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ बल्कि अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण में उपवर्ग विशेष का एक अधिकार की अवधि खत्म हो गई है उन्हें भी आरक्षित पदों पर सम्मान जनक रोजगार नियुक्तियां मिलेगी किंतु वर्ष 2018 से आज तक दलितों को अलग से आरक्षण नहीं मिला जिसका समाज के लोगों ने विरोध किया है। इस दौरान रविंद्र कुमार वैद, विनेश विद्यार्थी, विनोद कुमार बेचैन, सुरेंद्र ढींगिया व मनिन्द्रर सूद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हापुड़ के जिलाध्यक्ष बने चंदन सिंह

## स्थानीय पत्रकारों के खिले चेहरे, संगठन के पदाधिकारियों ने दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/हापुड़।** उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की जिला इकाई का हुआ गठन। रविवार को उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ में रेलवे रोड स्थित आर के प्लाजा में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारीयों व जनपद के पत्रकारों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें कॉस्मिक न्यूज के संपादक चन्दन सिंह को जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव हरेंद्र चौधरी ने बताया कि ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन एक मात्र वह संगठन है जिसने संगठन से जुड़े पत्रकारों का दुर्घटना बीमा करवाया, और अब पत्रकारों के आवास के लिए लड़ाई लड़ रहा है।

राष्ट्रीय सचिव अशोक सोम ने कहा कि ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन आज उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों के साथ हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश आदि में अपने पैर जमा चुका है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चंदन सिंह ने कहा कि संस्था ने मेरे ऊपर जो भरोसा जताया है उसे तोड़ा नहीं जाएगा और जल्दी ही हापुड़ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए तहसील स्तर तक की कार्यकारिणी बनाई जाएगी। हापुड़ में इकाई के गठन के पश्चात सस्ता के संरक्षक दयाचंद वर्क, दिनेश जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी , प्रदेश अध्यक्ष विरेश तरार, प्रदेश महामंत्री शाहवेज खान आदि ने नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई संदेश भेजा। बैठक में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के महासचिव हरेंद्र चौधरी, सचिव अशोक सोम, मेरठ महानगर के जिलाध्यक्ष संजीव तोमर, विपिन हरित मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता संस्था के महासचिव हरेंद्र चौधरी और संचालन विपिन हरित ने किया। चन्दन सिंह को ग्रामीण आंचलिक पत्रकार एसोसियेशन का हापुड़ जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर स्थानीय पत्रकारों ने जोर शोर के साथ स्वागत किया। बैठक में पत्रकार निशांक शर्मा, अधीर त्यागी, सुधाकर द्विवेदी, सुशील कर्दम, ममता शर्मा, सुनील गिरी, विजय कुमार आदि व संस्था के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर प्रीतम सिंह, बलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित कार किठौर रजवाहे में गिरी, बाल-बाल बचा चालक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** घने कोहरे के कारण एक कार अनियंत्रित होकर रजवाहे में जा गिरी। इस हादसे में कार चालक बाल-बाल बच गया, जिसे राहगीरों ने सुरक्षित बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार कार चालक अंकित गुप्ता पुत्र जगमोहन गुप्ता कस्बा मवाना के निवासी हैं। वह फरीदाबाद से अपने घर लौट रहे थे, जहां वे एक कपड़ा कंपनी में कार्यरत हैं। किठौर रेंच के पुल के पास कार कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर रजवाहे में गिर गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कार का शीशा तोड़कर अंकित को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। चालक ने बताया कि घने कोहरे के कारण सड़क पर दृश्यता बेहद कम थी, जिससे कार का संतुलन बिगड़ गया और वह रजवाहे में गिर गई। घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल रहा और स्थानीय लोग भी एकत्र हो गए। पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई। सुबह होने पर पुलिस ने क्रेन की सहायता से कार को रजवाहे से बाहर निकलवाया। इस दौरान कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित रहा। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### मनिंदर विहान ने केन्द्रीय मंत्री से की भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा से मेरठ कार्यक्रम में सप्रेम भेंट की। इस दौरान मनिंदर विहान के साथ जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा पंकज चौहान, मंडल महामंत्री रवि पूनिया, निपुण चौहान, भरत चौधरी आदि मौजूद रहे।

# दबथुवा में सप्तम प्रतिभा सम्मान समारोह, मेधावियों का हुआ अभिनंदन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र के गांव दबथुवा स्थित श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में रविवार को सप्तम प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, खेल और सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं युवाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संयुक्त व्यापार संघ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष व भाजपा नेता नीरज मित्तल ने देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में यूपी बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक सम्मान, सरकारी नौकरी में चयनित युवक-युवतियों को प्रतिभा सम्मान तथा खिलाड़ियों को खेल सम्मान प्रदान किया गया।

करियर काउंसलर डॉ. विक्रांत जावला ने मेधावी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में स्वयं की काउंसलिंग, सकारात्मक लोगों की संगत और योग्य गुरुजनों का मार्गदर्शन सफलता का आधार है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और अच्छा चरित्र भी जरूरी है तथा जीवन में बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करना चाहिए। मुख्य वक्ता एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि कड़ी मेहनत से बंद दरवाजे खुलते हैं। यह सफलता का केवल एक पड़ाव है, मंजिल अभी बाकी है। उन्होंने युवाओं से अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने और तकनीकी ज्ञान को अपनाने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि नीरज मित्तल ने कहा कि गुरुजनों से प्राप्त शिक्षा जीवनभर मार्गदर्शन करती है। लक्ष्य निर्धारित कर की गई तैयारी से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने अर्जुन के उदाहरण के माध्यम से लक्ष्य पर एकाग्रता बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड दारोगा वीरेंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन एवं संयोजन राजपाल पारवा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कंवरपाल सिंह, प्रबंधक ओमकरण, ओमकार चौधरी, मानसिंह आर्य, गुलाब सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, संजय टेलर्स, दीपक शर्मा, धर्मेंद्र काला, बृजेश सिंह, जितेंद्र कोरी, संदीप बॉक्सर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** रविवार को कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस फलावदा नगर अध्यक्ष इमरान सैफी के आवास पर मनाया गया। सरधना विधान सभा क्षेत्रा के पूर्व प्रत्याशी सैय्यद रिहानुद्दीन ने बताया है कि आज कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर सभी ब्लॉको में ब्लॉक अध्यक्ष नगर व मंडल अध्यक्षो द्वारा संयुक्त रूप से स्थापना दिवस मनाकर लोगों को पार्टी के गौरवशाली इतिहास को याद किया जा रहा है। स्वतंत्राता आंदोलन और देश के निर्माण में कांग्रेस की भूमिका के बारे में जानकारी दी जा रही है। कांग्रेस का स्थापना दिवस पूरे मेरठ जनपद में राज बहादुर पूर्व कार्यकारिणी अध्यक्ष कांग्रेस के निर्देश पर मनाया जा रहा है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन अब्दुस समद , मेला सदर नवाबुद्दीब सैफी, हाशिम मलिक, शाहरुख सैफी, सम्मू, जमील अब्बासी, सलीम बंजारा, मास्टर सिराज, कसीम रिजवी, मोबीन मंसूरी, सलीम सैफी, आसू जमामी तथा सनव्वर सिद्दीकी सहित काफी लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते सैय्यद रिहानुद्दीन।

# दो पक्षों में हुई मारपीट में पुलिस ने 13 लोगों का किया शांतिभंग में चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के महादेव गांव में एक मकान पर स्वामित्व और कब्जे को लेकर चल रहा विवाद रविवार को अचानक उग्र हो गया। विवादित मकान पर अधिकार जताने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। जिसके बाद कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों की ओर से लाठी-डंडों से मारपीट के साथ-साथ जमकर पथराव किया गया। जिससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना के दौरान दोनों पक्षों के कई लोगों को मामूली चोटें आईं। पथराव और मारपीट के चलते कुछ समय के लिए गांव में दहशत का माहौल रहा और स्थानीय लोगों ने अपने-अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। सूचना मिलते ही सरधना थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से कुल 13 लोगों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई करते हुए उनका चालान कर दिया। पुलिस द्वारा जिन लोगों का चालान किया गया है, उनमें विकास, अर्जन, सूरज, मोहित, कपिल, जनेश्वर, संदीप, कमल, मोहित, राहुल, अश्विन, राजकुमार और अरविंद के नाम शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मकान को लेकर विवाद पुराना बताया जा रहा है, जिसे लेकर दोनों पक्षों में पहले भी तनातनी रही है। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस निगरानी कर रही है। मामले से संबंधित तथ्यों की जांच की जा रही है और किसी भी पक्ष द्वारा दोबारा कानून व्यवस्था भंग करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### श्रीलंका सीरीज के लिए पाकिस्तान की नई टी-20 टीम घोषित

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने सात फरवरी से शुरु होने वाले पुरुष टी-20 विश्व कप की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए सलमान अली आगा की अगुवाई वाली नई टी-20 टीम की घोषणा की है जिसमें कई सीनियर खिलाड़ी शामिल नहीं हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार पूर्व कप्तान बाबर आजम, तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ऑस्ट्रेलिया की घरेलू बिग बैश लीग में अपने कमिटमेंट्स के कारण श्रीलंका सीरीज नहीं खेलेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में अनकैप्ड कीपर-बल्लेबाज ख्वाजा नफे को 15 सदस्यों वाली टीम में पहली बार शामिल किया गया है। नफे के साथ वापसी करने वालों में ऑलराउंडर शादाब खान भी हैं।

### एसईसी ने पार्ल रॉयल्स को 49 रन पर आउट कर बड़ी जीत हासिल की

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 अभियान की शानदार शुरुआत की, पार्ल रॉयल्स को रिकॉर्ड कम स्कोर 49 रन पर ऑल आउट कर दिया और बोनस पॉइंट के साथ 137 रन की बड़ी जीत हासिल की। एनरिक नॉर्टजे ने शानदार स्पेल और चार विकेट लेकर टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अच्छी तैयारी की। एसईसी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जैसा कि इस टूर्नामेंट में अब तक ट्रेंड रहा है, ओपनर क्विंटन डी कॉक और जॉनी बेयरस्टो ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े, जिसमें पावरप्ले में 52 रन शामिल थे।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टी ने दो बड़े अंतर्राष्ट्रीय पदक जीकर किया वर्ष 2025 का सफल समापन




● **टीम ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप में रजत और एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने दो बड़े अंतर्राष्ट्रीय पदक सुल्तान ऑफ जोहोर कप में रजत और एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु में कांस्य जीतकर वर्ष 2025 का समापन एक बहुत ही सफल साल के तौर पर किया।

पूरे साल पीआर श्रीजेश के मार्गदर्शन में कई गहन राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से कोच ने एक टीम बनाई और खिलाड़ियों को दिसम्बर में जूनियर विश्व कप के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार किया। भारत की प्रतिस्पर्धी तैयारी जून में चार देशों के टूर्नामेंट से शुरू हुई, जो अच्छी यूरोपीय टीमों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण तैयारी का अवसर था। मेजबान जर्मनी के साथ-साथ स्पेन और ऑस्ट्रेलिया का सामना करते हुए, भारतीय जूनियर टीम ने बड़ी टीमों के खिलाफ अपनी योजना परीक्षण किया और टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने अक्टूबर में 2025 सुल्तान ऑफ जोहोर कप में उसी लय और सीख को आगे बढ़ाया, जहां भारत ने रजत पदक जीतने के लिए एक मजबूत और लगातार प्रदर्शन किया। टीम ने ग्रेट ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और मलेशिया पर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की और पाकिस्तान के साथ 3-3 से ड्रॉ भी खेला और लीग चरण में शानदार प्रदर्शन के बाद फाइनल में पहुंची। खिताबी मुकाबले में, भारत ने 59वें मिनट में एक दुर्भाग्यपूर्ण गोल खाया और ऑस्ट्रेलिया से 1-2 से हार गई और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह सारी तैयारी टीम को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 तक ले गई, जो सीजन का सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट था, जहां भारत ने घरेलू धरती पर एक यादगार अभियान चलाया। भारत ने पूल चरण में क्रमशः चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड पर तीन आसान जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। क्वार्टर-फ़ाइनल एक निर्णायक पल साबित हुआ, क्योंकि भारतीय टीम ने अपना संयम बनाए रखा और शूटआउट में बेल्जियम को 4-3 से हराकर सेमी- फाइनल में जगह बनाई। गोलकीपर प्रिंस ने शूटआउट में दो अहम बचाव करके शानदार क्लास और हिम्मत दिखाई, जिससे भारत टूर्नामेंट में आगे बढ़ सका। दुर्भाग्य से, भारत सेमी-फाइनल में चैंपियन जर्मनी से 1-5 से हार गया, लेकिन तीसरे/चौथे स्थान के प्लेऑफ में टीम ने शानदार वापसी करते हुए अर्जेंटीना के खिलाफ अविश्वसनीय प्रदर्शन किया और कांस्य पदक हासिल किया। चौथे क्वार्टर तक दो गोल से पीछे होने के बावजूद, भारत ने मैच के आखिरी 15 मिनट में अपना सब कुछ लगा दिया और लगातार चार गोल करके मैच को अपने नाम किया।

## पीएम ने भारत की ऐतिहासिक खेल सफलता की तारीफ की

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने महीने के रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 129वें एडिशन में देश को संबोधित करते हुए भारत की खेल उपलब्धियों पर जोर दिया। 2025 को भारतीय खेलों के लिए एक यादगार साल बताते हुए, प्रधानमंत्री ने अलग-अलग डिसिप्लिन और फ़ॉर्मेट में एथलीटों की सफलता की तारीफ की। उन्होंने कहा कि 2025 खेलों के लिहाज से भी एक यादगार साल था। हमारी पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफ़ी जीती। महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार वर्ल्ड कप जीता। भारत की बेटियों ने महिला ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया। पीएम मोदी ने कॉन्टिनेंटल कॉम्पिटिशन में भारत की सफलता के बारे में भी बात की, और कहा कि भारत के एशिया कप टी-20 टाइटल जीतने के बाद राष्ट्रीय तिरंगा गर्व से लहराया। उन्होंने भारतीय पैरा-एथलीटों की उपलब्धियों की भी तारीफ की, जिन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप में कई मेडल जीते। प्रधानमंत्री ने भारतीय खिलाड़ियों की हिम्मत और बेहतरीन काम की भावना को दिखाते हुए कहा कि वर्ल्ड चैंपियनशिप में कई मेडल जीतकर, हमारे पैरा-एथलीटों ने साबित कर दिया कि कोई भी रुकावट उनके पक्के इरादे को नहीं रोक सकती। भारतीय खेलों में 2025 में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला।

# दो दिन में मैच खत्म हो जाने पर क्रिकेट जगत सदमे में

● **क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने वादा किया कि उनका संगठन देशभर में विकेटों के मैनेजमेंट की सीजन के आखिर में समीक्षा करेगा**

**मेलबर्न, वार्ता।** 2017-18 एशेज के बोर-ड्रॉ का डर मेलबर्न क्रिकेट क्लब के लिए बॉक्सिग डे पिच बनाने का मुख्य कारण था, जो तेज गेंदबाजी के पक्ष में बहुत ज्यादा झुकी हुई थी, और जिसके कारण चौथा एशेज टेस्ट तीसरे दिन तक नहीं पहुंच पाया।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने वादा किया है कि उनका संगठन देश भर में टेस्ट विकेटों के मैनेजमेंट की सीजन के आखिर में समीक्षा करेगा, क्योंकि एडमिनिस्ट्रेटरसीम-फ्रेंडली सतहों की पसंद को टीमों द्वारा अब इस्तेमाल की जा रही आक्रामक बल्लेबाजी रणनीति के साथ बैलेंस करने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि इस हफ्ते क्रिकेट के खराब दिनों से होने वाले वित्तीय नुकसान से सीए को 10 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से ज्यादा का नुकसान होगा, उन्होंने माना कि पिछले महीने पर्थ में इस सीरीज के दूसरे दो-दिवसीय टेस्ट से लगभग आधी रकम गंवाने के बाद यह घाटा चुभता है।

ग्रीनबर्ग ने रविवार को कहा कि जिस तरह से बल्लेबाज बल्लेबाजी कर रहे हैं, और जिस तरह से खेल विकसित हो रहा है, क्या हमारी विकेटों की तैयारी उसके साथ तालमेल बिठा रही है?अगर नहीं, तो हम यह कैसे सुनिश्चित करें कि वे ऐसा करें ताकि हम कमर्शियल जरूरतों और परफॉर्मेंस के बीच संतुलन बना सकें? मेलबर्न क्रिकेट क्लब ने आज एक खराब पिच की जिम्मेदारी ली, जिस पर सिर्फ 142 ओवर में 36 विकेट गिरे। हेड क्यूरेटर मैट पेज ने बताया कि उन्होंने टेस्ट के पिछले हिस्से में गर्म मौसम की उम्मीद में ड्रॉप-इन सतह पर 10मिमी घास छोड़ी थी, जो इस देश के क्रिकेट कैलेंडर का सबसे बड़ा टेस्ट है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के मैच रेफरी जेफ क्रो का फैसला सोमवार को आने की उम्मीद थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि खिलाड़ियों और एडमिनिस्ट्रेटर ष्असंतोषजनकष रेटिंग के लिए तैयार हैं। रविवार को लगातार तीसरी बार 90,000 से ज्यादा दर्शकों के आने की उम्मीद थी, लेकिन शानदार धूप में आए फैंस को यारा पार्क में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के साथ जल्दबाजी में आयोजित ऑटोग्राफ-साइनिग सेशन से ही संतोष करना पड़ा। पेज ने एमसीजी पिच को फिर से बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रशंसा हासिल की है, जो 2017 में सबसे खराब स्थिति में पहुंच गई थी, जब पांच दिवसीय ड्रॉ एशेज टेस्ट में 1,000 से ज्यादा रन बने थे और सिर्फ 24 विकेट गिरे थे। इसके बाद एमसीसी ने सीए के साथ मिलकर सीम-फ्रेंडली कंडीशंस देने पर जोर दिया, जिससे ज्यादा मनोरंजक क्रिकेट को बढ़ावा मिले। चैनल सेवन ने घोषणा की कि इस मेलबर्न टेस्ट को सबसे ज्यादा टीवी और स्ट्रीमिग दर्शक मिले, जिससे यह बात साबित हुई कि दर्शकों ने इस बदलाव का आनंद लिया है। लेकिन पेज ने माना कि जब उन्हें पता चला कि उन्होंने बैलेंस को तेज गेंदबाजों के पक्ष में बहुत ज्यादा झुका दिया है, तो वह शॉक की स्थिति में थे। रविवार को जब उस मशहूर जगह के टर्फ बॉस ने पत्रकारों का सामना किया, तो पेज ने रिपोर्टर्स से कहा कि मैं कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं हुआ, और उम्मीद है कि फिर कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं होऊंगा।

# बॉक्सिंग लीजेंड मैरी कॉम ने कंबाला को एल अनोखी खेल परंपरा बताया



● **मैरी कॉम ने मंगलुरु कंबाला के नौवें एडिशन में हिस्सा लिया, सांसद बृजेश चौटा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों दर्शक पहुंचे**

**मंगलुरु, वार्ता।** ओलंपिक बॉक्सिग लीजेंड मैरी कॉम ने रविवार को कंबाला को एक अनोखी खेल परंपरा बताते हुए मंगलुरु कंबाला के नौवें एडिशन में हिस्सा लिया, जिससे तटीय कर्नाटक की इस पारंपरिक भैंस दौड़ को राष्ट्रीय पहचान मिली। दक्षिण कन्नड़ के सांसद कैप्टन बृजेश चौटा के नेतृत्व में बंगराकुलुरु के गोल्डफिच सिटी में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों दर्शक पहुंचे।

लगभग 170 जोड़ी रेसिग भैंसों ने अलग-अलग कैटेगरी में हिस्सा लिया, जिससे तुलुनाडु की सबसे महत्वपूर्ण स्वदेशी खेल परंपराओं में से एक के रूप में कंबाला की स्थिति और मजबूत हुई। सभा को संबोधित करते हुए, मैरी कॉम ने तुलु भाषा में क्षेत्र के लोगों का अभिवादन किया, और कहा मंथेरेगला नमस्कार जिस पर जोरदार तालियां बजीं। आयोजकों को निमंत्रण के लिए धन्यवाद देते हुए, उन्होंने कहा कि मणिपुर के एक छोटे से गांव से आने के कारण, उन्हें सामुदायिक जीवन से जुड़ी परंपराओं से गहरा जुड़ाव महसूस होता है। उन्होंने कहा कि कंबाला देश के किसी भी अन्य खेल से अलग है और आधुनिक चुनौतियों के बावजूद सदियों पुरानी परंपरा को बनाए रखने के लिए किसानों, भैंस मालिकों और प्रतिभागियों की प्रशंसा की। शाम को हुए औपचारिक उद्घाटन के दौरान, मैरी कॉम ने कंबाला उत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजे.ताओं को पुरस्कार वितरित किए। कीचड़ वाला ट्रैक उत्साह का केंद्र बन गया क्योंकि कुशल जॉकी के मार्गदर्शन में भैंसों की जोड़ियों ने खेतों में दौड़ लगाई, जिससे दक्षिण कन्नड़, उडुपी और पड़ोसी क्षेत्रों के दर्शक रोमांचित हो गए। इससे पहले, कैप्टन चौटा ने मंगलुरु और तुलुनाडु के सांस्कृतिक और सभ्यतागत महत्व पर प्रकाश डाला, और इस क्षेत्र को सनातन संस्कृति का पालना बताया। उन्होंने दक्षिण कन्नड़ जिले के बारे में गलत सूचनाओं का मुकाबला करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# ब्रेट ली ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली को खेल में उनके शानदार योगदान के लिए ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फ़ेम में शामिल किया गया है। यह घोषणा ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फ़ेम के चेयरमैन पीटर किग ने की, जिन्होंने ली के असर की तारीफ़ करते हुए उन्हें अपनी पीढ़ी के सबसे खतरनाक और सम्मानित पेस बॉलर में से एक बताया।

ली का इंटरनेशनल करियर शानदार रहा, उन्होंने वन-डे इंटरनेशनल मैचों में 380 विकेट और ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी फ़ॉर्मेट में शानदार 718 विकेट लिए। ली ने 76 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, और 30-81 के औसत से 310 विकेट लेकर देश के आठवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गें.दबाज बने, जिसमें 5/30 और 10 बार पांच विकेट लेना उनका बेस्ट प्रदर्शन रहा। वनडे में उनका प्रदर्शन और भी शानदार रहा, 221 मैचों में 23-36 की औसत से 380 विकेट लेकर वे ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, साथ ही 14 बार चार विकेट और नौ बार पांच विकेट भी लिए। टी-20 में, ली ने 25 मैचों में 25.50 की औसत से 28 विकेट लिए। सभी इंटरनेशनल फ़ॉर्मेट में, ली ने 322 मैचों में 718 विकेट लिए, जिससे वे ऑस्ट्रेलिया के कुल मिलाकर चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने यह 26.66 की शानदार औसत से हासिल किया, जिसमें उनके नाम 31 बार चार विकेट और 19 बार पांच विकेट शामिल हैं। निचले क्रम के एक उपयोगी बल्लेबाज के तौर पर, उन्होंने 212 पारियों में 18.94 की औसत से 2,728 रन बनाए, जिसमें आठ अर्द्धशतक और 64 का उच्चतम स्कोर शामिल है। अपने करियर के दौरान, ली ऑस्ट्रेलिया के साथ तीन बड़े आईसीसी खिताब जीतने वाले अभियानों का हिस्सा थे।

# लॉरा हैरिस ने महिला टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बराबर किया




● **लॉरा हैरिस ने ओटागो के लिए 15 गेंदों में फिफ्टी लगाकर महिला सुपर स्मैश में तुरंत प्रभाव डाला**

**एलेक्जेंड्रा, वार्ता।** डब्ल्यूबीबीएल में सिडनी थंडर के लिए निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, लॉरा हैरिस ने रविवार को ओटागो के लिए 15 गेंदों में अर्द्धशतक बनाकर महिला सुपर स्मैश में तुरंत प्रभाव डाला। यह महिला टी-20 में (जहां डेटा उपलब्ध है) संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्द्धशतक है, जो 2022 में वारविकशायर के लिए ग्लॉस्टरशायर के खिलाफ मैरी केली द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड के बराबर है। ओटागो के लिए अपने पहले मैच में, बड़े शॉट लगाने के लिए जानी जाने वाली अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैरिस ने कैंटरबरी के खिलाफ ओटागो के 146 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। वह छठे ओवर में 46 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद मैदान पर आईं और यह सुनिश्चित किया कि उनकी टीम 15वें ओवर तक लक्ष्य को पार कर ले। उन्होंने एलेक्जेंड्रा के मोलिनक्स पार्क में 17 गेंदों में 52 रन बनाए, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल थे, इससे पहले कि उन्हें मीडियम पेसर गैबी सुलिवन की गेंद पर कैच आउट कर दिया गया। हैरिस का डब्ल्यूबीबीएल में प्रदर्शन औसत रहा, जैसा कि थंडर का भी रहा, जो आठ टीमों की तालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर रही, केवल बिना जीत वाली ब्रिस्बेन हीट से बेहतर। हैरिस ने थंडर के लिए सीजन के सभी दस मैच खेले, आठ बार बल्लेबाजी की और कुल 69 रन बनाए, हालांकि उनका स्ट्राइक रेट 197-14 था, जो प्रतियोगिता में सबसे अच्छा था। हालांकि, वह इस साल की शुरुआत में अच्छी फॉर्म में थीं, और इस साल की शुरुआत में वार.विकशायर के लिए खेलते हुए केली के रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास किया था, जब उन्होंने वाइटैलिटी ब्लास्ट में डरहम के खिलाफ 21 गेंदों में 55 रन बनाकर प्लेयर-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार जीता था, जिसमें उन्होंने 17 गेंदों में अर्द्धशतक बनाया था। हैरिस के नाम टी-20 में 15 और 17 गेंदों के रिकॉर्ड के अलावा, तीन 18-गेंदों की हाफ-सेंचुरी और एक 19-गेंदों की हाफ-सेंचुरी भी है। इसका मतलब है कि टी-20 में उनके सभी छह 50 से ज्यादा के स्कोर 20 से कम गेंदों में आए हैं। महिला क्रिकेट में किसी और बल्लेबाज ने यह कारनामा एक से ज्यादा बार नहीं किया है। रविवार को, हैरिस की तेज रन बनाने की गति का मतलब था कि ओटागो बोनस पॉइंट हासिल करने वाली पहली टीम बन गई, जिसे इस सीजन से पहले महिला सुपर स्मैश में ज्यादा स्कोर वाले मैचों को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया था। मैच जीतने पर मिलने वाले रेगुलर चार पॉइंट्स के अलावा, टीमें बोनस पॉइंट हासिल कर सकती हैं।

# एमसीजी क्यूरेटर सदमे की हालत में हेड ने समर्थन दिया

● **दो दिन में मैच खत्म होने से सीए को 10 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर तक का नुकसान होने की उम्मीद**

**मेलबर्न, वार्ता।** एमसीजी के क्यूरेटर मैट पेज ने कहा कि बॉक्सिग डे टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद वह सदमे की हालत में थे, जबकि ट्रैविस हेड ने ग्राउंड स्टाफ के प्रति सहानुभूति व्यक्त की, जिन्होंने सीम-फ्रेंडली पिच तैयार की, जिसके कारण मैच दो दिन में खत्म हो गया, जिससे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को 10 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर तक का नुकसान होने की उम्मीद है।

मैच के आखिरी तीन दिनों के लिए गर्म मौसम के पूर्वानुमान के आधार पर सतह पर 10मिमी घास छोड़ने के पेज के फैसले पर काफी सवाल उठे, जब 142 ओवर में 36 विकेट गिरे, और इंग्लैंड ने दूसरे दिन देर से ऑस्ट्रेलिया में जनवरी 2011 के बाद अपनी पहली जीत हासिल की। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि दुनिया में कहीं और ऐसी ही पिच 'तबाही' मचा देगी, और स्टीवन स्मिथ ने इतनी घास छोड़ने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा: ष्शायद इसने थोड़ा ज्यादा ही मदद की शायद अगर इसे 10 से 8मिमी कर दिया जाता, तो यह एक अच्छी चुनौतीपूर्ण विकेट होती - शायद थोड़ी और संतुलित।

पेज ने कहा कि वह परिणाम से वास्तव में निराशष हैं, और उन्होंने यह सुनिश्चित करने का वादा किया कि एमसीजी में फिर से दो दिन में मैच खत्म न हो। उन्होंने कहा कि पहले दिन के बाद मैं सदमे की हालत में था, जो कुछ भी हुआ, एक दिन में 20 विकेट।मैं कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं हुआ, और उम्मीद है कि फिर कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं होऊंगा।

# ब्यू वेबस्टर-जोश इंगलिस बीबीएल खेलने के लिए टेस्ट टीम से रिलीज



● **दोनों खिलाड़ी 4 जनवरी से एससीजी में शुरू टेस्ट की तैयारी को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया टीम में फिर शामिल होंगे**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के रिजर्व ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को होबार्ट के लिए बिग बैश लीग में खेलने के लिए टीम से रिलीज कर दिया गया है। जोश इंगलिस, जिन्हें रैपिड-फ़ायर बॉक्सिग डे टेस्ट के लिए बाहर कर दिया गया था, वे भी बीबीएल में वापसी करेंगे और पांचवें और आखिरी एशेज टेस्ट से पहले पर्थ के लिए खेलेंगे।

अपने बीबीएल मैचों के बाद, दोनों खिलाड़ी 4 जनवरी से एससीजी में शुरू होने वाले नए साल के टेस्ट की तैयारी के लिए सिडनी में ऑस्ट्रेलिया टीम में फिर से शामिल होंगे। इस साल सात टेस्ट खेलने के बाद, वेबस्टर को पर्थ में एशेज के शुरुआती मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया इलेविन से बाहर रखा गया था और वह टीम में वापस नहीं आ पाए हैं। लेकिन इस सीरीज के दौरान कैमरून ग्रीन के बल्ले से बार-बार फेल होने के कारण वेबस्टर के पास अपनी जगह वापस पाने का एक अच्छा मौका दिख रहा है। एशेज के पहले चार टेस्ट में बल्ले से सिर्फ़ 18.66 का एवरेज बनाने के बाद ग्रीन की जगह पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। मेलबर्न में पहले दिन खुद रन आउट होने के बाद, उन्होंने दूसरी इनिग में फिर से अपना विकेट गंवा दिया। 26 साल के ग्रीन ने स्टोक्स की गेंद को ऑफ-साइड में गाइड करने की कोशिश की, लेकिन दूसरी स्लिप पर कैच हो गए।

## कोलकाता में फिटनेस एक्टिविटीज साथ साल 2025 के फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का हुआ समापन

**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय तीरंदाजी के पावर कपल दीपिका कुमारी और अतानु दास और बंगाल के अन्य ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता रविवार को भारतीय खेल प्राधिकरण के कोलकाता क्षेत्रीय केंद्र में आयोजित फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल 2025 के आखिरी संस्करण में भाग लिया। साल के आखिर के इस विशेष संस्करण में आज यहां 1500 नागरिक इकध हुए थे। इस कार्यक्रम में उत्साही साइकिल चलाने वालों की भारी भीड़ देखी गई, जिसमें एथलीट, कॉर्पोरेट पेशेवर, छात्र, सीआईएसएफ जवान और फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 54वां संस्करण के खास भागीदार बीमा कंपनी के कर्मचारी तथा सभी उम्र के लोग शामिल हुए। साइक्लिग के साथ-साथ, प्रतिभागियों ने हाई-एनर्जी जुम्बा सेशन, मधुर बंगाली लोक संगीत, मनमोहक योग प्रदर्शन, रस्सी कूदने के प्रदर्शन और कई फिटनेस एक्टिविटीज का आनंद लिया। कोलकाता में इस बड़े कार्यक्रम को ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता दीपिका कुमारी, जॉयदीप कर्माकर और मंगल सिंह चंपिया ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया, जिससे फिटनेस और एक्टिव जीवन शैली को समर्पित एक पावर-पैक्ड सर्दियों की सुबह की शुरुआत हुई। इस मौके पर अर्जुन पुरस्कार विजेता अतानु दास, राहुल बनर्जी, बॉम्बेला देवी लैशराम और सुष्मिता सिघा रॉय भी मौजूद थे। इस अवसर पर पद्म श्री और अर्जुन अवॉर्डी दीपिका कुमारी ने रोजाना फिटनेस के महत्व पर बल देते हुए कहा कि एनर्जी और ताकत केवल खेल के लिए ही नहीं, बल्कि निजी जिदगी के लिए भी जरूरी है और इसे प्रतिदिन करना चाहिए, केवल एक रविवार

# गजनफर-पोलार्ड की मदद से एमिरेट्स दूसरे स्थान पर




● **पालार्ड ने एमआई एमिरेट्स के लिए एक ओवर में 30 रन बनाए जबकि गजनफर ने तीन विकेट लेकर 28 रन दिए**

**दुबई, वार्ता।** एमआई एमिरेट्स ने 123 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए दुबई कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर आईएल टी 20 में दूसरा स्थान पक्का कर लिया। कैपिटल्स को पहले मुख्य रूप से एएम गजनफर के तीन विकेट (28 रन देकर 3 विकेट) की बदौलत रोका गया, जिसके बाद एमआई एमिरेट्स के टॉप-चार बल्लेबाजों ने यह सुनिश्चित किया कि रन चेज में कोई रुकावट न आए।

कीरोन पोलार्ड ने भी एमआई एमिरेट्स की जीत के रास्ते में एक ओवर में 30 रन बनाए। बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद, कैपिटल्स ने शुरुआती तीन ओवरों में चार चौके लगाए। लेकिन, चौथे ओवर में गजनफर द्वारा स्पिन गें.दबाजी शुरू करने के बाद रनों की गति धीमी हो गई। यह शाकिब अल हसन थे जिन्होंने दूसरे छोर से शयान जहांगीर का विकेट लेकर सफलता दिलाई, इससे पहले कि गजनफर ने अपने दूसरे ओवर में अपने अफगान समकक्ष सेदिकुल्लाह अटल का विकेट लिया। स्पिन काम कर रही थी, इसलिए एमआई एमिरेट्स ने डैन मौसली को गेंद सौंपी, जिन्होंने ओवर में पहले ल्यूस डू प्लोय के रन आउट होने के बाद रोवमैन पॉवेल का विकेट लिया। अरब गुल मोमंद ने जॉर्डन कॉक्स का बड़ा विकेट लिया, जिससे कैपिटल्स आधे रास्ते में 53 रन पर 5 विकेट पर थी।

नए बल्लेबाज जेम्स नीशम अपनी तेज 21 रनों की पारी में तीन चौकों के साथ अच्छे फॉर्म में दिखे, इससे पहले कि उन्होंने गजनफर को कैच दे दिया। इसके बाद अफगान गेंदबाज ने उसी ओवर में डेविड विली को आउट कर दिया, जिससे कैपिटल्स 84 रन पर 7 विकेट पर थी। मौ. नबी और स्कॉट करी ने आठवें विकेट के लिए 28 रन जोड़े, जिससे कैपिटल्स 100 रन के पार पहुंची और 122 रन पर 8 विकेट का सम्मानजनक स्कोर बनाया। एमआई एमिरेट्स के लिए चेज की शुरुआत शानदार तरीके से हुई।

# अरावली पर सुनवाई

राजस्थान सहित कई राज्यों में विरोध के बीच सुप्रीम कोर्ट अरावली हिल्स में खनन से संबंधित मामले पर सोमवार को सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन सदस्य जजों की पीठ इस पूरे मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए सुनवाई करेगी। असल में एक तरह से देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट अपने ही एक फैसले पर पुनर्विचार के लिए तैयार हुआ है। जोकि 20 नवंबर 2025 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश बीआर गवेई की बेंच ने दिया था, जिसमें उसने केंद्रीय समिति की रिपोर्ट स्वीकार करते हुए कहा था कि सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियां अरावली का हिस्सा नहीं मानी जाएंगी। पर्यावरणविदों का मानना रहा है कि इस फैसले से 90 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र संरक्षण से बाहर हो सकता है और खनन बढ़ सकता है। हालांकि कोर्ट ने नई खनन लीज पर रोक लगा दी है और स्टेनेबल माइनिंग प्लान तैयार होने तक कोई नई अनुमति नहीं दी जाएगी। केंद्र का तर्क रहा है कि यह परिभाषा वैज्ञानिक है और अवैध खनन रोकने में मदद करेगी। जबकि पर्यावरणविद इसे पर्यावरण के लिए खतरा बता रहे हैं। राजस्थान में बड़े प्रदर्शन हो रहे हैं, जिनमें उदयपुर, जोधपुर जैसे जिले शामिल हैं। असल में सारा विवाद लगता है परिभाषा को लेकर है। अरावली पर्वत माला जो दिल्ली हरियाणा राजस्थान और गुजरात में फैली हुई है और सबसे पुरानी पर्वत श्रंखला में से एक है, यह बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि थार मरूस्थल के फैलाव को रोकती है और भूजल रिचार्ज करती है। साथ ही जैव विविधता को बनाए रखती है। इस पर पर्यावरण मंत्रालय की समिति ने सिफारिश की थी जिसमें कोर्ट ने मंत्रालय की सिफारिश को स्वीकारते हुए कहा था कि केवल सौ मीटर या उससे अधिक भूमि को ही अरावली माना जाएगा, उससे कम को नहीं। पूर्व वन संरक्षण अधिकारी आरपी बलवान की याचिका भी इस मामले से जुड़ी हुई है, जिसमें उन्होंने इस परिभाषा को कोर्ट में चुनौती दी है। आरपी बलवान की याचिका में तर्क है कि जो परिभाषा दी गई है वह अपर्याप्त है और इकोसिस्टम को नजरअंदाज करती है। हालांकि केंद्र इस बात की गारंटी दे रहा है कि मौजूदा खदानों पर सख्त निगरानी होगी और कोई नई लीज नहीं दी जाएगी। अब इस पूरे मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाली वाली तीन सदस्यीय पीठ करेगी, जोकि सोमवार से सुनवाई करने जा रही है। जाहिर है अगर कोर्ट नई परिभाषा में बदलाव करती है तो अरावली के बड़े हिस्से को संरक्षण मिल सकता है, जो जल संकट, धूल भरी आंधियां और जैव विविधता हानि को रोकने में मदद करेगा। निश्चित रूप से अरावली हिल्स खनन का मामला बेहद संवेदनशील है और सरकार को भी इस पर गंभीरता से सोचना चाहिए, क्योंकि बात केवल खनन की नहीं है। बल्कि सीधे पर्यावरण से जुड़ी हुई है जोकि लोगों के जीवन को सीधे प्रभावित करता है।

## अभी से थकिये मत, आगे भी हारना है



राहुल गांधी की चुनावों में बार-बार हार डेवलपमेंट की पॉलिटिक्स न समझ पाने का नतीजा है, राहुल आप अभी से थकिये मत, आगे भी हारना है, आप पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भी चुनाव हारेंगे, कांग्रेस की राजनीति देश की सोच से मेल नहीं खाती, राहुल गांधी विकास और सुशासन जैसे मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय कानूनी और टेक्निकल मुद्दों में उलझे रहते हैं, भाजपा ने भरोसे और जनता की जरूरतों को समझकर शासन किया, इसलिए उसे बार-बार चुनावों में जनादेश मिला, कांग्रेस ने उन सभी नीतिगत फैसलों का विरोध किया, जिन्हें जनता का समर्थन मिला, इनमें राम मंदिर, पाकिके खिलाफ एयर स्ट्राइक, बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ एक्शन, अनुच्छेद 370 हटाना और काशी में मंदिर निर्माण जैसे फैसले शामिल हैं। **–अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

# यही हैं विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां






**तनवीर जाफरी**

क्रिसमस प्रत्येक वर्ष की भांति गत 25 दिसंबर को भी पूरे विश्व में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दुबई की मशहूर एयरलाइन एमिरेट्स ने एक अनोखा वीडियो जारी किया, जिसमें दिखाया गया कि उनके बड़े विमान एयरबस ए 380 को सांता क्लॉज की जादुई स्लेज में बदल दिया गया है। इस विमान को स्लेज 380 का नाम दिया गया है। इस वीडियो में ए 380 को रुडॉल्फ रेनडियर की तरह लाल नाक और बड़े सींग लगाए गए हैं और उपहारों से भरी एक विशाल स्लेज विमान से जुड़ी दिखती है। विमान रनवे पर दौड़ता है और आसमान में उड़ान भरता है, जैसे सांता दुनिया भर में गिफ्ट बांटने जा रहा हो। एमिरेट्स ने इस सीजन में यात्रियों को खास तोहफे भी दिए, जिसमें फेस्टिव ड्रिंक्स, थीम्ड मिठाइयां, विंटर-स्टाइल लाउंज और लिमिटेड एडिशन क्रिसमस गिफ्ट शामिल हैं। वैसे भी चूंकि क्रिसमस मनाने के साथ ही नए वर्ष के स्वागत की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं इसलिए भी दुनिया के सभी देश व सभी धर्मों व वर्गों के लोग भी क्रिसमस मनाने में अपनी दिलचस्पी दिखाते हैं।

भारत में भी लगभग 2.8 करोड़ ईसाई रहते हैं जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 2.3 प्रतिशत हैं। ईसाई समुदाय भारत में तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक समूह है। लिहाजा यहां भी ईसाई समुदाय क्रिसमस, गुड फ्राइडे व नव वर्ष जैसे अपने सभी त्यौहार सदियों से मनाते आ रहे हैं। वैसे भी ब्रिटिशकाल में भारत में अंग्रेजों ने जहां विकास सम्बन्धी तमाम इबारतें लिखीं वहीं उनके शासन में देश भर में अनेक बड़े व ऐतिहासिक चर्च, स्कूल व अस्पताल भी निर्मित किए गए। आज भी क्रिश्चियन मिशनरी देश की शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान अदा कर रही है। इन सब वास्तविकताओं को दरकिनार कर देश का एक दक्षिणपंथी वर्ग ऐसा है जिसके संस्कारों में ही धर्म विशेष के लोगों से नफरत करना व उनके धार्मिक रीति रिवाजों व परंपराओं का विरोध करना शामिल है। नकारात्मकता की सोच से भरे इसी विचारधारा के लोग विगत कई वर्षों से क्रिसमस त्यौहार मनाए जाने का विरोध करते आ रहे हैं। जबकि सर्व धर्म समभाव जैसे गांधीवादी विचारों का अनुसरण करने वाला देश का आम नागरिक सभी धर्मों के त्योहारों व परंपराओं व रीति रिवाजों में खुशी से शरीक होकर प्रत्येक उत्सव का आनंद लेना चाहता है साथ ही एक दूसरे धर्म के लोगों के प्रति अपनी एकजुटता दिखाना चाहता है। नफरत, नकारात्मकता, संकीर्णता व साम्प्रदायिक वैमनस्य की सोच से भरे इन्हीं तत्वों ने गत क्रिसमस के अवसर पर पूरे देश में विभिन्न चर्चों व सार्वजनिक स्थलों पर ऐसा तांडव किया जिसकी चर्चा देश के मीडिया में कम परन्तु विदेशी मीडिया में ज्यादा हुई। इस दौरान भारत के विभिन्न राज्यों में ईसाई समुदाय के विरुद्ध हुई घटनाओं में तोड़फोड़, हमले और उत्पात की कई रिपोर्ट्स सामने आईं। उदाहरण स्वरूप छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मैग्नेटो मॉल में भीड़ ने क्रिसमस डेकोरेशंस में तोड़फोड़ की, जिसमें लाखों का नुकसान हुआ। जबकि कांकेर जिले में दो चर्च जला दिए गए और कई ईसाई घरों को निशाना बनाया गया। इसी तरह असम के नालबाड़ी में सेंट मैरी स्कूल में वीएचपी कार्यकर्ताओं ने क्रिसमस बैनर्स और डेकोरेशंस को जलाया व स्कूल के पास की दुकानों पर भी हमले किए। इसी तरह केरल के पलक्कड़, चारूमूडू व पुडुसेरी में बच्चों के कैरोल ग्रुप पर हथियारों से हमला किया गया, जिसमें महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इसी तरह मध्य प्रदेश के जबलपुर में भी कुछ इलाकों में ईसाई धर्मावलंबियों की प्रार्थना सभाओं और धार्मिक आयोजनों के दौरान मारपीट और हंगामा किए जाने की खबर है जबकि झाबुआ में प्रेयर मीटिंग में व्यवधान डाला गया जिसमें एक नेत्रहीन महिला पर हमला किया गया। उत्तर प्रदेश में सेंट अल्फोंसस कैथेड्रल के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ लाउडस्पीकर पर बजाया गया, लखनऊ में कैथेड्रल सर्विस में तेज आवाज से धार्मिक भजन बजाए गए।

इसी प्रकार राजस्थान के जोधपुर और नागौर में एक स्कूल में क्रिसमस बैनर्स तोड़े गए, नागौर में युवाओं ने स्कूल के सामने मंदिर का होने का बहाना बनाकर तोड़फोड़ की। दिल्ली के लाजपत नगर व पूर्वी दिल्ली में सेंटा कैप पहनी महिलाओं और बच्चों को बाजार से भगाया गया एक बाजार में जबरदस्त उत्पात मचाया गया। उत्तराखंड के हरिद्वार में एक होटल में क्रिसमस संबंधी एक आयोजन को रद्द करना पड़ा। जबकि ऋषिकेश में एक प्रार्थना सभा में व्यवधान डाला गया और जीसस और मैरी का अपमान करते हुए उन्हें अपशब्द कहे गए। ओडिशा के पुरी में सेंटा कैप बेचने वाले गरीब परिवार को धमकाया और भगाया गया जबकि महाराष्ट्र में मुंबई के कांशीमीरा में क्रिसमस प्रोग्राम रोका गया तथा वहां मौजूद बच्चों से हिन्दू धर्म से जुड़े नारे लगवाए गए। देश भर में इस तरह कि 60 से भी अधिक घटनाओं के समाचार हैं और इन प्रत्येक घटनाओं का विरोध करने वालों में लगभग हर जगह संघ, बजरंग दल, वीएचपी,भाजपा व इनके सहयोगी अन्य हिंदुत्ववादी संगठनों के लोगों के शामिल होने की खबरें हैं।

ब्रिटेन से लेकर टर्की तक और कई अरब देशों का मीडिया भारत में क्रिसमस के अवसर पर मचाए गए तांडव को लेकर भारत को किस नजर से देख रहा है? बड़ा आश्चर्य है कि इस अवसर पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के कैथेड्रल चर्च पहुंचते हैं और इससे जुड़ी कई तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पोस्ट में साझा करते हुए लिखते हैं कि षदिल्ली में द कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में क्रिसमस की सुबह की सर्विस में शामिल हुआ। सर्विस में प्यार, शांति और करुणा का शाश्वत संदेश झलका। क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लाए। सवाल यह है कि नरेंद्र मोदी भी संघ की उसी पाठशाला के विद्यार्थी रहे हैं जिसमें संघ संस्थापक व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक गोलवलकर कम्युनिस्ट विचारधारा, ईसाई और मुसलमान जैसे समुदाय को भारत की राष्ट्रीय पहचान और हिंदू संस्कृति के लिए खतरा समझते थे। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल्ली के कैथेड्रल चर्च पहुंचकर शांति व प्रेम का सन्देश देना कितना वास्तविक है और कितना औपचारिक या दिखावा यदि वास्तव में मोदी को क्रिसमस के अवसर पर करुणा का शाश्वत संदेश झलकते दिखाई दिया तो उसी विचारधारा के लोगों द्वारा हिंसा और उद्दंडता का ऐसा साम्प्रदायिक प्रदर्शन क्यों जिससे दुनिया में देश की बदनामी हो? दरअसल यही हैं विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पहाड़ से पिच तक देवेंद्र सिंह बोरा की उड़ान



**एम. फहीम**

उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में खेल को करियर बनाना आज भी आसान नहीं है। सीमित संसाधन, दूर-दराज गांव, मैदानों की कमी और अवसरों का अभाव, इन सबके बीच अगर कोई युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराता है, तो वह सिर्फ अपनी नहीं, पूरे पहाड़ की कहानी कहता है। बागेश्वर जिले के छतिना जैसे छोटे क्षेत्र से निकलकर तेज गेंदबाज देवेंद्र सिंह बोरा की यात्रा इसी जज्बे की मिसाल है।

**जहां सड़क नहीं, वहां सपने थे**

देवेंद्र का बचपन ऐसे इलाके में बीता जहां सुविधाएं सीमित थीं। न आधुनिक क्रिकेट अकादमी, न बड़े कोचिंग सेट-अप। खेल का मतलब था, खुले मैदान, असमतल जमीन और सीमित उपकरण, लेकिन इन्हीं परिस्थितियों ने उनके भीतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास की नींव रखी। पहाड़ का जीवन सिखाता है कि रास्ते मुश्किल हों तो कदम मजबूत रखने पड़ते हैं। देवेंद्र ने भी यही किया। पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट का अभ्यास, रोजाना फिटनेस पर ध्यान और स्थानीय स्तर पर मैच खेलने का सिलसिला लगातार चलता रहा।

**घरेलू क्रिकेट से पहचान**

समय के साथ देवेंद्र ने उत्तराखंड की घरेलू क्रिकेट टीम में जगह बनाई। यहां उनकी पहचान एक ऐसे तेज गेंदबाज के रूप में बनी जो लाइन-लेंथ पर नियंत्रण रखता है और दबाव में भी संयम नहीं खोता। घरेलू क्रिकेट में निरंतर प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा, लेकिन असली पहचान अभी बाकी थी।

**एक पल, जो इतिहास बन गया**

क्रिकेट में कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो करियर की दिशा बदल देते हैं। देवेंद्र के लिए ऐसा ही क्षण तब आया जब उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा को आउट किया। यह सिर्फ एक विकेट नहीं था, यह उस भरोसे की मुहर थी कि पहाड़ से आया यह गेंदबाज बड़े मंच पर भी टिक सकता है। इस उपलब्धि ने देवेंद्र को अचानक चर्चा में ला दिया, लेकिन इसके पीछे वर्षों की मेहनत, असफलताएं और धैर्य छिपा था। उन्होंने खुद को कभी ह्एक मैच का खिलाड़ीह्न नहीं माना, बल्कि हर मौके को सीख के रूप में लिया।

**संघर्ष से संकल्प तक**

देवेंद्र की कहानी बताती है कि प्रतिभा अकेले काफी नहीं होती। अनुशासन, निरंतर अभ्यास और मानसिक मजबूती उतनी ही जरूरी है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिकायत नहीं की, बल्कि उपलब्ध हालात में खुद को बेहतर बनाया। उनकी सफलता उत्तराखंड के उन सैकड़ों युवाओं के लिए उम्मीद है, जो आज भी पहाड़ों में बैठकर बड़े सपने देखते हैं, लेकिन रास्ता साफ नहीं दिखता।

**पहाड़ की पहचान, भविष्य की प्रेरणा**

देवेंद्र सिंह बोरा सिर्फ एक तेज गेंदबाज नहीं हैं, वे इस बात का प्रमाण हैं कि अगर इरादा मजबूत हो तो भौगोलिक सीमाएं भी रुकावट नहीं बनतीं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि उत्तराखंड की मिट्टी में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत है पहचान, समर्थन और निरंतर प्रयास की। आज जब देवेंद्र राष्ट्रीय मंच पर कदम रख चुके हैं, तो यह सिर्फ उनकी जीत नहीं, बल्कि पूरे पहाड़ की आवाज है कृ ह्हम भी खेल सकते हैं, हम भी जीत सकते हैं।

**उत्तराखंड के युवाओं के नाम एक संदेश**



देवेंद्र सिंह बोरा की यात्रा उत्तराखंड के उन हजारों युवाओं के लिए एक जीवंत संदेश है, जो आज संसाधनों की कमी, अवसरों के अभाव और आत्म-संदेह से जूझ रहे हैं। उनकी कहानी बताती है कि सफलता का रास्ता केवल महानगरों या महंगी अकादमियों से होकर नहीं जाता, बल्कि निरंतर अभ्यास, धैर्य और स्वयं पर विश्वास से भी बनता है। पहाड़ों में जन्म लेना कमजोरी नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती और संघर्षशीलता की पहचान है। अगर सही दिशा, अनुशासन और निरंतर प्रयास हो, तो उत्तराखंड का युवा भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकता है। देवेंद्र की सफलता यह भरोसा जगाती है कि सपने देखना अपराध नहीं, और पहाड़ से उड़ान भरना असंभव भी नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बढ़ता धार्मिक पर्यटन और धार्मिक नगरों की चुनौती



**विनीत नारायण**

भारत में धार्मिक पर्यटन सदैव से हमारी सांस्कृतिक और आस्था परंपराओं का अभिन्न हिस्सा रहा है। किंतु पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में जिस तीव्र गति से वृद्धि हुई है, उसने धार्मिक नगरों की तस्वीर ही बदल दी है। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, वृंदावन, उज्जैन, द्वारका, तिरूपति जैसे नगर आज विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन केंद्रों में बदल चुके हैं। सरकारें भी इसे 'आस्था से अर्थव्यवस्था' के सूत्र में जोड़कर पर्यटन को प्रोत्साहन देने के प्रयास में लगी हैं। लेकिन इन प्रयासों के समानांतर कुछ ऐसे प्रश्न भी हैं, जिनसे आंखें नहीं मूंदी जा सकतीं। क्या इस विकास की गति निभाई जा रही है? क्या स्थानीय निवासियों और तीर्थ स्थलों के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखा जा सका है? क्या प्रशासन इतना सक्षम है कि वो त्योहारों और छुट्टियों के समय अतिरिक्त पर्यटकों को संभाल सके?

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद देश भर में धार्मिक पर्यटन में अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिली है। अनुमान है कि आने वाले वर्षों में यहां प्रतिवर्ष करोड़ों पर्यटक पहुंचेंगे। इसी तरह काशी विश्वनाथ कॉरिडोर ने बनारस की ऐतिहासिक गलियों को व्यवसायिक जीवन दिया है होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन और हस्तशिल्प उद्योगों को भी नई सांस मिली है। वृंदावन और मथुरा में हर त्योहार अब अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का रूप ले चुका है। आर्थिक .ष्टि से यह परिवर्तन शुभ संकेत है, रोजगार बढ़े हैं, स्थानीय व्यापार में तेजी आई है और बुनियादी ढांचे पर निवेश भी हुआ है, लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि इस तेजी ने धार्मिक नगरीय संतुलन को डगमगा दिया है। छोटे नगरों की सीमित सड़कों, आवासों और संसाधनों पर अचानक लाखों की भीड़ का दबाव प्रशासन के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया है। पर्यावरणीय दबाव, कचरा प्रबंधन और जल संकट जैसी समस्याएं अब इन नगरों के स्थाई साथी बन चुके हैं। उल्लेखनीय है कि भारत में भीड़ प्रबंधन का ढांचा अभी भी विकासशील स्तर पर है। चाहे कुंभ मेले का आयोजन हो या अयोध्या में दीपोत्सव, प्रशासनिक तैयारियां अक्सर अनुमान से कम पड़ ही जाती हैं। पश्चिमी देशों जैसे इटली, फ्रांस या स्पेन में धार्मिक पर्यटन अत्यधिक संगठित ढंग से संचा. लित होता है। वेटिकन सिटी या लूर्ड जैसे स्थानों पर पर्यटकों की संख्या भले लाखों में हो, लेकिन वहां डिजिटल टिकटिंग, समय-वार प्रवेश प्रणाली, स्पष्ट दिशानिर्देश और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों का जाल पूरी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखता है। इन्हीं से प्रेरित हो कर हमारे देश में भी कुछ स्वघोषित गुरुओं के स्थानों पर भी व्यवस्था काफी हद तक सुचारू दिखाई देती है।

वहीं इसके विपरीत भारत के धार्मिक नगरों में तीर्थयात्रियों का आगमन प्राय: अनियोजित होता है। ट्रेन, बस, सड़कों पर भीड़ एक साथ उमड़ती है जिससे जाम, दुर्घटनाएं और अव्यवस्था आम हो जाती है। सुरक्षा बलों और प्रशासनिक कर्मचारियों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है, और अक्सर स्थानीय निवासियों का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। धार्मिक पर्यटन का यह उभार स्थानीय नागरिकों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। अयोध्या या वाराणसी की



गलियों में रहने वाले निवासियों को अब अपने ही घरों तक पहुंचने में कठिनाई होती है। सड़कों पर निरंतर भीड़, बढ़ते वाहन और लगातार चल रहे निर्माण कार्यों ने जीवन-स्तर को प्रभावित किया है। किराए आसमान छू गए हैं, स्थानीय दुकानों की जगह बड़े ब्रांडों ने ले ली है और धार्मिक शांति की जगह अब व्यावसायिक कोलाहल ने ले ली है।धार्मिक नगरों का जो आत्मिक वातावरण कभी लोगों को भीतर तक आस्था से जोड़ता था, वह अब सजावटी प्रकाशों और सेल्फी प्वाइंट्स में खोता जा रहा है। श्रद्धा के स्थलों का 'पर्यटन स्थल' में बदल जाना विकास के नाम पर एक सांस्कृतिक ह्रास भी है।

अयोध्या, वाराणसी या वृंदावन जैसे नगरों की आत्मा उनकी प्राचीनता, उनकी पवित्रता और उनके पारंपरिक जीवन में बसती है, लेकिन आज यह नगर तेजी से 'आधुनिक तीर्थ' में तब्दील किए जा रहे हैं। चौड़ी सड़कों, चमकीले कॉरिडोर, आधुनिक गेस्टहाउस और मॉल जैसी परियोजनाएं विकास के प्रतीक मानी जा रही हैं। नि:संदेह इनसे सुविधा बढ़ी है, लेकिन इसके साथ-साथ धार्मिक अनुभव का मूल स्वरूप भी धीरे-धीरे बदल गया है। वह आध्यात्मिक संवेदना, वह साधु-संतों के भजनों की सुगंध और घाटों पर बहती शांति, यह सब अब पर्यटक आकर्षण के दृश्य में सिमट गए हैं। भवनों के रंग, पारंपरिक स्थापत्य और स्थानीय शिल्प को आधुनिक डिजाइन ने विस्थापित कर दिया है। यह भीड़ केंद्रित विकास कहीं न कहीं नगरों की 'आस्था आधारित पहचान' को बाजारीकरण में बदल रहा है। धार्मिक पर्यटन का बढ़ना अपने आप में बुरा नहीं है। यह सांस्कृतिक एकता, लोक व्यवसाय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए वरदान है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब तीर्थस्थलों का विकास केवल संरचनात्मक दृष्टि से किया जाए और उसमें सांस्कृतिक संरक्षण की भावना गायब हो। भारत को पश्चिमी देशों से यह सीखने की जरूरत है कि आध्यात्मिक धरोहर को आधुनिक सुविधाओं के साथ कैसे जोड़ा जा सकता है। इसके लिए तीन स्तरों पर ठोस पहल जरूरी है।

पर्यटन की पूर्वानुमानित योजना बनाई जाए। डिजिटल टिकटिंग, भीड़ नियंत्रण एप्स और समयबद्ध दर्शनों की व्यवस्था लागू की जाए। स्थानीय सहभागिता नगर के विकास में स्थानीय निवासियों की राय और सहभागिता सुनिश्चित हो, ताकि विकास उनके जीवन को प्रभावित न करे।

निर्माण कार्यों में पारंपरिक स्थापत्य, स्थानीय कला और जीवन शैली को प्राथमिकता दी जाए, ताकि नगर की आत्मा जीवित रहे। भारतीय धार्मिक पर्यटन आज देश की अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक पहचान का नया प्रतीक बन गया है। अयोध्या, काशी, मथुरा, वृंदावन जैसे नगर आस्था की ऊर्जा से भरे हुए हैं, लेकिन उसी आस्था के संरक्षण की जिम्मेदारी भी उतनी ही व्यापक है। यदि हम केवल पर्यटक बढ़ाने पर ध्यान देंगे और तीर्थ के मूल भाव को नजरअंदाज करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां इन नगरों में केवल चमक देख पाएंगी, वह अनुभूति नहीं, जिसके लिए हमारे पूर्वज तीर्थ यात्रा करते थे।विकास का अर्थ केवल इमारतों का निर्माण नहीं, बल्कि उस भावना को सहेजना है जो हमें भीतर से जोड़ती है। अगर आधुनिकता और आध्यात्मिकता के बीच यह संतुलन साध लिया गया, तभी धार्मिक पर्यटन भारत की सांस्कृतिक आत्मा को मजबूत करेगा, न कि उसकी मूल पहचान को मिटाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल के खिलाफ एकजुट हुए 21 मुस्लिम देश

## सोमालीलैंड को मान्यता देने का किया विरोध, कहाः पूरी दुनिया की शांति और सुरक्षा को बनेगा खतरा

**जेरुसलम।** इजरायल के सोमालीलैंड को एक स्वतंत्र देश के रूप में आधिकारिक रूप से मान्यता देने के फैसले के बाद से मुस्लिम देशों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। दुनियाभर के 21 देशों ने इस फैसले के खिलाफ साझा बयान जारी कर विरोध जताया है। सोमालीलैंड अफ्रीका के हार्न क्षेत्र में स्थित है।

इस देश ने 1991 में सोमालिया से आजादी की घोषणा की थी और तब से अंतर्राष्ट्रीय मान्यता की कोशिश कर रहा था। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमालीलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही के साथ संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए। सोमालीलैंड के राष्ट्रपति ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि यह फैसला मध्य पूर्व और अफ्रीका में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देगा। इजरायल के खिलाफ जार्डन, मिस्र, अल्जीरिया, कोमोरा.स, जिबूती, गाम्बिया, ईरान, इराक, कुवैत, लीबिया, मालदीव, नाइजीरिया, ओमान, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, कतर, सऊदी अरब, सोमालिया, सूडान, तुर्की, यमन ने विरोध जताया है। इसके साथ ही आर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोआपरेशन ने भी बयान जारी कर आपत्ति दर्ज करवाई है। बयान में पांच प्वाइंट में बातें कही गई हैं। सोमालिया रिपब्लिकन के सोमालीलैंड क्षेत्र को इजरायल के मान्यता देने को हम खारिज करते हैं। ऐसा कदम हार्न आफ अफ्रीका और लाल सागर के साथ पूरी दुनिया की शांति और सुरक्षा पर असर डालेगा। इजरायल ने अंतर्राष्ट्रीय कानून की अवहेलना की है। ऐसी मान्यता की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का गंभीर उल्लंघन है। जिसमें राज्यों की संप्रभुता और उनकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा की जरूरी बताई गई है। यह इजरायल की विस्तारवादी सोच है। सोमालिया रिपब्लिकन की संप्रभुता का पूरा समर्थन हम करते हैं। सोमालिया की एकता उसकी क्षेत्रीय अखंडता या संप्रभुता को कमजोर करने वाले किसी भी कदम का हम खंडन करते हैं। किसी देश के हिस्से को अलग मान्यता देना अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। साथ ही यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और यूएन चार्टर के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन है। इजरायल के इस तरह के कदम और फलस्तीनी लोगों को उनकी जमीन से जबरन निकालने की किसी कोशिश को भी हम नकारते हैं। सोमालिया के मोगादिशु से लगभग 18 किलोमीटर दूर लाफोफे क्षेत्र में अल-शबाब के सैकड़ों लड़ाके सैन्य अभ्यास करते हुए। कई अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भी इजरायल के कदम का कड़ा विरोध किया है। अरब लीग, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी), अफ्रीकी संघ (एयू) और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने इजरायल के कदम को सोमालिया की संप्रभुता पर हमला बताया और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष महमूद अली यूसुफ ने कहा कि सोमालीलैंड सोमा.लिया का अभिन्न हिस्सा है और इस तरह की मान्यता शांति और स्थिरता के लिए खतरनाक हो सकती है। अरब लीग के महासचिव अहमद अबूल गीत ने इसे राज्यों की एकता के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन बताया जबकि जीसीसी ने इसे क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर करने वाला खतरनाक कदम कहा। ओआईसी ने कई मुस्लिम देशों के विदेश मंत्रियों के साथ संयुक्त बयान जारी कर इजरायल की निंदा की और सोमालिया की संप्रभुता का पूरा समर्थन जताया।

**■ आर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोआपरेशन ने भी बयान जारी कर मुद्दे पर अपनी आपत्ति दर्ज करवाई है**



पटना। घने कोहरे के कारण ट्रेनों में देरी और रद्द होने की आशंका के बीच यात्री ट्रेनों में चढ़ने के लिए रेलवे स्टेशन पर उमड़े।

## ब्रिक्स, एससीओ वैश्विक दक्षिण की भागीदारी को सक्षम बनाते हैं: रूसी विद्वान

**मास्को।** एक रूसी विद्वान ने रविवार कहा कि ब्रिक्स एवं शंघाई सहयोग संगठन वैश्विक दक्षिण के देशों को वैश्विक शासन में सीमांत खिलाड़ी के बजाय समान भागीदार के रूप में सक्षम बनाते हैं। लोमोनोसोव मास्को स्टेट यूनिवर्सिटी के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर आंद्रेई मनोइलो ने शिन्हुआ से एक साक्षात्कार में कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ब्रिक्स और एससीओ के साथ जुड़ने वाले देशों की बढ़ती संख्या वैश्विक दक्षिण में उनकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। प्रो. मनोइलो ने कहा कि आर्थिक विकास एवं राजनीतिक सुरक्षा को बढ़ावा देने में ब्रिक्स अब दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति बन चुका है।

### संक्षिप्त समाचार

#### यूरोप में शराब पीने से हर साल आठ लाख मौतें: डब्लूएचओ

**जेनेवा।** यूरोप में शराब पीने से हर वर्ष करीब आठ लाख लोगों की मौत हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, हर ग्यारहवें व्यक्ति की मौत का कारण शराब का अधिक सेवन है। इस सप्ताह जारी नई रिपोर्ट के मुताबिक, विश्वभर में शराब की सबसे अधिक खपत यूरोप में होती है और शराब पीने से समय से पहले मौत और चोट का खतरा बढ़ जाता है। 2019 के आंकड़ों के आधार पर ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि यहां चोट से होने वाली लगभग 1.45 लाख मौतें शराब की वजह से हुईं। इसमें सबसे ज्यादा मौतें खुद को नुकसान पहुंचाने, सड़क दुर्घटनाओं और गिरने से होने वाली चोटों की वजह से हुईं।

#### ट्रम्प से पहले जेलेंस्की ने कनाडा के पीएम से मुलाकात की

**ओटावा।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की यूक्रेन संकट को खत्म करने के मकसद से अमेरिका की यात्रा पर जाने से पहले कनाडा में रुक कर प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मिले हैं। उन्होंने अमेरिका के फ्लोरिडा शहर जाने के क्रम में कनाडा के हैलिफैक्स शहर में रुक कर यह मुलाकात की। प्रधानमंत्री की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, कार्नी और जेलेंस्की ने चल रही शांति वार्ता में ताजा घटनाक्रम पर द्विपक्षीय बैठक की।

#### चाय के पैकेटों में लाया जा रहा 78 करोड़ का नशीला पदार्थ बरामद

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा एजेंसियों ने सिडनी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक महिला के पास से 15 किलोग्राम नशीला पदार्थ (मेथामफेटामाइन) बरामद किया जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 1.3 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से अधिक आंकी गई है। ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा बल के अधिकारियों ने बताया कि महिला के सामान की जांच के दौरान 18 वैक्यूम-सील बैग मिले, जिन पर 'चाय' लिखा हुआ था।

# ऑपरेशन सिंदूर के समय बंकरों में छिपी थी पाक सेना

## पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का कबूलनामा, फिर हुई पाकिस्तान की किरकिरी



■ गंभीर आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई और कर्ज में डूबे पाकिस्तान के पास न तो मजबूत अर्थव्यवस्था है और न ही लंबी सैन्य तैयारी की क्षमता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को हमेशा से ही अपनी बुजदिल हरकतों के चलते वैश्विक मंच पर शर्मसार होना पड़ता है। ऐसे में एक बार फिर ऐसी स्थिति तब आई जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी ताकत का झूठा बखान करने वाला पड़ोसी पाकिस्तान की सेना और उसके हालात को लेकर नया और चौंकाने वाला खुलासा हुआ।

ये खुलासा किसी और ने नहीं खुद पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने किया है। पाकिस्तानी राष्ट्रपति जरदारी ने बताया कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना बंकर में छिपी हुई थी। एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान जरदारी ने यह स्वीकार किया कि तनाव के हालात में पाकिस्तान की सेना बंकरों में छिपी हुई थी और उन्हें खुद भी बंकर में रहने की सलाह दी गई थी।

बता दें कि राष्ट्रपति जरदारी का यह बयान पाकिस्तान की कमजोर स्थिति को उजागर करता है। गंभीर आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई और कर्ज में डूबे पाकिस्तान के पास न तो मजबूत अर्थव्यवस्था है और न ही लंबी सैन्य तैयारी की क्षमता। ऐसे में पाकिस्तानी सेना के बंकरों में छिपने की बात यह दिखाती है कि पाकिस्तान अंदर से असुरक्षित और दबाव में है। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने 6-7 मई की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। इस दौरान 9 ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय और ट्रेनिंग सेंटर शामिल थे। इन जगहों से भारत के खिलाफ आतंकी हमलों की साजिश रची जाती थी। गौरतलब है कि 22 अप्रैल का वो काला दिन, जिसे भारतवासी आज भी नहीं भुला पा रहे। जगह था जम्मू-कश्मीर का पहलगाम। जहां एक साथ कई आतंकियों ने वहां उपस्थित सभी पर्यटकों पर अंधाधुंध गोली चलानी शुरू कर दी। इस आतंकी हमले में कुल 26 लोगों की जान गई। इस घटना को बीते अब तीन महीने से ज्यादा का समय हो चुका है। लेकिन लोगों में नाराजगी और अपनों के खोने का गम अभी भी है। हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने उसी दिन ली और एक फोटो भी शेयर किया।

## भारत ने नूर खान एयरबेस पर किया था बड़ा हमला: इशाक डार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक बार फिर अपनी किरकिरी करा ली है। दरअसल अब पाकिस्तान की सरकार ने स्वीकार किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमले में उनके नूर खान एयर बेस को भारी नुकसान हुआ था।

ये बात किसी और ने नहीं बल्कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने स्वीकार की है। एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान इशाक डार ने स्वीकार किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के सटीक हमलों में उनके नूर खान एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा और यहां तैनात जवान भी घायल हुए। पाकिस्तान ने दावा किया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उन्हें खास नुकसान नहीं हुआ, लेकिन अब उनकी सरकार के ही वरिष्ठ मंत्री ने उनके दावे की पोल खोल दी है। इशाक डार ने कहा कि भारत ने 36 घंटों के भीतर पाकिस्तानी क्षेत्र में कई ड्रोन हमले किए और एक ड्रोन ने उनके सैन्य प्रतिष्ठान को नुकसान पहुंचाया, जो ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय हमलों की सटीकता को उजागर करता है। इशाक डार ने कहा, 'भारत ने पाकिस्तान की ओर ड्रोन भेजे। 36 घंटे के भीतर कम से कम 80 ड्रोन भेजे गए। हम 80 में से 79 रोकने में सफल हुए और केवल एक ड्रोन ने सैन्य प्रतिष्ठान को नुकसान पहुंचाया और इस हमले में हमारे कर्मी भी घायल हुए। अप्रैल में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में भारत के 26 निर्दोष नागरिक मारे गए। इस हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। जिसके जवाब में पाकिस्तान ने भी भारत पर हमले की नाकाम कोशिश की। जिससे दोनों देशों में हिंसक संघर्ष शुरू हो गया। भारत ने सटीक हमले करते हुए चकलाल स्थित पाकिस्तानी वायुसेना बेस नूर खान को निशाना बनाया। भारत के हमलों से पस्त पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ के समक्ष संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा। मैक्सर टेक्नोलाजीज द्वारा 13 मई को ली गई सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला कि पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस को नुकसान पहुंचा।

## जर्मनी में रोजगार संकट, नौकरी मिलने की संभावना रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** जर्मनी में नौकरी मिलने की संभावना रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है और सामान्यत: लगभग सात अंकों पर रहने वाला नौकरी प्लेसमेंट इंडिकेटर गिरकर 5.7 पर पहुंच गया है जो 'अब तक का सबसे निचला स्तर' है। संघीय रोजगार एजेंसी की प्रमुख एंड्रिया नाहलेस ने डीडब्ल्यू न्यूज से बातचीत करते हुए कहा श्रम बाजार को 'महीनों से एक पटरे की तरह' बताया, जिसमें कोई गति नहीं आ रही है। सुना.हलेस ने कहा कि नए रोजगार आकांक्षी लोगों के लिए संभावनाएं विशेष रूप से कमजोर हैं, और यहां तक कि अच्छी योग्यता वाले कर्मचारियों की भी नौकरी पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमने पिछले 25 वर्षों में किसी भी समय की तुलना में कम युवाओं को अप्रेंटिसशिप दी है। उनकी टिप्पणियां आर्थिक मंदी के बीच आई हैं, जो बर्लिन के सस्ती रूसी ऊर्जा आयात रोकने के फैसले के बाद आई, जो जर्मन उद्योग के लिए महत्वपूर्ण थी। रूसी पाइपलाइन डिलीवरी बड़े पैमाने पर रुकने और नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइनों के तोड़फोड़ के बाद यूरोपीय गैस कीमतें बढ़ गईं। साल की पहली तीन तिमाहियों में व्यावसायिक दिवालियापन 11 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिससे नौकरियों में भारी कमी आई।

## अमेरिका, इजरायल और यूरोप के साथ युद्ध लड़ रहा ईरान: मसूद पेजेशकियन

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन का कहना है कि उनका देश अमेरिका, इजरायल और यूरोप के साथ एक साथ जंग लड़ रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामनेई की आधिकारिक वेबसाइट पर साझा किए गए साक्षात्कार में राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ चलाए जा रहे दबाव अभियान को ईरान-इराक युद्ध की तुलना में अधिक जटिल और हानिकारक बताया।

पेजेशकियन ने शनिवार को प्रकाशित इस साक्षात्कार में कहा कि मेरी दृष्टि में हम अमेरिका, इजराइल और यूरोप के साथ युद्ध में हैं। वे नहीं चाहते कि हमारा देश अपने पैरों पर खड़ा हो। वर्तमान युद्ध 1980 के दशक के इराक युद्ध से भी बदतर है। यदि कोई इसे ठीक से समझता है, तो यह युद्ध उस युद्ध की तुलना में कहीं अधिक जटिल और कठिन है। राष्ट्रपति ने कहा कि इराक के साथ युद्ध में स्थिति स्पष्ट थी। वे मिसा.इलें दागते थे और यह स्पष्ट था कि हम कहां पलटवार करेंगे। लेकिन, यहां वे अब हर तरह से हमारी घेरा.बंदी कर रहे हैं, हमें दबाव में डाल रहे हैं और आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा सुरक्षा के लिहाज से समस्याएं पैदा कर रहे हैं। पेज.शकियन ने यह टिप्पणी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका की यात्रा की पूर्व संध्या पर की है। खबरों के अनुसार नेतन्याहू राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के खिलाफ भविष्य में संभावित हमलों के विकल्पों के बारे में जानकारी देने की योजना बना रहे हैं।

**■ दबाव अभियान को ईरानी राष्ट्रपति ने ईरान-इराक युद्ध की तुलना में अधिक जटिल और हानिकारक बताया**

## ब्रिटेन में भारतीय युवक नस्लीय भेदभाव केस जीता

### केएफसी फ्रेंचाइजी को देना होगा करीब 70 लाख रुपया

**लंदन।** ब्रिटेन में काम कर रहे एक भारतीय युवक ने नस्लीय भेदभाव और गलत तरीके से नौकरी से निकाले जाने के मामले में बड़ी कानूनी जीत हासिल की है। लंदन के एक केएफसी फ्रेंचाइजी आउटलेट के खिलाफ दायर मामले में रोजगार न्यायाधिकरण (ट्रिब्यूनल) ने भारतीय कर्मचारी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कंपनी को करीब 66800 पाउंड (लगभग 70 लाख रुपये) मुआवजा देने का आदेश दिया है।

तमिलनाडु के रहने वाले माधेश रविचंद्रन ने आरोप लगाया था कि दक्षिण-पूर्वी लंदन स्थित केएफसी आउटलेट में काम के दौरान उनके मैनेजर ने उनके साथ नस्लीय भेदभाव किया और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उनका कहना था कि उनके श्रीलंकाई तमिल मैनेजर ने उन्हें गुलाम कहा और यह भी कहा कि भारतीय धोखेबाज होते हैं। रोजगार न्यायाधिकरण के जज पाल एबाट ने अपने फैसले में कहा कि रविचंद्रन के साथ सीधे तौर पर नस्लीय भेदभाव हुआ। फैसले में कहा गया कि छुट्टी की उनकी मांग केवल इसलिए ठुकरा दी गई क्योंकि वे भारतीय थे, श्रीलंकाई तमिल कर्मचारियों को प्राथमिकता दी गई, उन्हें गुलाम और गाली जैसे शब्दों से अपमा.नित किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि यह व्यवहार साफ तौर पर नस्ल के आधार पर कमतर और अपमानजनक था। रविचंद्रन ने जनवरी 2023 में केएफसी के वेस्ट विकहम आउटलेट में नौकरी शुरू की थी। कुछ महीनों बाद हालात बिगड़ने लगे। जुलाई 2023 में मैनेजर ने उनसे जरूरत से ज्यादा घंटे काम करने का दबाव डाला।

इसी से परेशान होकर उन्होंने नौकरी छोड़ने का नोटिस दे दिया। इसके बाद भी मैनेजर ने उन्हें फोन पर धमकाया और नस्लीय गालियां दीं। ट्रिब्यूनल ने माना कि इस व्यवहार ने रविचंद्रन की गरिमा को ठेस पहुंचाई। ट्रिब्यूनल ने रविचंद्रन को करीब 62690 पाउंड मुआवजा और छुट्टी के बकाया और अन्य भुगतान जोड़कर कुल लगभग 66800 पाउंड (करीब 70 लाख) देने का आदेश दिया।



■ जुलाई 2023 में मैनेजर ने उनसे जरूरत से ज्यादा घंटे काम करने का दबाव डाला






# भारत भागे उस्मान हादी की हत्या के दो संदिग्ध

## दोनों आरोपी स्थापीय लोगों की मदद से भारत के मेघालय राज्य में दाखिल हुए: बांग्लादेश पुलिस

**ढाका।** बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां बांग्लादेश पुलिस ने एक बड़ा दावा करते हुए बताया है कि दो आरोपी फैसल करीम मसूद और आलमगीर शेख सीमा पार कर भारत में घुस गए हैं।

मामले में ढाका मेट्रोपालिटन पुलिस (डीएमपी) के अतिरिक्त आयुक्त एसएन नजरुल इस्लाम ने बताया कि दोनों आरोपी स्थानीय लोगों की मदद से भारत के मेघालय राज्य में दाखिल हुए। उन्होंने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार दोनों आरोपी हलुआघाट सीमा के रास्ते भारत पहुंचे। बांग्लादेशी दैनिक समाचार पत्र द डेली स्टार ने ढाका पुलिस के हवाले से बताया कि सीमा पार करने के बाद उन्हें सबसे पहले एक व्यक्ति ने रिसीव किया, जिसका नाम पुर्ति बताया गया है। इसके बाद एक टैक्सी ड्राइवर सामी ने दोनों को मेघालय के तुरा शहर तक पहुंचाया। नजरुल इस्लाम ने कहा कि पुलिस को अनौपचारिक जानकारी मिली है कि भारत में दोनों आरोपियों की मदद करने वाले पुर्ति और टैक्सी ड्राइवर सामी को भारतीय अधिक.ारियों ने हिरासत में ले लिया है। डीएमपी के अतिरिक्त आयुक्त एसएन नजरुल इस्लाम ने आगे बताया कि बांग्लादेश सरकार आरोपियों को वापस लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए भारत के अधिकारियों से औपचारिक और अनौपचारिक दोनों स्तरों पर संपर्क में रहा जा रहा है, ताकि आरोपियों की गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण सुनिश्चित किया जा सके। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से बांग्लादेश में हिंसा बदस्तूर जारी है। ढाका से लेकर चटगांव तक भीड़ के प्रदर्शन और उससे जुड़ी हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। 12 दिसम्बर को इंकलाब मंच के छात्र नेता उस्मान हादी को गोली मार दी गई थी। इसके बाद 18 दिसम्बर को हादी का सिंगापुर में निधन हो गया और तब से लेकर अब तक बांग्लादेश में लगातार माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। इसके ठीक बाद चटगांव में एक हिंदू शख्स की लिंचिंग की घटना ने पूरी दुनिया को चौंका दिया। ऐसे में बीते दिनों बांग्लादेश के नए राजनीतिक दल नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के एक नेता पर भी हमला हुआ।



■ 12 दिसम्बर को इंकलाब मंच के छात्र नेता उस्मान हादी को गोली मार दी गई थी

## म्यांमार में सैन्य शासन के बाद पहली बार मतदान

**यंगून।** म्यांमार में सैन्य शासन लागू होने के बाद पहली बार आम चुनाव कराए जा रहे हैं। सैन्य सरकार की देखरेख में रविवार को आम चुनाव के पहले चरण के तहत मतदान हुआ। दो अन्य चरणों का मतदान जनवरी के अंत तक पूरा होगा, जबकि अंतिम नतीजों की घोषणा फरवरी तक किए जाने की संभावना है।

चुनाव विश्लेषकों के मुताबिक, सेना समर्थित यूनियन सालिडैरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी (यूएडीपी) की जीत की संभावना जताई जा रही है। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि 2021 में सेना के सत्ता में आने के बाद से देश का शासन संभाल रहे जनरल मिन आंग लाइंग राष्ट्रपति पद संभाल सकते हैं। सैन्य सरकार इन चुनावों को देश में चुनावी लोकतंत्र की वापसी के रूप में पेश कर रही है। हालांकि, आला.चकों का कहना है कि यह प्रक्रिया सैन्य शासन को वैध दिखाने का प्रयास मात्र है। संयुक्त राष्ट्र, मानवाधिकार संगठनों और कई देशों ने प्रमुख विपक्षी दलों की गैर-मौजूदगी में हो रहे इस चुनाव को अनुि.चत करार दिया है। गौरतलब है कि फरवरी 2021 में म्यांमार की सेना ने आंग सान सू ची के नेतृत्व वाली चुनी हुई सरकार को सत्ता से हटाकर सैन्य शासन लागू कर दिया था। देश के सबसे बड़े शहर यांगून, राजधानी नेपीता और अन्य इलाकों में मतदाताओं ने स्कूलों, सरकारी भवनों और धार्मिक स्थलों में मतदान किया। कुल 330 टाउनशिप में से 102 में पहले चरण का मतदान कराया गया।

**■ सेना समर्थित पार्टी के जीत के आसार, फरवरी में आएंगे नतीजे**